
किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# दैनिक समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 1 अंक: 327 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) गुरुवार 14 सितम्बर 2023 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया

## अनंतनाग में आतंकियों से मुठभेड़ में सेना के कर्नल, मेजर और J&K पुलिस के DSP शहीद,

### वीरता के लिए मिला था मेडल

**समाज जागरण**

जम्मू. जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के कोकेरनाग क्षेत्र में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में गंभीर रूप से घायल सेना के एक कर्नल, मेजर और जम्मू कश्मीर पुलिस के उपाधीक्षक शहीद हो गए हैं. अधिकारियों ने बुधवार शाम यह जानकारी दी.

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, आतंकियों की मौजूदगी की पुख्ता जानकारी मिलने के बाद सेना ने ऑपरेशन लॉन्च किया था. इस अभियान की निगरानी के लिए कमांडिंग ऑफि सर कर्नल मनप्रीत सिंह खुद मौके पर पहुंचे थे, लेकिन जैसे ही वह अपनी गाड़ी से उतरे तो आतंकियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी और पहली ही बर्स्ट फायरिंग में उनको गोली लग गई. घटनास्थल पर घना जंगल होने के चलते उन्हें तत्काल वहां से निकाला नहीं जा सका. बताया जा रहा है कि ज्यादा खून बहने के कारण उनकी मौत हो गई.



#### दो शहीद सैन्य अफसरों को वीरता के मिला था मेडल

सेना की तरफ से बताया गया कि कर्नल मनप्रीत सिंह वर्ष 2019 से 2021 तक सेंकंड इन कमांड (2IC) के तौर पर तैनात थे. उसके बाद वो बतौर कमांडिंग अफसर 19 RR की बागडोर संभाल रहे थे. वो एक डेकोरेटेड सैन्य अधिकारी थे, जिसे सेना मेडल से नवाजा गया था. इसके अलावा मेजर भी डेकोरेटेड अफसर थे, जिन्हें इस 15 अगस्त को सेना मेडल दिए जाने की घोषणा की गई है और अगले अंलकरण समारोह में उन्हें सेना मेडल से नवाजा जाना था.

केंद्रीय परिवहन राज्यमंत्री और पूर्व थल सेना प्रमुख जनरल (रिटायर्ड) वीके सिंह ने ट्वीट कर कर्नल मनप्रीत सिंह को श्रद्धांजलि दी है. उन्होंने पोस्ट में लिखा, '19 RR 12 SIKHLI भारतीय के सेना मेडल से सम्मानित कर्नल मनप्रीत सिंह कश्मीर के अनंतनाग में आतंकवादियों से लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हो गए. इस दुखद खबर से देश स्तब्ध है. शहीद कर्नल मनप्रीत सिंह की शहादत को नमन करते हुए ईश्वर से उनके परिजनो को इस कठिन समय में सम्बल प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं.'

प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े रेजिस्टेंस फ्रंट ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है. सूत्रों के मुताबिक, ये वही आतंकी गुट है, जिसने रमजान महीने के दौरान राजौरी में सेना के ट्रक पर हमला किया था, जिसमें 5 सैनिकों की जान चली गई थी.

## सीएम योगी ने विधि विधान से की बाबा महाकाल की पूजा

### सीएम योगी ने श्रीनाथ मंदिर में 40 फीट ऊंचे ध्वज स्तंभ का लोकार्पण किया

**समाज जागरण**

उज्जैन/ इंदौर/ लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर पहुंचे, जहां उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। अपने एक दिवसीय दौरे की शुरूआत सीएम योगी ने बाबा महाकाल के दर्शन से की। वह इंदौर एयरपोर्ट से हेलिकॉप्टर के जरिये महाकाल लोक पहुंचे और सोशल मीडिया पर लिखा- "जय महाकाल"। उन्होंने श्री महाकालेश्वर मंदिर में बाबा महाकाल की पूजा अर्चना की और उत्तर प्रदेश-ावासियों के उत्तम स्वास्थ्य एवं समृद्धि की कामना की।

सीएम योगी ने गाय के दूध, घी, दही, शहद, शक्कर, फल के रस से महाकाल का अभिषेक किया। रुद्राक्ष की माला, बिल्व पत्र, मखाने की माला, केसर, चंदन, इत्र अर्पित कर पंचामृत पूजन किया। महाकालेश्वर की पूजा-अर्चना के दौरान उनके साथ वाल्मीकि धाम के उमेश



नाथ महाराज, उच्च शिक्षा मंत्री मोहन यादव, विधायक पारस जैन भी मौजूद रहे। पुजारी रूपम गुरु, नवनीत गुरु ने पूजा कराई।

इसके बाद सीएम योगी भर्तृहरि गुफा गए, जहां पर परंपरा अनुसार सीएम योगी का 101 बटुकों के मंत्रोच्चार के बीच रुद्राक्ष एवं मोतियों की मालाओं से स्वागत किया गया। साथ ही उन्हें पीतल का त्रिशूल भेंट किया गया। उन्होंने वहां गुरू गोरखनाथ, राजा भर्तृहरि और गोपीचंद महाराज की तपस्या स्थली के दर्शन किए। इसके अलावा भर्तृहरि गुफा गोशाला में मौजूद गौ माता को गुड़ चना खिलाकर उन्होंने उनकी सेवा भी की।

बता दें राजा भृतहरि का गोरखनाथ से गहरा संबंध है। श्री गुरु गोरखनाथ के कारण ही राजा भृतहरि ने अपना राजपाट छोड़कर सन्यास ले लिया था और योगी बनकर अपना जीवन व्यापन किया था। इसी के साथ योगी आदित्यनाथ इस गुफा के प्रबंधक भी हैं। इसके बाद सीएम योगी इंदौर पहुंचे, जहां उन्होंने श्रीनाथ मंदिर में 40 फीट ऊंचे ध्वज स्तंभ का लोकार्पण किया।

## अयोध्या की प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी में अब दर्शन-परिक्रमा और होगी आसान

### निकास द्वार और चौड़ा होगा वहीं बुजुर्गों के लिए लगेगी लिफ्ट

**समाज जागरण**

अयोध्या। अयोध्या के हनुमानगढ़ी मंदिर में अब दर्शन और परिक्रमा आसान हो जाएगा।राम मंदिर निर्माण के साथ श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए अखिल भारतीय श्रीपंच निवार्णी अनी अखाड़ा ने इस योजना पर मुहर लगा दी है। बुजुर्ग भक्त भी हनुमानगढ़ी में दर्शन की साध पूरी कर सकें,इसके लिए लिफ्ट भी लगाई जाएगी।

हनुमानगढ़ी के गद्दीनशीन महंत प्रेमदास के अनुसार अयोध्या में बढ़ते श्रद्धालुओं की संख्या को लेकर सिद्ध पीठ हनुमान गढ़ी मंदिर में भक्तों के लिए सुविधा बढ़ाई जाएगी। इसके हनुमान गढ़ी मंदिर के प्रवेश मार्ग पर बने सीढ़ियों से लेकर आंगन, परिक्रमा मार्ग और निकास द्वार को और चौड़ा किया जाएगा। हनुमानगढ़ी के निकास द्वार के समीप बने कूप के पास लिफ्ट लगेगी। निकास मार्ग को चौड़ी करने कर इसे रामजन्मभूमि पथ से जोड़ दिया जाएगा।



## कॉमर्स कॉलेज साहुगढ़ मधेपुरा में बदलते परिवेश में हिन्दी का महत्त्व पर परिचर्चा आज

**मधेपुरा। समाज जागरण**

सभा भवन, भू.ना. मंडल वाणिज्य महाविद्यालय, साहुगढ़ मधेपुरा में हिन्दी विभाग द्वारा बदलते परिवेश में हिन्दी का महत्त्व पर संगोष्ठी की तैयारी पूरी कर ली गई है। 14 को यह कार्यक्रम है प्रधानाचार्य डा. अरविंद कुमार ने बताया कि बदलते परिवेश में लोग अब हिंदी भाषा को ज्यादा महत्व देते हैं। खासकर युवा पीढ़ी को लेकर ज्यादा जागरूक हो रही है सोशल मीडिया से लेकर अन्य नेटवर्किंग संस्थानों में हिंदी को अब ज्यादा महत्वता दी जा रही है। बैंकों में ज्यादातर कार्य अब हिंदी में होता है। हिंदी हमारी मातृ भाषा होने के नाते इसे सम्मान दिया जाता है। कार्यक्रम को मूर्त रूप देने में विभागाध्यक्ष श्रीमती मीरा कुमारी हिन्दी विभाग सहायक प्राध्यापक कार्यक्रम संयोजक डॉ. शेफालिका शेखर हिन्दी विभाग सहायक प्राध्यापक लगी हुई है।
11:30 बजे पूर्वाह्न से कार्यक्रम की शुरूआत की जाएगी।

## पाकिस्तान ने कहां रखे हैं अपने परमाणु हथियार? मैप और सैटेलाइट इमेज ने खोले राज

इस्लामाबाद. पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री जुलफि कार अली भुट्टो ने 1965 में एक दृढ़ घोषणा की थी कि "यदि भारत बम बनाता है, तो हम घास या पत्ते खाएंगे, यहां तक कि भूखे भी रहेंगे, लेकिन हमें अपना एक बम मिलेगा." हालांकि, इसमें वक्त लग गया. तीन दशकों से अधिक का समय और दुनिया के सबसे गरीब देशों में से एक पाकिस्तान के लिए चोरी और जासूसी का एक गुप्त नेटवर्क आखिरकार उस बम को फोड़ने में कामयाब रहा.

भू-राजनीतिक विशेषज्ञों के अनुसार, समकालीन वैश्विक राजनीतिक व्यवस्था में, पाकिस्तान एक वास्तविक परमाणु राष्ट्र है, जिसने 'भीख मांगो, उधार लो, या चोरी करो' के दर्शन के बाद परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) ढांचे के बाहर अपना परमाणु कार्यक्रम बनाया है. परमाणु हथियारों के प्रसार पर एक प्रमुख विशेषज्ञ गैरी मिलहोलिन ने कहा कि चीन की मदद के बिना पाकिस्तान के बम का अस्तित्व नहीं होता.

## फूल पौधों से दुश्मनी.... कचरे से प्यार ... वाह रे शहडोल रेलवे ये कैसा व्यवहार

**समाज जागरण**

शहडोल ।वैसे तो हरे भरे पौधे, फूल व हरियाली वातावरण और शुद्ध हवा के लिये हर व्यक्ति की जरुरत हैं लेकिन शहडोल जिले में तैनात रेल्वे के अधिकारियों को यह नापसंद हैं। हम ऐसा इसलिये कह रहे हैं कि क्योंकि शहडोल जिला मुख्यालय में तैनात रेल्वे के जिम्मेदार अधिकारियों का कुछ व्यापारियों से कुछ ऐसा गठजोड़ सामनें आया हैं जो समूचे शहडोल में तैनात रेल्वे प्रबंधन के कार्यशैली पर सवालिया निशान लगा रहा है।

यह आपको भी पता होगा कि रेल्वे एक ऐसा विभाग है जहां कि किसी भी संपत्ति का नुकसान पहुंचाना आपको बड़ी मुसीबत में डाल सकता है। रेल्वे की संपत्ति को नुकसान पहुंचानें वाले को सजा से लेकर जुमार्नें तक के कठोर प्रावधान हैं। लेकिन शहडोल जिला मुख्यालय में कुछ ऐसे व्यापारी हैं जो न सिर्फ रेल्वे की संपत्ति को निरंतर नुकसान पहुंचा रहे हैं बल्कि अपनें फायदे के लिये उन तमाम कायदों को भी खुलेआम तोड़ते नजर आ रहे हैं जिनके बारे में कोई आम इंसान सोच भी नहीं सकता।

दरअसल शहडोल में रेल्वे की भूमि और आवास क्षेत्र से से लगे ऐसे कई व्यापारियों के संस्थान संचालित हैं जिनके उपयोग के लिये वह रेल्वे के मार्ग का इस्तेमाल करते हैं। इनमें से ही एक है जलसा टाईल्स प्लांट के संचालक का गोदाम और साथ ही स्क्रैप का व्यापार करनें वाले कुछ व्यापारी जिनकी मनमर्जी के आगे रेल्वे का अतिक्रमण विभाग नतमस्तक नजर आता है।





### क्यों खड़े हो रहे रेल्वे प्रबंधन पर सवाल

रेल्वे जैसे संवेदनशील विभाग पर सवाल खड़े होनें की ऐसी तमाम बातें हैं जिसे जानकर आप भी इनकी कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह जरुर लगायेंगे। दरअसल शहडोल की रेल्वे कालोनी का एक हिस्सा जो कि दरभंगा चौक से किरण टॉकीज होकर जाता हैं उसमें जहां एक तरफ निजी राजस्व की भूमि हैं वहीं दूसरी तरफ रेल्वे कालोनी के स्टॉफ क्वार्टर सहित तमाम बिल्डिंग बनें हुये हैं। बीते दिनों किरण टॉकीज के नजदीक चर्च के पहले रेल्वे कालोनी की एक कंक्रीट से बनी नाली को जलसा टाइल्स के गोदाम के संचालक के कार्य में लगे वाहन द्वारा तोड़ दिया गया, हलांकि इस नाली के टूटनें पर उन्होनें अपना पक्ष रखते हुये यह भी कहा कि जिस वाहन से यह नाली टूटी उससे उनका कोई लेना देना नहीं था। जलसा के संचालक विशाल लहोरानी नें नाली टूटनें के बाद इसकी शिकायत रेल्वे से की, जिस पर रेल्वे के जिम्मेदार अधिकारी का नियमों के विपरीत बड़ा ही उदारवादी व्यवहार सामनें आया जो प्रायः आता नहीं हैं। रेल्वे के अधिकारी नें न ही इस मामले पर कोई कार्यवाही की और न ही किसी तरह का जुमार्ना लगाया, बल्कि अपनी उदारता दिखाते हुये जसला के संचालक को उक्त टूटी नाली के निर्माण की न सिर्फ अनुमति दे दी बल्कि उसके इस निर्माण कार्य में लोहे के सरिया आदि भी उपलब्ध करा दिये।

चलिये इस जानकारी के बाद यह तो तय हैं कि यदि जब तक शहडोल जिले के रेल्वे विभाग आई ओ डब्लू के पद कर नंदकिशोर जैसे अधिकारी तैनात हैं और आपसे रेल्वे के किसी संपत्ति की छति हो जाती हैं तो आपको परेशान होनें या घबरानें की आवश्यकता नहीं हैं। आप सीधे आईओडब्लू साहब के पास जाकर जानकारी दे सकते हैं और उसके बाद बिना किसी कठोर कार्यवाही के आपको उसे सुधार करनें का साहब मौका दे देंगे। रही बात गुणवत्ता की तो वह तो आप समझ लीजिये कि जब इतना मैंनेज हो सकता है तो वह भी मैनेज हो जायेगा।

गौरतलब है कि रेल्वे की यह सड़क वैसे तो आम जन की सुविधा व आवाजाही के लिये हैं। इस सड़क की न ही बड़े भारी वाहन के भार वहन की क्षमता हैं और न ही इस पर बडे भारी वाहनों का आवागमन होना चाहिये। ऐसी दशा में रेल्वे द्वारा सड़क की आवाजाही व सुरक्षा के लिहाज से स्टापर भी लगे होनें चाहिये। लेकिन ऐसा भी नहीं हैं। सड़क से जहां सरपट भारी वाहनों की आवाजाही होती हैं वहीं दिनभर दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती हैं। एक तरफ जहां सड़क खराब हो रही हैं वहीं दूसरी तरफ उदारवादी जिम्मेदार रेल्वे अधिकारी इस दिशा में कोई ठोस कार्यवाही या इसे रोकनें के लिये पहल करते नजर नहीं आये। इसे विडंबना ही माना जाये कि इस सड़क से होकर जिले का नामी स्क्रैप व्यापारी का गोदाम भी मौजूद है, जिसके द्वारा भी इस सड़क का दिन रात इस्तेमाल किया जाता है।

## आज MP-CG के दौरे पर रहेंगे PM मोदी, 57000 करोड़ की विकास परियोजनाओं की देंगे सौगात, जनसभा को करेंगे संबोधित

**समाज जागरण**

नई दिल्ली. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ का दौरा करेंगे, जहां दोनों राज्यों को करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की सौगात देंगे. पीएम मोदी ने एक्स (ट्विटर) पर ट्वीट कर अपने दौरे की जानकारी दी.प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह करीब 11:15 बजे मध्य प्रदेश के बीना पहुंचेंगे और 50,700 करोड़ रुपये से ज्यादा की परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे. इन परियोजनाओं में बीना रिफाइनरी में पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स और राज्य भर में दस नई औद्योगिक परियोजनाएं शामिल हैं.

इसके बाद पीएम मोदी आज दोपहर 2:15 बजे वायुसेना के विशेष विमान से रायगढ़ के जिंदल एयरपोर्ट पर उतरेंगे. वहाँ से हेलकॉप्टर से कोडतराई



एयरस्ट्रिप पहुंचेंगे. जहां पीएम छत्तीसगढ़ में लगभग 6,350 करोड़ रुपये की रेल परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे. उन्होंने बुधवार को ट्वीट कर लिखा, ह्यमध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के मेरे परिवारजनों के लिए कल का दिन बेहद महत्वपूर्ण है. दोनों ही राज्यों के चौतरफा विकास के लिए केंद्र सरकार निरंतर प्रतिबद्ध होकर काम कर रही है. इसी कड़ी में कल कई बड़ी परियोजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण का सौभाग्य मिलेगा. इससे यहां रहने वाले लोगों के जीवन में खुशहाली और समृद्धि के नए-नए द्वार खुलेंगे.

## झारखंड प्रभारी और महासचिव सैलजा ने कांग्रेस का मुख्यमंत्री बनाने पर उठाए सवाल

**विनोद कश्यप प्रभारी**
**दैनिक समाज जागरण हरियाणा**

चण्डीगढ़ः हिसार में पहुंची कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने जिलाध्यक्ष के मुद्दे पर कई गम्भीर सवाल उठाए हैं। सैलजा ने कहा कि ये कोई सरकारी नौकरी थोड़ी थी, जो फार्म भरवाए गये हैं। उन्होंने पर्यवेक्षकों द्वारा सरेआम भूपेंद्र सिंह हुड्डा को मुख्यमंत्री बनाये जाने के दिये गए बयानों पर भी ऐतराज जताया। कुमारी सैलजा से पूछा गया कि क्या दीपक बाबरिया से चूक हुई है, तो उन्होंने इस पर भी खुलकर बात कहीं, और कहा कि सबको पता हैं कि पर्यवेक्षक कौन थे। सब के सब भूपेन्द्र सिंह हुड्डा द्वारा हाई कमॉन को सुझाए गए लोग हैं। ऐसे नेताओं के विरोध में अगर पार्टी के वो कार्यकर्ता आए जो दिन रात पार्टी की छवि बनाने में लगे हुए हैं तो क्या तकलीफ है।

### उच्च कमॉन को ही तय करना है मुख्यमंत्री

कुमारी सैलजा ने पहली बार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के बारे में कहा कि एक तरफ तो राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे सीधा मोदी की नीतियों को कोसते हुए सच्चाई जनता



को बताते हैं तो दूसरी तरफ कुछ मित्रता निभा रहे है, मेहनतकश वर्करों की नजर आन्दाजगी नहीं होने दी जाएगी। सैलजा ने भूपेंद्र सिंह हुड्डा द्वारा खुद को मुख्यमंत्री पद का प्रबल दावेदार बताए जाने पर कहा कि ये हाईकमान तय करता है, पब्लिकली बोलने की जरूरत ही क्या हैं? सैलजा ने खुद के बारे में कहा कि वैसे तो पार्टी सब तय करती हैं, लेकिन उनका मन है कि इस बार वो विधानसभा का चुनाव लड़े। सैलजा ने इस दौरान ' इन्डिया' को लेकर आप पार्टी और इनेलो द्वारा दिये जा रहे बयानों पर भी प्रतिक्रिया दी, और कहा कि यहे सब हाइकमान तय करेगा।

## 'निषादों को 5 किलो चावल नहीं नौकरी के लिए आरक्षण चाहिए',

**समाज जागरण**

नालंदा/पटना. 'सन ऑफ मल्लाह' के नाम से चर्चित विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रमुख मुकेश सहनी अपनी निषाद आरक्षण संकल्प यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह जिला नालंदा पहुंचे. मंगलवार को संकल्प यात्रा की शुरूआत नगरनौसा मध्य विद्यालय के पास से हुई. यहां मुकेश सहनी ने लोगों को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार को नौकरी के सवाल पर घेरते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी ने प्रत्येक साल 2 करोड़ लोगों को नौकरी देने का वादा किए थे, लेकिन आज नौ साल के बाद भी नौ लाख लोगों को भी नौकरी नहीं मिला. उन्होंने मंदिर, मस्जिद मुद्दे पर भी भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मंदिर बनाना समाज का काम है. सरकार का काम अस्पताल, स्कूल बनाना है. उन्होंने कहा कि निषाद के बच्चे आज सही इलाज के अभाव में दम तोड़ रहे हैं. इस दौरान मुकेश सहनी ने आने वाली पीढ़ी के भविष्य के लिए सभी बच्चों को पढ़ाने और अपने अधिकार के लिए संघर्ष करने के लिए हाथों में गंगा जल देकर पूर्वजों और अपने कुल देवता को साक्षी मानकर संकल्प कराया.

यात्रा में लोगों के मिल रहे समर्थन से उत्साहित मुकेश सहनी ने लोगों में जोश भरते हुए कहा कि आज निषाद के उत्साह को देखते हुए साफ है कि अब निषाद दिल्ली वालों के साथ नहीं है. उन्होंने कहा कि अब निषाद उन्हीं के साथ होगा जो हमारे बच्चो के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए आरक्षण की बात करेगा.

# गौरवशाली हिंदी भाषा, साहित्य का वैश्विक आकाश।

## विश्व में हिंदी की बौद्धिकता के साथ व्यवसायिकता की जुगलबंदी'

**दैनिक समाज जागरण**

हिंदी भाषा करोड़ों भारतीय के दिलों में बसी हुई भाषा है। हिंदी को भारतीय संघ की राजभाषा होने का गौरव प्राप्त है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहां भी है "राष्ट्रीय व्यवहार में हिंदी को काम में लाना देश की उन्नति के लिए आवश्यक है" हिंदी की सार्वभौमिक स्वीकार्यता के कारण ही भारतीय राजनेताओं ने हिंदी को राजभाषा का दर्जा देने का निर्णय लिया था। उल्लेखनीय है कि हिंदी भाषा विदेशों में जितनी फल फूल रही है बल्कि हिंदी बोलने वाले भारतवंशी कई देशों के राष्ट्र प्रमुख भी हैं जैसे ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, मॉरिशस के राष्ट्रपति पृथ्वीराज सिंह रूपन, पुर्तगाल के एंटोनियो कोष्टा प्रधानमंत्री, श्री इरफान गुयाना के राष्ट्रपति, सुरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी, और सेसिल के राष्ट्रपति रामखेलावन पदस्थ हैं। इन देशों में हिंदी के प्रचार-प्रसार के अलावा अंतर्राष्ट्रीय बाजार भी हिंदी के विस्तार का बड़ा माध्यम बना हुआ है। हिंदी मूलतः बड़ी विशाल एवं आसानी से बोली जाने वाली, लिखी जाने वाली भाषा है। भारत की भौगोलिक विशालता और विविधता के बावजूद हिंदी सर्व स्वीकार्य और देश की सर्व सम्मत भाषा है। यह अलग बात है कि अभी तक संवैधानिक रूप से इसे राष्ट्रभाषा का दर्जा प्राप्त नहीं हो पाया है। स्वतंत्रता आंदोलन के समय आंदोलनकारियों ने यह महसूस किया की एकमात्र हिंदी भाषा ही ऐसी भाषा है जो दक्षिण के कुछ क्षेत्र को छोड़कर पूरे देश की संपर्क भाषा है। भारत के संविधान में कुल 22 भाषाओं को मान्यता प्राप्त है। पर हिंदी भाषा ही एक ऐसी भाषा है जो भारत में विभिन्न भाषा भाषाई नागरिकों के मध्य विचार विनिमय और संपर्क के लिए एक बड़ा सहारा है।

हिंदी के विशाल स्वरूप को मद्दे नजर रख पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद जी ने भी कहा "हिंदी चिरकाल से ऐसी भाषा रही है जिसने मात्र विदेशी होने के कारण किसी शब्द का या भाषा का बहिष्कार नहीं किया" यह शब्द हिंदी की पवित्रता और व्यापकता को इंगित करते हैं। वर्तमान परिस्थितियों एवं समय काल मैं पूरे विश्व में 45 करोड़ लोगों द्वारा बोले जाने वाली भाषा है। इसकी सरलता एवं सहजता विश्व के लोगों को अत्यंत प्रभावित भी करती है। हिंदी के विद्वानों,शिक्षाविदों, लेखकों, रचनाकारों और युवा लेखकों द्वारा हिंदी को वैश्विक पहचान दिलाने में अहम भूमिका भी निभाई है। कई नामचीन विद्वान लेखक जिन्होंने हिंदी को वैश्विक भाषाई शिखर पर पहुंचाया है। इसी अनुक्रम में 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने एकमतेन हिंदी को भारत की राजभाषा बनाने का निर्णय लिया और 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाने का निर्णय भी लिया गया था। और हिंदी दिवस मनाने का एकमात्र उद्देश्य राजकीय कार्यालयों इसके व्यापक प्रचार प्रसार एवं पत्राचार में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने की ही है। हिंदी भाषा को पूरे विश्व में द्वितीय भाषा के रूप में माना जाता है। हिंदी नए वैश्विक स्तर पर अपने चलन के कारण अंग्रेजी भाषा को भी काफी पीछे छोड़ दिया है। आज हिंदी भाषा का कंप्यूटर,इंटरनेट ई बुक, सोशल मीडिया, विज्ञापन, टेलीविजन रेडियो आदि क्षेत्र में व्यापक स्तर पर प्रयोग किया जा रहा है। भारत की विशाल जनसंख्या विदेशी व्यापारियों के लिए एक बड़ा उपभोक्ता बाजार है। यही कारण है कि विदेशी कंपनियां अपने सभी विज्ञापनों एवं सामानों में हिंदी भाषा का उपयोग कर भारतीय जनमानस को अपने उत्पादों के प्रति आकर्षित करना चाहती है।यही वजह है कि हिंदी का व्यापक प्रचार-प्रसार भी इसी माध्यम से हो रहा है। विदेशों में भारतीय फिल्मों ने भी हिंदी का बड़ा और वृहद प्रचार प्रसार किया है। ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा, रूस मैं निवासरत भारतीय लोग हिंदी के प्रचार में निरंतर लगे हुए हैं। वहां हिंदी बोली तथा समझी जाती है।

एनी बेसेंट ने सत्य कहा है कि भारत के विभिन्न प्रांतों में बोली जाने वाली विभिन्न भाषाओं में जो भाषा सबसे प्रभावशाली बन कर सामने आती है वह है हिंदी, जो हिंदी जानता है पूरे भारत की यात्रा कर हिंदी बोलने वाला से हर तरह की जानकारी प्राप्त कर सकता है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा भी अपने सामानों को बेचने के लिए हिंदी भाषा का प्रयोग करना पड़ रहा है। भारत में कुछ काले अंग्रेज लोग जो सिर्फ महानगरों में अंग्रेजी को ही महत्त्व देते हैं, उन्हें इस बात को समझ जाना चाहिए की भविष्य में हिंदी का भविष्य वैश्विक स्तर पर उज्जवल है। और उन्हें हिंदी भाषा बोलने में शर्म नहीं आनी चाहिए। अंग्रेजी भाषा एक अंतरराष्ट्रीय भाषा है वह जरूर बड़ी कंपनियों मैं विदेश में नौकरी दिलाने का माध्यम बन सकती है, पर हिंदी देश का गौरव और नागरिकों की आत्माओं में बसी एक पवित्र धारा है ।अंग्रेजी भाषा रोजगार मूलक जरूर हो सकती है, पर केवल इसी कारण हिंदी की अवहेलना और उपेक्षा किसी भी स्तर पर तर्कसंगत नहीं है। भारतीयों को हिंदी के आत्म गौरव को विस्मृत नहीं करना चाहिए। हिंदी देश को भावनात्मक एकता के सूत्र में बांधे में सक्षम भारत की एकमात्र सशक्त भाषा है। हिंदी की गहराई तथा विशालता किसी बात से इंगित होती है कि भारतीय ग्रंथों और बड़े मूर्धन्य लेखकों की किताबों का अनुवाद विश्व की अनेक भाषाओं में किया गया है । और हिंदी की रामायण गीता रामचरितमानस वैश्विक स्तर पर पढ़ी जाती है। इसे राष्ट्रभाषा बनाकर शीर्ष में सम्मान देने की आवश्यकता है।

भारतेंदु हरिश्चंद्र जी ने हिंदी की प्रगति के लिए कुछ पंक्तियां कही है जो आज भी उल्लेखनीय है, "निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति को मूल, बृज भाषा ज्ञान के मिटत न हिय को शूल।

**जय हिंदी जय हिंदुस्तान**
**हिंदी भाषा अमर रहे।**



**संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़**

# हिन्दी दिवस

हिन्दी दिवस भारत में प्रत्येक वर्ष '14 सितम्बर' को मनाया जाता है। हिन्दी विश्व में सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है और अपने आप में एक समर्थ भाषा है। प्रकृति से यह उदार ग्रहणशील, सहिष्णु और भारत की राष्ट्रीय चेतना की संवाहिका है। इस दिन विभिन्न शासकीय, अशासकीय कार्यालयों, शिक्षा संस्थाओं आदि में विविध गोष्ठियों, सम्मेलनों, प्रतियोगिताओं तथा अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। कहीं-कहीं 'हिन्दी पखवडा' तथा 'राष्ट्रभाषा सप्ताह' इत्यादि भी मनाये जाते हैं। विश्व की एक प्राचीन, समृद्ध तथा महान् भाषा होने के साथ ही हिन्दी हमारी राष्ट्रभाषा भी है, अतः इसके प्रति अपना प्रेम और सम्मान प्रकट करने के लिए ऐसे आयोजन स्वाभाविक ही हैं, परन्तु, दुःख का विषय यह है कि समय के साथ-साथ ये आयोजन केवल औपचारिकता मात्र बनते जा रहे हैं।

इतिहास

भारत की स्वतंत्रता के बाद 14 सितंबर, 1949 को संविधान सभा ने एक मत से यह निर्णय लिया कि हिन्दी की खड़ी बोली ही भारत की राजभाषा होगी। इसी महत्त्वपूर्ण निर्णय के महत्त्व को प्रतिपादित करने तथा हिन्दी को हर क्षेत्र में प्रसारित करने के लिये राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धा के अनुरोध परसन्1953 से संपूर्ण भारत में 14 सितंबर को प्रतिवर्ष 'हिन्दी दिवस' के रूप में मनाया जाता है।

नेहरू जी का कथन

पंडित जवाहरलाल नेहरू ने संविधान सभा में 13 सितम्बर, 1949 के दिन बहस में भाग लेते हुए तीन प्रमुख बातें कही थीं-

**किसी विदेशी भाषा से कोई राष्ट्र महान् नहीं हो सकता।**
**कोई भी विदेशी भाषा आम लोगों की भाषा नहीं हो सकती।**
**भारत के हित में, भारत को एक शक्तिशाली राष्ट्र बनाने के हित में, ऐसा राष्ट्र बनाने के हित में जो अपनी आत्मा को पहचाने, जिसे आत्मविश्वास हो, जो संसार के साथ सहयोग कर सके, हमें हिन्दी को अपनाना चाहिए।**

**भाषा विषयक बहस**

जवाहरलाल नेहरू की बहस 12 सितम्बर, 1949 को चार बजे दोपहर में शुरू हुई और 14 सितंबर, 1949 के दिन समाप्त हुई। 14 सितम्बर की शाम बहस के समापन के बाद भाषा संबंधी संविधान का तत्कालीन भाग '14 क' और वर्तमान भाग 17, संविधान का भाग बन गया।

संविधान सभा की भाषा विषयक बहस लगभग 278 पृष्ठों में मुद्रित हुई। इसमें डॉ. कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी और श्री गोपाल स्वामी आयंगार की महती भूमिका रही थी। बहस के बाद यह सहमति बनी कि संघ की भाषा हिन्दी और लिपि देवनागरी होगी, किंतु देवनागरी में लिखे जाने वाले अंकों तथा अंग्रेजी को 15 वर्ष या उससे अधिक अवधि तक प्रयोग करने के लिए तीखी बहस हुई। अन्ततः आयंगर-मुंशी फामूर्ला भारी बहुमत से स्वीकार हुआ। वास्तव में अंकों को छोड़कर संघ की राजभाषा के प्रश्न पर अधिकतर सदस्य सहमत हो गए। अंकों के बारे में भी यह स्पष्ट था कि अंतर्राष्ट्रीय अंक भारतीय अंकों का ही एक नया संस्करण है। कुछ सदस्यों ने रोमन लिपि के पक्ष में प्रस्ताव रखा, लेकिन देवनागरी को ही अधिकतर सदस्यों ने स्वीकार किया।

स्वतन्त्र भारत की राजभाषा के प्रश्न पर काफी विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया, जो भारतीय संविधान के भाग 17 के अध्याय की धारा 343 ( 1 ) में इस प्रकार वर्णित है-

संघ की राज भाषा हिन्दी और लिपि देवनागरी होगी। संघ के राजकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग होने वाले अंकों का रूप अंतर्राष्ट्रीय रूप होगा।

**हिन्दी का महत्त्व**

आज भारत-भाषा हिन्दी भविष्य में विश्व-वाणी बनने के पथ पर अग्रसर है। विश्व के सर्वाधिक शक्तिशाली राष्ट्र अमेरिका के राष्ट्रपति बराक ओबामा काधिक अवसरों पर अमरीकियों को हिन्दी सीखने के लिये सचेत करते हुए कह चुके हैं कि- "हिन्दी सीखे बिना भविष्य में काम नहीं चलेगा"। यह सलाह अकारण ही नहीं है।

# दुनिया में सबसे समृद्ध भाषा है हिन्दी

**दैनिक समाज जागरण**

भारत की स्वतंत्रता के बाद 14 सितम्बर 1949 को संविधान सभा ने एक मत से यह निर्णय लिया कि हिन्दी की खड़ी बोली ही भारत की राजभाषा होगी। इस महत्वपूर्ण निर्णय के बाद 1953 से सम्पूर्ण भारत में 14 सितम्बर को प्रतिवर्ष हिन्दी-दिवस के रूप में मनाया जाते लगा है जो हिंदी भाषा के महत्व को दशार्ता है। पिछले 70 सालों से हम प्रतिवर्ष हिन्दी दिवस मनाते आ रहे हैं। इस वर्ष भी मनायेगें।

किसी भी देश की भाषा और संस्कृति उस देश में लोगों को लोगों से जोड़े रखने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से हिन्दी और देवनागरी के मानकीकरण की दिशा में अनेक क्षेत्रों में प्रयास हुये हैं। हिन्दी भारत की सम्पर्क भाषा भी हैं। अतः हम कह सकते है की हिन्दी एक समृद्ध भाषा हैं। भारत की राष्ट्रीय एकता को बनाये रखने में हिन्दी भाषा का बहुत बड़ा योगदान हैं।

एक भाषा के रूप में हिंदी न सिर्फ भारत की पहचान है। बल्कि यह हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची परिचायक भी है। बहुत सरल, सहज और सुगम भाषा होने के साथ हिंदी विश्व की संभवतः सबसे वैज्ञानिक भाषा है। जिसे दुनिया भर में समझने, बोलने और चाहने वाले लोग बहुत बड़ी संख्या में मौजूद हैं। भारतेन्दु हरिश्चंद्र को आधुनिक हिंदी का जनक कहा जाता है। जिन्होंने हिंदी, पंजाबी, बंगाली और मारवाड़ी सहित कई भाषाओं में अपना योगदान दिया था।

यदि हम हिंदी भाषा के विकास की बात करें तो यह कहना गलत नहीं होगा कि पिछले सौ सालों में हिंदी का बहुत विकास हुआ है और दिन-प्रतिदिन इसमें और तेजी आ रही है। हिंदी भाषा का इतिहास लगभग एक हजार वर्ष पुराना माना गया है। संस्कृत भारत की सबसे प्राचीन भाषा है जिसे देवभाषा भी कहा जाता है। माना जाता है कि हिंदी का जन्म भी संस्कृत भाषा से हुआ है। भारत में धर्म, परंपराओं और भाषा में विविधता के बावजूद यहां के लोग एकता में विश्वास रखते हैं। भारत में विभिन्न भाषाएं बोली जाती हैं। लेकिन सबसे ज्यादा हिंदी भाषा बोली, लिखी व पढ़ी जाती है। इसीलिए हिंदी भारत की सबसे प्रमुख भाषा है।

हिन्दी के ज्यादातर शब्द संस्कृत, अरबी और फारसी भाषा से लिए गए हैं। यह मुख्य रूप से आर्यो और पारसियों की देन है। इस कारण हिन्दी अपने आप में एक समर्थ भाषा है। जहां अंग्रेजी में मात्र 10 हजार मूल शब्द हैं। वहीं हिन्दी के मूल शब्दों की संख्या 2 लाख 50 हजार से भी अधिक है। हिन्दी विश्व की एक प्राचीन,समृद्ध तथा महान भाषा होने के साथ हमारी राजभाषा भी है। भारत की मातृ भाषा हिन्दी को सम्मान देने के लिये प्रति वर्ष हिंदी दिवस मनाया जाता है।

हिन्दी ने भाषा, व्याकरण, साहित्य, कला, संगीत के सभी माध्यमों में अपनी उपयोगिता, प्रासंगिकता एवं वर्चस्व कायम किया है। हिन्दी की यह स्थिति हिन्दी भाषियों और हिन्दी समाज की देन है। लेकिन हिन्दी भाषा समाज का एक तबका हिन्दी की दुर्गति के लिए भी जिम्मेदार है। अंग्रेजी बोलने वाला ज्यादा ज्ञानी और बुद्धिजीवी होता है। यह धारणा हिन्दी भाषियों में हीन भावना लाती है। जिंदगी में सफलता पाने के लिये हर कोई अंग्रेजी भाषा को बोलना और सीखना चाहता है। हिन्दी भाषी लोगों को इस हीन भावना से उबरना होगा, क्योंकि मौलिक विचार मातृभाषा में ही आते हैं। शिक्षा का माध्यम भी मातृभाषा होनी चाहिए। शिक्षा विचार करना सिखाती है और मौलिक विचार उसी भाषा में हो सकता है जिस भाषा में आदमी जीता है। हमें अहसास होना चाहिये कि हिन्दी दुनिया की किसी भी भाषा से कमजोर नहीं है।

हिन्दी उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, और दिल्ली राज्यों की राजभाषा भी है। राजभाषा बनने के बाद हिन्दी ने विभिन्न राज्यों के कामकाज में लोगों से सम्पर्क स्थापित करनें का अभिनव कार्य किया है। लेकिन विश्व भाषा बनने के लिए हिन्दी को अब भी संयुक्त राष्ट्र के कुल सदस्यों के दो तिहाई देशों के समर्थन की आवश्यकता है। भारत सरकार इस दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। हम संभावनाएं जता सकते हैं कि शीघ्र ही हिन्दी को संयुक्त राष्ट्र संघ की आधिकारिक भाषा में शामिल कर लिया जायेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी विदेश यात्रा के दौरान अधिकतर अपना सम्बोधन हिन्दी भाषा में ही देते हैं। जिससे हिन्दी भाषा का महत्व विदेशी धरती पर भी बढ़ने लगा है।

अंग्रेजी व चीनी भाषा मंदारिन के बाद हिन्दी विश्व में सबसे अधिक बोली जाने वाली तीसरी सबसे बड़ी भाषा है। नेपाल, पाकिस्तान की तो अधिकांश आबादी को हिंदी बोलना, लिखना, पढना आता है। बांग्लादेश, भूटान, तिब्बत, म्यांमार, अफगानिस्तान में भी लाखों लोग हिंदी बोलते और समझते हैं। फिजी, सुरिनाम, गुयाना, त्रिनिदाद जैसे देश की सरकारे तो हिंदी भाषियों द्वारा ही चलायी जा रही हैं। पूरी दुनिया में हिंदी भाषियों की संख्या करीबन एक सौ करोड़ से अधिक है।

बीसवीं सदी के अंतिम दो दशकों में हिन्दी का अन्तरराष्ट्रीय विकास बहुत तेजी से हुआ है। विश्व के लगभग 150 विश्वविद्यालयों तथा सैंकड़ों छोटे-बड़े केन्द्रों में विश्वविद्यालय स्तर से लेकर शोध के स्तर तक हिन्दी के अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था हुई है। विदेशों से हिन्दी में दर्जनों पत्र-पत्रिकाएं नियमित रूप से प्रकाशित हो रही हैं। हिन्दी भाषा और इसमें निहित भारत की सांस्कृतिक धरोहर सुदृढ और समृद्ध है। इसके विकास की गति बहुत तेज है।

हिंदी भाषा एक दूसरे के साथ बातचीत करने के लिए बहुत आसान और सरल माध्यम प्रदान करती है। यह प्रेम, मिलन और सौहार्द की भाषा है। हिन्दी विविध भारत को एकता के सूत्र में पिरोने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। लेकिन यह कैसी विडम्बना है कि जिस भाषा को कश्मीर से कन्याकुमारी तक सारे भारत में समझा जाता हो। उस भाषा के प्रति आज भी इतनी उपेक्षा व अवज्ञा क्यों ? प्रत्येक वर्ग का व्यक्ति हिन्दी भाषा को आसानी से बोल-समझ लेता है। इसलिए इसे सामान्य जनता की भाषा अर्थात जनभाषा कहा गया है।

देश में तकनीकी और आर्थिक समृद्धि के एक साथ विकास के कारण हिन्दी ने कहीं ना कहीं अपना महत्ता खो दी है। आज हिन्दी भाषा में अंग्रेजी शब्दों का प्रचलन तेजी से बढ़ने लगा है। बहुत से बड़े समाचार पत्रों में भी अंग्रेजी मिश्रित हिन्दी का उपयोग किया जाने लगा है। जो हिन्दी भाषा के लिये शुभ संकेत नहीं हैं। रही सही कसर सोशल मीडिया ने पूरी कर दी है। जहां सॉफ्टवेयर की मदद से रूपांतर कर अंग्रेजी से हिन्दी भाषा बनायी जाती है। जिसमें ना मात्रा का ख्याल रहता है और ना ही शुद्ध वर्तनी का। वर्तमान समय में हिन्दी भाषा के समाचार पत्र व पत्रिकायें धड़ाधड़ बंद हो रहें हैं।

आदिकाल से अब तक हिन्दी के आचार्यो, सन्तों, कवियों, विद्वानों, लेखकों एवं हिन्दी-प्रेमियों ने अपने ग्रन्थों, रचनाओं से हिन्दी को समृध्द किया है। परन्तु हमारा भी कर्तव्य है कि हम अपने विचारों, भावों एवं मतों को विविध विधाओं के माध्यम से हिन्दी में अभिव्यक्त करें एवं इसकी समृध्दि में अपना योगदान दें। कोई भी भाषा तब और भी समृध्द मानी जाती है जब उसका साहित्य भी समृध्द हो।

हिन्दी दिवस के अवसर पर हमें यह संकल्प लेना चाहिये की हम पूरे मनोयोग से हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार में अपना निस्वार्थ सहयोग प्रदान कर हिन्दी भाषा के बल पर भारत को फिर से विश्व गुरु बनवाने का सकारात्मक प्रयास करेंगें। अब तो कम्प्यूटर पर भी हिन्दी भाषा में सब काम होने लगे हैं। कम्प्यूटर पर हिन्दी भाषा के अनेको सॉफ्टवेयर मौजूद हैं जिनकी सहायता से हम आसानी से कार्य कर सकते हैं।



**आलेखः- रमेश सर्राफ धमोरा**

## हिंदी दिवस पर

# विदेशों में बसे भारतीय परिवार घरों में तो हिंदी में ही बोलते हैं

**दैनिक समाज जागरण**

आज हिंदी दिवस है। हिंदी भाषी अपने झअपने स्तर से हिंदी को बढ़ाने और बचाए रखने में लगे हैं। विदेशों में काम करने वाले भारतीय परिवार अपने

घर में हिंदी को जिंदा रखे हैं। भले ही उनकी कामकाज और घर से बाहर की बोलचाल की भाषा अंग्रेजी हो किंतु घर में तो हिंदी में ही बातचीत होती है।

तीन बार छह छह माह के लिए मैं अमेरिका में बड़े बेटे अंशुल के पास रहा । अंशुल यहां पिछले लगभग 15 साल से रह रहा है।यहां अमेरिका में

पैदा हुई अंशु और उसकी पत्नी शिल्पी के पास तीन बेटियां हैं। ऐसे ही लाखों भारतीय परिवार अमेरिका बसे हैं। यहां बसे इन भारतीय परिवार की

कामकाज की भाषा अंग्रेजी है । घर से बाहर की भाषा अंग्रेजी है। बाजार की भाषा अंग्रेजी है । बच्चों के स्कूल की भाषा अंग्रेजी है, इसके बावजूद

इनके घर की भाषा हिंदी है।ये खुद घर में हिंदी बोलते हैं,बच्चों को हिंदी बुलवाते भी हैं। उन्हें हिंदी सिखाते हैं।इनमें से अधिकतर बच्चे हिंदी पढ़ नही पाते। कुछ परिवार जरूर बच्चों को घर पर हिंदी पढ़ा रहे हैं।

अमेरिका में रहने वाले भारतीयों की दोस्ती प्रायःअपने ही भारतीयों से हैं।यहां बसे अंग्रेज और अफ्रिकी लोगों से इनके आफिशियल या व्यवयायिक

रिश्ते हैं। जन्मदिन की पार्टी या शादी की वर्षगांठ के अवसर पर ये आपस के सर्किल के भारतीय परिवार ही मिलते हैं । मिलते हैं तो आपस में

**हिंदी में ही बात करते हैं।**

पंजाबी ,बंगाली या मराठी मूल के परिवार तो घर में पंजाबी, बंगाली या मराठी में आपस में बात करते हैं किंतु ये भारतीय परिवार जब आपस में

मिलते हैं तो हिंदी में ही ज्यादा बोलते और बात करते हैं।अमेरिका ही नही,दुनिया में जहां जहां भारतीय हैं,उनके परिवार की घर की बोलचाल की

भाषा हिंदी ही है।

त्यौहार पर भारतीय परिधान शान से पहले जाते हैं। युवक कुर्ता पायजामा और युवतियां साड़ी पहनती हैं।यहां मंदिर हैं। भारतीय हिंदू परिवार

मंदिर जाते हैं। मंदिर ये लोग ज्यादातर भारतीय परिधान कुर्ता पायजामा महिलांए साड़ी या भारतीय सूट पहनकर जाना पसंद करती हैं।

मंदिर की बोलचाल की भाषा भी प्रायः हिंदी ही है। मंदिर के पुजारी विद्वान हैं। उनका संस्कृत का तो उच्चारण तो बढ़िया है ही ,हिंदी भी बढ़िया

बोलते हैं।तबियत खराब होने पर पिछली बार अंशुल ने मुझे अमेरिका में डाक्टर का दिखाया। अंशुल ने मेरी परेशानी अंग्रेजी में डाक्टर को बता रहा था। इसके बावजूद


डाक्टर से अपनी कंपनी के हिंदी झ अंग्रेजी ट्रांसलेटर को स्पीकर आन कर फोन पर लिया। ट्रंरसलेटर उनकी बात सुन मुझे हिंदी में बताता। मेरे उत्तर

को अंग्रेजी में अनुवाद कर डाक्टर को । पूरी तरह से मेरी जानकारी से संतुष्ठ होने पर ही डाक्टर ने मुझे दवा दी।

दुबई तो लगता ही हिंदीभाषियों का देश है।वहां चाहे भारतीय हो, बंगलादेशी हो या पाकिस्तानी सब हिंदी बोलते मिलेंगे। उनकी बोलचाल से नही

लगता कि वे भारतीय नही हैं। उनके बताने से पता चलता है कि वे पाकिस्तानी हैं या बंगला देशी।भारत में दक्षिण में हिंदी भाषियों के साथ

समस्या आ सकती है। यहां के लोग जानकर हिंदी नही बोलते , किंतु दुबई में ऐसा नही है।यहीं हालत नेपाल में भी है।



**अशोक मधुप**
**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

# मन काला तन श्वेत है

आँखों में पानी भरे जनता भूखी आज,
सूखी है धरती, कहीं वर्षा लाई बाढ़,
कोई चारा चर रहा बेंच रहा कोई खेत,
डाकू घूमे हर शहर धर नेता का बेश।

इंटरनेट भी कर रहा है छुपकर वार,
जनता आँसू पी रही महँगाई की मार,
रोटी कपड़ा मकान में उलझा संसार,
काम धाम है नहीं हो गए बेरोजगार।

घोर निराशा छाई है फैला अंधकार,
गुंडे माफिया बढ़ रहे होता है सत्कार,
ज्ञानी बनकर घूमते करते धोखा लूट,
बाहुबली व बड़ों का रिश्ता बना अटूट।

दुष्टों के संग मेल है दुर्जन संग निवास,
इच्छाधारी नाग वे मणी है उनके पास,
मन काला तन श्वेत, भाषण लच्छेदार,
ऊपर से दिखते भले करते अत्याचार।

वाणी में संयम नहीं, निरंकुश बर्ताव,
तन मन में है भरा अहंकार का भाव,
करे दलाली आज, हो कल मालामाल,
हिंसा अपराध का फैल रहा है जाल।

प्रजातंत्र के नाम पर कागा मारें चोंच,
राजनीति के खेल हैं ना है अच्छी सोंच,
आदित्य वोट बिकता है पैसे के मोल,
प्राणों का ना मोल है दौलत अनमोल।

**कर्नल आदि शंकर मिश्र, आदित्य लखनऊ**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन लखनऊ में करेगा वैश्य संकल्प रैली

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ । अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन 28 अक्टूबर को लखनऊ में करेगा वैश्य संकल्प रैली सुधीर एस हलवासिया प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 28 अक्टूबर को अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के द्वारा विशाल वैश्य संकल्प रैली का आयोजन किया जाएगा। इस रैली में पूरे प्रदेश से लगभग 30 हजार से ज्यादा लोग हिस्सा लेगें। इस सम्मेलन के द्वारा वैश्य समाज के सभी घटक दलों को साथ एक मंच पर लाया जाएगा। इसके लिए संगठनात्मक दृष्टिकोण से पूरे उत्तर प्रदेश को 6 जोन में विभाजित किया है जिसमें 18 मंडलों की बैठक होगी। 30 सितंबर तक प्रदेश के सभी 18 मंण्डलों की बैठक पूरी कर ली जाएगी। इस वैश्य संकल्प रैली को सफल बनाने के लिए आज व्यापक चर्चा होगी, जिसके बाद पूरे प्रदेश में बैठक की जाएगी। इसी क्रम में कल टीम मंडल के द्वारा बरेली जोन में तीन मंडलों की बैठक होगी।




इस बैठक में पूर्व विधायक,राष्ट्रीय महामंत्री व प्रदेश प्रभारी उमेश अग्रवाल, रैली संयोजक विधुप अग्रहरि, सह संयोजक पवन कुमार गुप्ता , सुनील रामा, युवा प्रदेश अध्यक्ष राम अग्रवाल और युवा प्रदेश उपाध्यक्ष राहुल राज रस्तोगी सहित सभी अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के लोग मौजूद रहेगें।

# लखनऊ बार एसोसिएषन की कार्यकारिणी की आकस्मिक बैठक

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ । बुधवार को बार एसोसिएषन लखनऊ की कार्यकारिणी की आकस्मिक बैठक बार एसोसिएषन में सुरेष पाण्डेय एड0 अध्यक्ष, एसोसिएषन की अध्यक्षता एवं कुलदीप नारायण मिश्र एड0 महामंत्री, लखनऊ के संचालन में सम्पन्न हुई। जिसमे हापुड़ जनपद न्यायालय में दिनांक- 29/08/2023 को पुलिस प्रषासन द्वारा महिला अधिवक्ताओं के साथ-साथ अन्य अधिवक्तागणों के ऊपर बिना किसी कारण के बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज किया गया था। इसी क्रम में राज्य विधिज्ञ परिशद उ0 प्र0 द्वारा दिये गये दिषा निर्देष के अनुक्रम में आज लखनऊ बार एसोसिएषन, के अधिवक्तागण निम्नलिखित माँगों के समर्थन में मुख्यमंत्री उ0 प्र0 षासन को ज्ञापन जिलाधिकारी, लखनऊ के माध्यम से सौपा ज्ञापन ।



जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक हापुड़ का अविलम्ब स्थानान्तरण किया जाये। दोशी पुलिस कर्मियों जिन्होंने बर्बरतापूर्वक लाठी चार्ज किया है तथा महिला अधिवक्ताओं को भी पीटने का कार्य किया है, उन मुकदमा दर्ज हो। प्रदेष भर में अधिवक्ताओं के विरूद्ध पुलिस ने मनगढ़न्त झूठी कहानी बनाकर जो मुकदमें दर्ज किये है, उन्हे वापस (स्पंज) किया जाये। एडवोकेट प्रोटेक्षन एक्ट पारित कर तुरन्त प्रदेष में लागू किया जाये। हापुड़ के घायल अधिवक्ताओं को तुरन्त मुआवजा दिया जाये।

बुधवार को लखनऊ बार एसोसिएषन, के समस्त अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर, लखनऊ स्थित बार एसोसिएषन, शांतिपूर्वक ढंग से धरना दिया एवं राज्य विधिज्ञ परिशद उ0 प्र0 द्वारा जारी दिषा निदेषों के अनुसार बृहस्पतिवार को एसोसिएषन, लखनऊ एवं सेन्ट्रल बार एसोसिएषन, एवं अन्य बार एसोसिएषन के समस्त अधिवक्तागण स्वास्थ्य भवन चैराहे पर धरना देंगे एवं परिवर्तन चैक चैराहे पर उ0 सरकार का पुतला फुका जाएगा।

इसी अनुक्रम में राज्य विधिज्ञ परिशद उ0 प्र0 द्वारा जारी दिशा निर्देष के अनुसार लखनऊ बार एसोसिएषन, लखनऊ के समस्त अधिवक्तागण बृहस्पतिवार एवं शुक्रवार को न्यायिक कार्य से पूर्ण रूप से विरत रहेंगे।

# गोबर नाली में बहाने और अवैध रूप से डेरी संचालन करने पर हटाई गयीं अवैध डेरी

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ । नगर आयुक्त के निदेर्शानुसार बुधवार को थाना गुडम्बा जोन 3 अंतर्गत कुर्सी रोड, शांकरपुरवा द्वितीय तथा आस पास क्षेत्र पर नगर निगम द्वारा कार्यवाही करते हुए अवैध डेरी हटाने का अभियान पुलिस बल,




प्रवर्तन दल तथा कैटल कैचिंग कर्मचारियों के सहयोग से पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा के नेतृत्व में चलाया गया जिसमे मौके पर कुल 18 भैंस को पकड़कर नगर निगम द्वारा संचालित ठाकुरगंज स्थिति कांजी हाउस में निरुद्ध किया गया, जिन्हे नियमानुसार कार्यवाही के बाद ही रिहा किया जायेगा` अभियान के दौरान छिटपुट विरोध हुआ जिसे पुलिस बल द्वारा शांत करवाया गयो

अवैध डेरी संचालकों द्वारा पशुओ को खाली प्लॉट पर बाँध कर अतिक्रमण किया गया था, तथा गोबर सडक पर बहाया जा रहा था जिससे वर्षा के महीने में मुख्य मार्ग बाधित हो रहा था और आवागमन प्रभावित होने के साथ साथ कई प्रकार की बीमारियों का खतरा बना हुआ था` उक्त क्षेत्रों से निरंतर गंदगी फैलाने और गोबर सडक में बहाने की शिकायत क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि द्वारा निरंतर प्राप्त हो रही थी,जिससे नालियां चोक हो रही थी तथा कई जनसूचना अधिकार, तथा आईजीआरएस के तहत कार्यवाही भी लंबित थी और चेतावनी तथा नोटिस देने के बाद भी डेरी संचालकों द्वारा डेरी नहीं हटाई गयी थी` उच्च न्यायलय के आदेशानुसार नगर निगम आवासीय क्षेत्रों में डेरी व्यवसाय की अनुमति नहीं है` नगर निगम लखनऊ द्वारा अधिकतम दो गाय लाइसेंस के साथ पालने की अनुमति है`नगर निगम अधिनियम 1959 के अनुसार भैंस को अपदूषण कारक पशु माना गया है अतः नगर निगम लखनऊ द्वारा भैंस पालने की अनुमति नहीं दी जाती है`

# माननीय सभापति आश्वासन समिति उत्तर प्रदेश विधान परिषद नरेश चंद्र उत्तम जी की अध्यक्षता में समिति की बैठक हुई संपन्न।

**डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में अधिकारियों ने 11 बिंदुओं से माननीय सभापति को कराया अवगत।**

**माननीय सभापति का पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया स्वागत।**

**गौतम बुद्ध नगर 13 सितंबर 2023**

माननीय सभापति आश्वासन समिति उत्तर प्रदेश विधान परिषद नरेश चंद्र उत्तम की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में आश्वासन समिति के निर्धारित 11 बिंदुओं की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा ने मा0 सभापति एवं माननीय सदस्य गणों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने मा0 सभापति को आश्वासन समिति के निर्धारित 11 बिंदुओं को लेकर की गई प्रगति से अवगत कराया। बैठक में मा0 ने सभापति ने मान्यता प्राप्त विद्यालय से विद्युत कर सामान्य दर से लिए जाने के संबंध में, कितने ग्राम सभा में मजरे हैं जिनका विद्युतीकरण होना अवशेष है, ग्रामीण अथवा शहरी क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या समाप्त होने की समय सीमा निर्धारित करने की जानकारी चाही, जिसके क्रम में विद्युत विभाग के अधिकारियों ने मा0 सभापति को अवगत कराया कि मान्यता प्राप्त विद्यालयों से उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार विद्युत कर लिया जाता है एवं जेवर में कुल 10 मजरो का विद्युतीकरण कराया जाना अवशेष है। उन्होंने यह भी बताया कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित योजना आरडीएस के तहत सिस्टम अपग्रेड करने का कार्य स्वीकृत किया गया है। सिस्टम अपग्रेडेशन का कार्य किए जाने के उपरांत क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या का निवारण हो सकेगा, जिसमें लगभग 2 वर्ष का समय लगेगा। इसी प्रकार एनपीसीएल के अधिकारियों ने मा0 सभापति को अवगत कराया कि शासन के निदेर्शों के क्रम में मान्यता प्राप्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों से विद्युत कर 5 एवं 7.5 प्रतिशत की दर से लिया जाता है। एनपीसीएल के विद्युत वितरण क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम सभायें एवं मजरे विद्युतीकृत हो चुके हैं व समस्त ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में लो वोल्टेज की कोई समस्या नहीं है तथा निर्धारित वोल्टेज पर ही विद्युत की आपूर्ति की जा रही है। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के अधिकारियों ने मा0 सभापति को अवगत कराया कि शासन द्वारा जारी निर्गत विनियमितिकरण नियमावली 2016 के तहत 31 दिसंबर 2001 तक या इससे पूर्व से परिवहन निगम में संविदा के आधार पर आबद्ध एवं वर्तमान तक निरंतर कार्यरत चालकों/परिचालकों को नियमित किए जाने का प्रावधान है, जिसके तहत विभिन्न क्षेत्रों में पात्र पाए गए संविदा चालक/परिचालकों को विनियमितीकरण की कार्रवाई परिवहन निगम मुख्यालय पर गतिशील है। गौतम बुद्ध नगर में उत्तर प्रदेश परिवहन निगम में नोएडा क्षेत्र का सृजन वर्ष 2006 में हुआ है, अतः विनियमितीकरण नियमावली 2016 के तहत 31 दिसंबर 2001 तक या इससे पूर्व से परिवहन निगम में संविदा के आधार पर आबद्ध एवं वर्तमान तक कार्यरत चालकों/परिचालकों की संख्या शून्य है। जनपद गौतम बुद्ध नगर में मोटरेबुल मार्ग से जुड़े कुल 15 गांव वर्तमान में असेवित हैं, जिनको अक्टूबर 2023 तक सेवित कर लिया जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक गौतम बुद्ध नगर ने माननीय सभापति को अवगत कराया कि जनपद गौतम बुद्ध नगर में तीन सहायता प्राप्त संस्कृत विद्यालय संचालित हैं कोई भी महाविद्यालय संचालित नहीं है। जनपद गौतम बुद्ध नगर में 1 अप्रैल 2005 से पूर्व नियुक्त अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक संस्कृत विद्यालयों में वर्ष 2010 के पश्चात चार शिक्षक सेवा निवृत्त हुए हैं, जिनके जीएफ का भुगतान किया जा चुका है। जेल अधीक्षक ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला कारागार में बंदियों को रखने की क्षमता 3750 है, जबकि वर्तमान में कुल 3206 बंदी कारागार में निरुद्ध हैं। जिलाधिकारी कार्यालय से राहत सहायता के संबंध में माननीय सभापति को अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2021-22 में कोविड-19 के संक्रमण से मृत व्यक्तियों के आश्रितों को 50-50 हजार रुपए प्रति व्यक्ति 893 व्यक्तियों को कुल धनराशि 446.50 लाख का भुगतान किया गया एवं कोविड संक्रमण से व्यापार कर विभाग के एक मृतक कार्मिक के आश्रितों को 50 लाख रुपए का भुगतान किया गया। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2022-23 में कोविड-19 के संक्रमण से मृत व्यक्तियों के आश्रितों को 50-50 हजार रुपए प्रति व्यक्ति 135 व्यक्तियों को कुल धनराशि 67.50 लाख एवं कोविड संक्रमण से ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के एक मृतक कार्मिक के आश्रितों को 50 लाख रुपए का भुगतान किया गया। माननीय सभापति महोदय ने कृषि उत्पादन मंडी समिति के संबंध में जानकारी चाही, जिसके क्रम में मंडी समिति के अधिकारियों के द्वारा अवगत कराया गया कि नोएडा, दनकौर, दादरी में मंडी संचालित है तथा जेवर में कृषि उत्पादन विक्रय करने के लिए मंडी निर्मित नहीं है, परंतु जेवर में मंडी निर्मित कराए जाने के लिए कार्रवाई की जा रही है। माननीय सभापति ने कनावली गांव में दबंगों द्वारा दलितों के घर को जबरन ध्वस्त किए जाने के प्रकरण के संबंध में जानकारी चाही, जिसके क्रम में पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने मा0 सभापति को उक्त प्रकरण में की गई कार्रवाई से विस्तार से अवगत कराते हुए उनको आश्वस्त किया। इसी प्रकार भू अर्जन विभाग के अधिकारियों ने दादरी जनपद गौतम बुद्ध नगर में पावर प्रोजेक्ट निर्माण के लिए किसानों की अधिग्रहित की गई भूमि के मुआवजे के भुगतान के संबंध में माननीय सभापति को विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई। इस अवसर पर डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में अधिकारियों द्वारा 11 बिंदुओं पर अवगत कराई गई प्रगति रिपोर्ट पर माननीय सभापति ने संतोष प्रकट किया। इस अवसर पर आश्वासन समिति के सदस्य ओमप्रकाश सिंह, वागीश पाठक, विजय शिवहरे, अपर जिला अधिकारी प्रशासन डॉक्टर नितिन मदान, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मवीर सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ऐश्वर्या लक्ष्मी, विद्युत एवं एनपीसीएल विभाग के अधिकारी, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के अधिकारी तथा अन्य संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# 'पीएम विश्वकर्मा' के लाभार्थियों का कौशल भी निखारेगी योगी सरकार

समाज जागरण

लखनऊ, 13 सितंबर। पीएम मोदी की महत्वाकांक्षी योजना पीएम विश्वकर्मा को उत्तर प्रदेश में वृहद स्तर पर लागू किए जाने की तैयारी हो रही है। सीएम योगी के निर्देश पर 17 सितंबर से शुरू हो रही इस योजना में प्रदेश से अधिक से अधिक 'विश्वकर्मा' को जोड़ने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इसके तहत 18 ट्रेड्स से जुड़े 'विश्वकर्मा' को लाभ दिए जाने की योजना है। सबसे महत्वपूर्ण बात ये है कि इन सभी ट्रेड्स में 'विश्वकर्मा'का कौशल निखारने के लिए प्रदेश सरकार कौशल विकास मिशन के अंतर्गत मास्टर ट्रेनर्स के माध्यम से ट्रेनिंग दिलाएगी। बेसिक और एडवांस ट्रेनिंग के दौरान 'विश्वकर्मा'को सरकार की ओर से स्टाइपेंड भी प्रदान किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पीएम विश्वकर्मा योजना की जानकारी सबसे पहले फाइनेंस मिनिस्टर निर्मला सीतारमण ने एक फरवरी 2023 को अपनी बजट स्पीच में किया था। इसके बाद 15 अगस्त को पीएम मोदी ने लाल किले की प्राचीर से इस योजना के शुभारंभ का ऐलान किया था।

## दी जाएगी बेसिक और एडवांस ट्रेनिंग

योगी सरकार ने पीएम विश्वकर्मा योजना को प्रदेश में लागू करने के साथ ही 'विश्वकर्मा' के कौशल को निखारने की भी योजना बनाई है। इसी क्रम में सरकार ने कौशल विकास मिशन को सभी 18 ट्रेड्स में लाभार्थी 'विश्वकर्मा' को ट्रेनिंग देने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत लाभार्थी 'विश्वकर्मा' के कौशल सत्यापन के बाद उन्हें 5 दिन की बेसिक ट्रेनिंग प्रदान की जाएगी। इसके बाद 10 प्रतिशत 'विश्वकर्मा' को उनके क्षेत्र में और बेहतर प्रदर्शन के लिए एडवांस लेवल की ट्रेनिंग भी प्रदान की जाएगी। एडवांस ट्रेनिंग में उन्हें समय के अनुसार ग्राहकों की बदलती डिमांड के अनुसार उत्पाद तैयार करने और उसे निखारने की नई-नई तकनीकों से रूबरू कराया जाएगा। दिलचस्प बात ये है कि सभी 'विश्वकर्मा' को ट्रेनिंग स्टाइपेंड भी मिलेगा जो कि प्रतिदिन 500 रुपए होगा। योगी सरकार की योजना के अनुसार 30 लाख 'विश्वकर्मा' को बेसिक ट्रेनिंग और 3 लाख को एडवांस ट्रेनिंग देने का लक्ष्य रखा गया है।

## डिजिटल ट्रांजैक्शन के लिए किया जाएगा प्रोत्साहित

यही नहीं बेसिक ट्रेनिंग लेने वाले 30 लाख 'विश्वकर्मा'को टूलकिट इंसेंटिव्स के लिए 15 हजार रुपए ई-वाउचर या ई रूपी के रूप में दिए जाएंगे। इसके साथ ही डिजिटल ट्रांजैक्शन के लिए भी इन्हें प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके लिए उन्हें प्रति माह अधिक से अधिक 100 डिजिटल ट्रांजैक्शन पर प्रति ट्रांजैक्शन एक रुपए का इंसेंटिव भी दिया जाएगा। सरकार ने इस योजना के क्वालिटी सर्टिफिकेशन, ब्रांडिंग, एडवरटाइजिंग, पब्लिसिटी और दूसरी मार्केटिंग पहलों के लिए 250 करोड़ रुपए खर्च करने की योजना बनाई है।

## ट्रेनिंग और ट्रेनिंग सेंटर्स की होगी मॉनीटरिंग

योजना के अनुसार सबसे पहले सभी 18 ट्रेड्स में कौशल निखारने के लिए कौशल की पहचान और मुख्यालय या ब्लॉक लेवल पर ट्रेनिंग सेंटर तैयार किए जाएंगे। सेंटर्स में बोर्डिंग और लॉजिंग की व्यवस्था के साथ ही 'विश्वकर्मा' को इसमें हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। ट्रेनिंग के लिए लोकल इंडस्ट्रीज के मास्टर ट्रेनर्स का चयन किया जाएगा। यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी विश्वकर्मा स्किल वेरिफिकेशन और बेसिक ट्रेनिंग के लिए उपलब्ध रहें और इसे पूरा भी करें। ट्रेनिंग और ट्रेनिंग सेंटर्स की जिला और राज्य स्तर पर मॉनीटरिंग भी की जाएगी। यही नहीं, एक कंवोकेशन के माध्यम से सभी विश्वकर्मा को सर्टिफिकेट प्रदान किए जाएंगे। इस कंवोकेशन में जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाएगा।

18 ट्रेड्स से जुड़े 'विश्वकर्मा'का कौशल निखारेगा कौशल विकास मिशन

लोकल इंडस्ट्री के मास्टर ट्रेनर्स देंगे बेसिक और एडवांस लेवल की ट्रेनिंग

ट्रेनिंग के दौरान सरकार की ओर से मिलेगा 500 रुपए प्रतिदिन स्टाइपेंड

जिला या ब्लॉक लेवल पर बनाए जाएंगे ट्रेनिंग सेंटर, कंवोकेशन में मिलेगा सर्टिफिकेट

### इन 18 ट्रेड्स से संबंधित 'विश्वकर्मा'को होगा लाभ

1. बढ़ई (सूथर)
2. नाव निमार्ता
3. शस्त्र निमार्ता
4. लोहार
5. हथौड़ा और टूलकिट निमार्ता
6. तालासाज
7. सुनार
8. कुम्हार
9. मूर्तिकार, स्टोन ब्रेकर
10. मोची
11. राजमिस्त्री
12. टोकरी, चटाई व झाड़ू बुनकर
13. पारंपरिक खिलौना बनाने वाले
14. नाई
15. मालाकार
16. धोबी
17. दर्जी
18. मछली जाल निमार्ता

# प्रदेश में छुट्टा गोवंश संरक्षण की प्रक्रिया तेज करेगी योगी सरकार

**-मौजूदा वित्तीय वर्ष 2023-24 में छुट्टा गोवंश के संरक्षण के लिए तृतीय किस्त के तौर पर 125 करोड़ रुपए की धनराशि जारी करने के निर्णय को मिली स्वीकृति**

**-इस धनराशि आवंटन से प्रदेश भर में छुट्टा घूम रहे गोवंश को संरक्षण प्रदान करने के लिए अस्थायी गोवंश आश्रय स्थलों के निर्माण में लाई जाएगी तेजी**

**-सीएम योगी की मंशा के अनुरूप, प्रदेश में गोवंश संरक्षण के लिए गो पालकों को विभिन्न परियोजनाओं में तमाम सहूलियतें दिए जाने का मार्ग हुआ प्रशस्त**

लखनऊ, 13 सितंबर। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार गोवंश संरक्षण की दिशा में बेहद सार्थक प्रयास कर रही है। नन्द बाबा दुग्ध मिशन, नंदिनी कृषक समृद्धि योजना तथा गायों के लिए एंबुलेंस व आश्रय स्थलों समेत ऐसी तमाम योजनाएं हैं जिनके जरिए प्रदेश में गोवंश को संरक्षित करने की प्रक्रिया जारी है। इसी क्रम में, सड़कों पर आवारा घूमने वाले छुट्टा गोवंश की देखरेख के लिए प्रदेश में गो आश्रय स्थलों के निर्माण प्रक्रिया में भी तेजी लाई गई है। इस बीच, छुट्टा गोवंश के संरक्षण के लिए अस्थायी गोवंश आश्रय स्थलों के निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए योगी सरकार ने विस्तृत कार्ययोजना के अंतर्गत कार्रवाई शुरू कर दी है। कार्ययोजना के अंतर्गत मौजूदा वित्तीय वर्ष 2023-24 में छुट्टा गोवंश के संरक्षण के लिए तृतीय किस्त के तौर पर 125 करोड़ रुपए की धनराशि जारी कर दिया गया है। इस धनराशि का प्रयोग प्रदेश भर में अस्थायी गोवंश आश्रय स्थलों के निर्माण कार्य में तेजी लाने और यहां आश्रय पाने वाले गोवंश को उचित पोषण व संरक्षण देने के लिए की जाएगी। इससे न केवल सड़कों पर छुट्टा घूमने वाले गोवंश की समस्या हल होगी बल्कि इन्हें उचित आश्रय, भोजन, स्वास्थ्य निदान समेत तमाम सुविधाएं मिलेंगी जिनसे इनका जीवन रक्षण संभव हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि प्रदेश को डेयरी सेक्टर में अव्वल बनाने के लिए सीएम योगी काफी प्रयास कर रहे हैं और मौजूदा धनराशि आवंटन भी इसी प्रक्रिया में तेजी लाने की दिशा में एक अहम कड़ी है।

### 50 रुपए प्रति गोवंश रोजाना के हिसाब से होगा भुगतान

सीएम योगी की मंशा के अनुरूप, प्रदेश में मौजूदा वित्तीय वर्ष 2023-24 में अस्थायी गोवंश आश्रय स्थलों में प्रति गोवंश रोजाना 50 रुपए के दर से अनुदान दिया जाएगा। इससे गो आश्रय स्थलों में गोवंश के रख-रखाव, उनके इलाज, पोषण युक्त आहार, उचित शेड समेत तमाम सहूलियतों को पूर्ण करने में मदद मिलेगी। इसके अतिरिक्त, सड़क पर घूम रहे छुट्टा गोवंश की समस्या को भी हल करने में मदद मिलेगी। कार्ययोजना के अनुसार, इन गो आश्रय स्थलों पर गोवंश को उत्तम व्यवस्था उपलब्ध हो रही है या नहीं इस बात को सुनिश्चित करने के लिए सभी जिलों में पशुपालन विभाग के अधिकारी रेगुलर इंटरवल्स पर ग्राउंड विजिट भी करेंगे। इसी प्रकार, जरूरत के अनुसार इन गो आश्रय स्थलों पर सरकारी वेटनरी डॉक्टर्स भी समय-समय पर गोवंश के स्वास्थ्य की जांच करेंगे। वहीं, जिलाधिकारी, ब्लॉक अधिकारी व ग्राम पंचायत अधिकारी भी समय-समय पर इन स्थलों के निरीक्षण का दायित्व वहन करेंगे।

### पशुपालन विभाग की देखरेख में प्रक्रिया को किया जाएगा पूर्ण

सीएम की मंशा के अनुरूप, पशुपालन विभाग द्वारा प्रदेश भर में बन रहे अस्थायी गोवंश आश्रय स्थलों के निर्माण और देखरेख की प्रक्रिया को सुचारू रूप से क्रियान्वित करने की जिम्मेदारी पशुपालन विभाग को दी गई है। पशुपालन विभाग न केवल अस्थायी गो आश्रय स्थलों के निरीक्षण समेत सर्टिफिकेशन और सभी प्रकार के क्लियरेंसेस को पूर्ण किया जाएगा। वहीं, धनराशि आवंटन की प्रक्रिया को उत्तर प्रदेश सरकार की रूलबुक के अनुसार ही आवंटित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि जो धनराशि आवंटित की जा रही है उसका इस्तेमाल निर्धारित मद के अतिरिक्त किसी अन्य मद में न किया जाए।

# आतंकी घटनाओं से निपटने के लिए यूपी पुलिस और एनएसजी ने किया संयुक्त अभ्यास

**संयुक्त रूप से काउंटर टेरर के खिलाफ मॉक ड्रिल्स का किया गया आयोजन**

**लोगों से की गई संयम रखने और अफवाह नहीं फैलाने की अपील**

लखनऊ, 13 सितंबर। लॉ एंड ऑर्डर की दिशा में उल्लेखनीय काम करने वाली योगी सरकार प्रदेश में आतंकी घटनाओं को लेकर भी सजग है। इस तरह की घटनाओं को रोकने और उनसे निपटने के लिए समय-समय पर सीएम योगी के निर्देश पर यूपी पुलिस मॉक ड्रिल करती रही है। इसी क्रम में बुधवार को भी यूपी पुलिस और एनएसजी की टीम ने इस तरह की घटनाओं पर अपनी तैयारियों को और पुख्ता करने के लिए संयुक्त अभ्यास 'गांडीव-5'को अंजाम दिया। यह संयुक्त अभ्यास गुरुवार को भी जारी रहेगा। अभ्यास के दौरान राज्य प्रशासन, यूपी पुलिस की विभिन्न इकाइयों और एनएसजी द्वारा संयुक्त रूप से काउंटर टेरर की मॉक ड्रिल्स की गई। ये मॉड ड्रिल्स लखनऊ के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर संपन्न हुई।



मॉक ड्रिल को लेकर स्पेशल डीजी लॉ एंड ऑर्डर प्रशांत कुमार ने आम जनता के लिए एक एडवाइजरी भी जारी की। इसमें उन्होंने लोगों से संयम रखने और विचलित न होने की अपील की। साथ ही किसी प्रकार की अफवाह न फैलाने और न ही अफवाहों पर ध्यान देने के लिए भी कहा। पुलिस प्रशासन द्वारा मॉक ड्रिल्स को सुचारू रूप से संचालित किए जाने के लिए जो भी दिशा निर्देश दिए जाएं, उनका अक्षरशः पालन किया जाना सुनिश्चित करने की भी अपील की गई है।

## आवश्यकता है

देश में तेजी से फैलते हिंदी दैनिक समाज जागरण अखबार को भोजपुर (आरा),बक्सर व कैमूर जिले में व्यूरो प्रमुख, विज्ञापन प्रतिनिधि, प्रखंड रिपोर्टर व क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।
वहीं रोहतास जिले के प्रखंड बिक्रमगंज, नासरीगंज, राजपुर, अंकोढी.गोला, डेहरी, नौहट्टा, शिवसागर, सासाराम व सुर्यपुरा में समाचार संकलन हेतु उक्त प्रखंडों में प्रतिनिधियों की भी जरूरत है। कृपया आप इस सम्पर्क सूत्र -ः 9006265092, 6200504654 व 9801253445 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# केंद्र सरकार के क्रियाकलापों के विरुद्ध गोह में भारतीय कम्युनिस्ट के नेताओं ने किया प्रदर्शन

**दैनिक समाज जागरण कुमारी जिज्ञासा प्रखंड संवाददाता गोह**

औरंगाबाद (बिहार)बिहार राज्य भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने 12 ,13 ,14 सितंबर 2023 को केंद्र की नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही भाजपा की सरकार की विघटन कार्य , जनतंत्र विरोधी , संविधान विरोधी , आम आवाम विरोधी कॉर्पोरेट घराने की गोद में बैठी अति दक्षिणपंथी प्रतिक्रियावादी फसिज्म राह पर तीव्र गति से बढ़ती हुई तानाशाही के विरोध में बिहार राज्य के तमाम प्रखंड सह अंचल कार्यालय के प्रांगण में जान प्रदर्शन आयोजित कर 22 सूत्री मांगों को बुलंद करने का आह्वान किया। इसी को लेकर प्रसंग एवं क्रम में गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित बुधवार को प्रखंड अंचल कार्यालय के प्रांगण में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के तत्वाधान में आक्रोषपूर्ण प्रदर्शन आयोजित किया गया । जिसमें भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के अंचल मंत्री सुरेश यादव ने 22 सूत्री मांगों को लेकर प्रखंड



कार्यालय के प्रधान के प्रति ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि संविधान द्वारा प्रदत्त जनतांत्रिक और जनता के मौलिक अधिकारों पर हमला करना बंद करें। बेकरी की समस्या से जूझते नौजवानों की समस्या दूर करें। बिजली की आपूर्ति अनियमित है, कम वोल्टेज के कारण सिंचाई का काम बाधित है इसे दुरुस्त करें। प्रखंड से लेकर ऊपर तक रोम रोम में व्याप्त भ्रष्टाचार पर रोक लगाई जाए। तथा शिक्षित बेरोजगारों का जब तक काम नहीं मिलता है, तबतक लाभकारी विकारी भत्ता देने की मांग की है।इस मौके पर अरुण कुमार , सतीश प्रसाद, राम एकबाल सिंह, सुरेंद्र प्रसाद यादव, सोमनाथ यादव , महेंद्र नाथ सिंह , रामजी यादव , सत्येंद्र पासवान , कृष्णा मिस्त्री एवं सुरेश मेहता सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# प्रमाणिक तथ्यों के आधार पर संकलित किया गया सौरभ चौबे की प्राचीन भारत:- डॉ आशुतोष मिश्रा

**दैनिक समाज जागरण कुमारी जिज्ञासा, प्रखंड संवाददाता गोह**

औरंगाबाद (बिहार)भारत का इतिहास बहुत ही वृहत्तर है। भारत के प्राचीन इतिहास को लेकर पूर्व के इतिहासकारों में मतभेद हैं जिसका कारण इतिहासकारों की मत भिन्नता है या उनका किसी विशेष विचारधारा से जुड़ा होना रहा है। इतिहास के तथ्यों का प्रमाणों के साथ अपडेट करने की जरूरत भी होती है। परंतु यह कार्य बहुत कम देखने को मिलता है। इस संदर्भ में मगध विश्वविद्यालय बोधगया से प्राचीन भारतीय एवं एशियाई अध्ययन स्नातकोत्तर विभाग से अव्वल रहे व वर्तमान में भारतीय संस्कृति से जुड़े विषयों पर शोधकार्य संपन्न किए गोह



प्रखंड के देवकुंड गांव निवासी डॉ आशुतोष मिश्रा ने बताया कि अभी तक भारत का ऐसा इतिहास नहीं लिखा गया जिसे की हम पढ़कर विद्यार्थी यह मान लें कि यहां पर स्थापित सत्य है। हालांकि उत्तर प्रदेश के जी.डी बिनानी पीजी कॉलेज मीरजापुर के प्राचीन इतिहास विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सौरभ कुमार चौबे द्वारा लिखित प्राचीन भारत की पुस्तक इतिहास विद्यार्थियों व विषय प्रेमियों के लिए विशेष लाभदायक सिद्ध होगी। यूजीसी नेट व अन्य उच्च स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता के लिए यह पुस्तक संजीवनी के रूप में काम आयेगी। श्री चौबे ने बहुत ही अथक परिश्रम कर अपनी पुस्तक को प्रमाणिक तथ्यों के आधार पर संकलित किया है।

# देवकुंड में श्रीकृष्ण भगवान के छठी पर भंडारे का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण कुमारी जिज्ञासा , प्रखंड संवाददाता गोह**

औरंगाबाद (बिहार)गोह प्रखंड के देवकुंड स्थित राधा कृष्ण मंदिर में बुधवार को भगवान श्री कृष्ण के जन्म के छठे दिन उनकी छठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मठाधीश कन्हैयानंद पुरी के नेतृत्व में भगवान श्रीकृष्ण के बालरूप की विशेष पूजा अर्चना हुई। नए-नए वस्त्र भगवान को पहनाए गए तत्पश्चात



भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर कढ़ी-चावल का प्रसाद ग्रहण किया वहीं देर शाम तक भंडारा जारी रहा। विदित हो कि प्रखंड के दर्जनों ठाकुरबाड़ी में यह उत्सव पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर आशुतोष मिश्रा, संजय गिरी, चुही तिवारी, छट्ठू दुबे, श्रीराम तिवारी, हरेराम तिवारी, कमता गिरी, धनंजय मिश्रा, पिंटू मिश्रा, अक्षय पटेल, प्रफुल्ल पासवान सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# बिहार सरकार के पूर्व कृषि मंत्री सह भाजपा नेता ने मनाया महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 228 वे पुण्यतिथि समारोह.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया( बिहार )- बिहार सरकार के पूर्व कृषि मंत्री सह भाजपा के वरिष्ठ डॉक्टर प्रेम कुमार ने महारानी अहिल्याबाई होलकर के 228वीं पुण्यतिथि मनाया . उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व कृषि मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि भारतीय संस्कृति की एक प्रतीक और अद्वितीय साहस,वीरता की प्रतीक महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 228 पुण्यतिथि हमें नारी जाति पर गर्व करने का अवसर प्रदान करता है. उन्होंने आगे कहा कि समाज में नारियों का सम्मान के महत्व का पता चलता है. उन्होंने आगे कहा कि एक बहादुर महिला,एक निडर महिला,साहसी नारी एवं आत्मनिष्ठ महिला के रूप में सदा याद किये जाती रहेगी.महारानी अहिल्याबाई होलकर अपने समय की सर्वश्रेष्ठ योद्धा,महारानी लक्ष्मीबाई के समान ही बहादुर थीं. अपनी प्रजा के लिए सदा तत्पर रहने वाली महारानी प्रजा में सर्वाधिक लोकप्रिय थी.उनके शासन काल में मराठा साम्राज्य ने काफी नाम कमाया था। इनके द्वारा कई हिंदू मंदिरों का निर्माण करवाया गया था.10 वर्ष की अल्पायु में ही मालवा में होलकर वंशीय राज्य के संस्थापक मल्हार राव होलकर के पुत्र खंडेराव के साथ शादी हुई थी। 29 वर्ष की युवावस्था में ही पति की मृत्यु के बाद एक बेटा और एक बेटी के साथ शासन की बागडोर का सफल संचालन



किया.इंदौर को एक खूबसूरत शहर बनाने में इनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। इन्होंने सड़कों का जाल बिछाया। पुरानी सड़कों को मरम्मत कराया। गरीबों के लिए भोजन एवं शिक्षा की समुचित व्यवस्था की। विधवा महिलाओं की स्थिति की सुधार के लिए कानून में संशोधन कराई। कोलकाता से लेकर बनारस तक सड़क निर्माण कराया। बनारस में अन्नपूर्णा माता का मंदिर,गया जी में भगवान विष्णु जी का मंदिर,सहित काशी,मथुरा,गया जी,अयोध्या जी,हरिद्वार,द्वारिका,जगन्नाथ, बद्री नारायण और रामेश्वरम जैसे विश्व विख्यात और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान पर कई मंदिरों का निर्माण कराया। नदी घाटों का निर्माण कराया। कुआं खुदवाई,बावरिया लगाया, प्यासे के लिए पानी की व्यवस्था की।* एक कुशल राजनीतिज्ञ, दार्शनिक, सनातन की हितैषी, हिंदू हृदय,महारानी अहिल्याबाई होल्कर जी थी। 30 वर्षों तक होलकर साम्राज्य की गद्दी पर बैठ कर धर्म का संदेश फैलाने के लिए,औद्योगिक करण के प्रचार्प्रसार के लिए और प्रशासनिक कौशल के लिए सदा याद किए जाते रहेंगी। महारानी अहिल्याबाई होल्कर जी के जन्मोत्सव के अवसर पर महारानी के श्री चरणों में मेरा शतशत नमन और पुष्पांजलि। साथ मे उपस्थित राजू सिंह, अनिल स्वामी, आंनदधीश, मुन्ना पांडा, पप्पू चंद्रवंशी, अमित कार्तिके, देंवनन्द पास्वान, ऋषि लोहानी, अक्षय कुमार, टिंकू गोस्वामी, रणविजय रौशन अन्य उपस्थित रहे.

# गया पुलिस ने पिंटू हत्याकांड मामला का खुलासा करते हुए एक अपराधी को किया गिरफ्तार .

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया (बिहार)- गया कि पुलिस ने पिंटू हत्याकांड मामला का खुलासा करते हुए एक अपराधी को गिरफ्तार किया है. बताते चलें कि गया जिले के बुनियादगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत 31 सितंबर 2023 को अपराधियों के द्वारा एक व्यक्ति को हत्या कर दी गई थी .वहीं इस मामले में पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए हत्या करने वाले एक अपराधी को धर दबोचा है . शेष अपराधी को पुलिस तलाश करने में जुटी है. उक्त जानकारी सीटीएसपी हिमांशु ने प्रेस वार्ताकर मीडिया को संबोधित करते हुए कहे. उन्होंने आगे कहा कि 31सितंबर को बुनियादगंज क्षेत्र में एक व्यक्ति को अपराधियो के द्वारा हत्या कर दी गई थी वही इस मामले में पुलिस ने मामले को गभीरता से लेते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक के



नेतृत्व में एक टीम गठित कर छानबीन जारी करते हुए एक अपराधी को नवादा जिले के बारसली गंज से गिरफ्तार कर लिया गया है. गिरफ्तार अपराधी का नाम सौरभ कुमार है .और इसपर बुनियादगंज थाना में भी पहले से अपराधिक इतिहास रहा है .उन्होंने यह भी कहा कि हत्या का मुख्य कारण का पता चला कि मृतक पिंटू पासवान ने सौरव कुमार से एक चांदी का लाकेट छीन लिया था . जिसके कारण सौरव कुमार ने पिट पिट कर नुकीले एवम धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी . उन्होंने यह भी कहा कि इस मामले में और भी लोग शामिल है. पुलिस उसे भी जल्द से जल्द गिरफ्तार कर लेगी .

# सरकारी विद्यालय से 19 बोरी चावल हुई चोरी, जांच में जुटी पुलिस।

**दैनिक समाज जागरण कुमारी जिज्ञासा, प्रखंड संवाददाता गोह**

औरंगाबाद (बिहार)गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड कॉलनी के समीप उत्क्रमित मध्य विद्यालय से चोरों ने बीती रात कमरे का ताला तोड़कर 19 बोरा चावल की चोरी कर लिया है। मामले में विद्यालय के कार्यकारी प्रधानाध्यापक मो० मेराज आलम ने बुधवार को थाना में आवेदन देकर चोरी की सूचना दी है। सूचना मिलते ही गोह पुलिस घटनास्थल पर पहुँचकर छानबीन शुरू



कर दी है। लिखित आवेदन में बताया गया है कि रोज की तरह बुधवार को रसोईया चावल लेने के लिए उक्त कमरे के समीप जब पहुँची तो देखा कि बाहर से ताला टूटा हुआ है, और अंदर से दरवाजा बंद है। जब बच्चों को खिड़की के सहारे दरवाजा खोला गया तो देखा कि 19 बोरा चावल गायब है। रसोईया ने इसकी सूचना शिक्षकों को दी। शिक्षक ने गिनती की तो 32 बोरा चावल में मात्र 13 बोरा ही चावल बचा हुआ है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में आवेदन मिली है। पुलिस छानबीन कर रही है।

# अनुग्रह मध्य विद्यालय की शिक्षिका गंगोत्री कुमारी नहीं रहीं

**दैनिक समाज जागरण अविनाश कुमार जिला संवाददाता औरंगाबाद बिहार**

एक कर्तव्यपरायण शिक्षिका के निधन से विद्यालय को हुई अपूरणीय क्षति-प्रधानाध्यापक

जिला मुख्यालय स्थित अनुग्रह मध्य विद्यालय की वरीय शिक्षिका गंगोत्री कुमारी की मंगलवार सुबह निधन हो गया हेडमास्टर उदय कुमार सिंह न बताया कि उनसठ वर्षीया गंगोत्री कुमारी पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थीं एवं चिकित्शा अवकाश



में रहकर अपना ईलाज करा रही थीं! वह एक बहुत कुशल शिक्षिका थी एवं अनुग्रह मध्य विद्यालय में लगभग ढाई दशकों से बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान कर रही थीं !

अनुग्रह मध्य विद्यालय के विशेष चेतना सत्र में स्वर्गीय शिक्षिका की आत्मा की शांति के लिए विद्यालय परिवार ने दो मिनट का मौन रखा एवं उनके परिवार के सदस्यों के प्रति गहरी सहानुभूति प्रकट किया !

# भनक लगते ही धंधेबाज फरार, शराब जब्त

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 13 सितंबर 2023 :- शराब के धंधेबाज की गिरफ्तारी को लेकर सिमरा थाना की पुलिस ने मंगलवार की रात्रि 7:30 बजे ठकुरी बिगहा गांव में छापेमारी की। छापेमारी की भनक लगते ही धंधेबाज फरार हो गया। घटनास्थल से 180 एमएल की 56 बोतल रॉयल ब्लू माल्ट व्हिस्की अंग्रेजी शराब बरामद हुई। यह कार्यवाही रौशनगीर खान ने की। थानाध्यक्ष ने बताया कि उक्त गांव में शराब बेचे जाने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना के आलोक में की गई छापेमारी में शराब बरामद हुई। धंधेबाज की तलाश की जा रही है। जल्द ही वह पुलिस की गिरफ्त में होगा।

## पितृपक्ष मेला 2023 को सफल आयोजन करने को लेकर जिला पदाधिकारी ने पितामहेश्वर, गोदावरी एवं अक्षयवट बेदी स्थल का किया निरीक्षण

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल**

गया( बिहार )- गया के जिला पदाधिकारी, डॉ० त्यागराजन एस एम ने पितृपक्ष मेला 2023 के सफल आयोजन करने को लेकर पितामहेश्वर , गोदावरी एवं अक्षयवट वेदी स्थल का निरीक्षण किया गया . बताते चलें कि मोक्ष भूमि गयाजी धाम की धरती पर पितरों की मुक्ति की कामना लेकर आने वाले देश विदेश से लाखो लाख तीर्थयात्रियों द्वारा गया के विभिन्न प्रमुख बेदियों पर पिंडदान का कार्य किया जाता है. गया के प्रमुख वेदियो में प्रेतशिला , रामशिला, देवघाट , अक्षय वट , गोदावरी, पिता महेश्वर, विष्णुपद सहित 54 वेदियों पर विशेष रूप से श्रद्धालुओं द्वारा पिंडदान तर्पण करने आते हैं. इस वर्ष पितृपक्ष मेला का आयोजन 28 सितंबर से 14 अक्टूबर तक निर्धारित है. उक्त पितृपक्ष मेला के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक कार्य निर्धारित समय सीमा के अंदर पूर्ण कर करने हेतु निर्देशित है. पिता महेश्वर वेदी स्थल निरीक्षण के दौरान कहा गया कि पितृपक्ष मेला में 01 अक्टूबर को अत्यधिक पिंडदानी यहां तर्पण करने आते हैं, इस तिथि में यहां और अधिक मैन पावर के साथ समुचित सभी आवश्यक व्यवस्था करवाने का निर्देश डीएम ने सभी संबंधित पदाधिकारी को दिया है. पिता महेश्वर कुंड की सफाई के लिये डीएम ने कहा कि जाल के माध्यम से पानी के ऊपर यत्र तत्र को साफ करवाये, इसके साथ ही फिटकिरी भी देकर पानी के गंदगी को साफ करना सुनिश्चित करें. कुंड के सीढ़ियों में लगे काई को साफ करवाये, कुंड में पानी के इनलेट एवं आउटलेट के बारे में जानकारी लेने पर बताया गया कि आउटलेट की पाइप जाम है, डीएम ने अविलंब ठीक करवाने को कहा . इसके साथ ही पर्याप्त संख्या में टॉयलेट एवं पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने को निर्देश दिया. उन्होंने आगे कहा कि , परिसर में बने चेंजिंग रूम को रंगा पुताई एवं दरवाजा का लॉक सिस्टम दुरुस्त



करवाने का निर्देश दिया. इसके साथ ही पूरे परिसर में रोशनी की पूरी व्यवस्था करवाने को कहां गया है.आवश्यकता पड़ने पर त्वरित गति से टेंपरेरी टॉयलेट की भी व्यवस्था करें. जहां भी गंदगी है उसे तुरंत साफ करवाये.जिला पदाधिकारी में कार्यपालक अभियंता आईसीडी को निर्देश दिया कि पिता महेश्वर से परम ज्ञान निकेतन स्कूल की ओर जाने वाले सड़क को मरम्मत करवाये. पिता महेश्वर घाट से मंदिर के आगे तक के गलियों को समतल करवाये.गोदावरी सरोवर वेदी स्थल का निरीक्षण किया गया है। गया कि पितृपक्ष मेला के पहला तिथि में जो पिंडदानी पुनपुन घाट नही जाते वह यहां गोदावरी सरोवर में पिंडदान करने आते हैं. डीएम ने सरोवर के गंदगी को जाल से साफ करवाने को कहा है.सरोवर के बगल में झाड़ियों को साफ करवाने को कहा गया है यात्रियों की सुविधा के लिये यहाँ पर्याप्त नल का टैप लगवाने को कहा साथ ही अस्थायी टॉयलेट एवं चेंजिंग रूम एवं सरोवर के बाहरी परिसर से लेकर पीछे के साइड तक पूरा रौशनी की व्यवस्था एवं सड़क के किनारे अतिरिक्त स्ट्रीट लाइट लगवाने को कहा गया है. गलियों में फैले पाइप को कवर करवाने को कहा. पूरे गुणवत्ता के साथ सफाई करवाने को कहा।इसके बाद अक्षयवट वेदी स्थल का निरीक्षण किया गया है। टूटे टाइल्स को तेजी से ठीक करवाने को कहा गया है. सफाई की पूरी व्यवस्था रखने को कहा गया है.पानी जा जमाव न हो इसके लिये ड्रैनेज सिस्टम को दुरुस्त रखने को कहा है.नालियों के उबड़ खाबड़ को देख कर डीएम ने पूरी लेबलिंग करवाने को कहा, जिससे यात्रियों को कोई दिक्क्त न हो.यहां भी टॉयलेट, पेयजल एवं चेंजिंग रूम की पूरी व्यवस्था करवाने को कहा है.इस निरीक्षण के क्रम में नगर विधायक डॉ० प्रेम कुमार, नगर आयुक्त नगर निगम, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, पुलिस उपाधीक्षक नगर, वरीय उप समाहर्ता अभिषेक कुमार, नोडल पदाधिकारी पितृपक्ष मेला दिवाकर कुमार, नगर निगम के तमाम अभियंता, विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों एव अभियंता गण उपस्थित थे.

# गायत्री परिवार देव की ओर से 18 मोतीया बिंद रोगियों को आपरेशन के लिए भेजा गया।

**दैनिक समाज जागरण वीरेंद्र यादव जिला संवाददाता औरंगाबाद (बिहार) 13 सितंबर 2023**

औरंगाबाद जिले के देव मे शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में संचालित जिला गायत्री परिवार ट्रस्ट औरंगाबाद एवं गायत्री परिवार देव की ओर से 18 मोतीया बिंद रोगियों को आपरेशन हेतू अखण्ड ज्योति नेत्र चिकित्सालय दीघा पटना के लिए बुधवार को रवाना किया गया। रोगी वाहन को सेवानृवित शिक्षक अजय कुमार एंव बलिंदर मेहता ने हरी झण्डा दिखा कर रवाना किया एवं



स्वास्थ्य लाभ की शुभकामना दी। इस दौरान समिति अध्यक्ष श्यामंता प्रसाद यादव सचिव ललित शर्मा समन्वयक राजेन्द्र शर्मा रामसेवक जी राजू जी सीताराम भाई उपस्थित रहे ।

# नबीनगर के शिवपुर से एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 13 सितंबर 2023 औरंगाबाद जिले के नबीनगर थाना क्षेत्र से काफी दिनों से फरार चल रहे एक एनबीडब्ल्यू वारंटी को गिरफ्तार किया गया है ।पी एस आई अनित कुमार एवम सशस्त्र बल ने छापा मारकर फरार चल रहे एनबीडब्ल्यू वारंटी राहुल मिश्रा पिता ब्रिज मोहन मिश्रा ग्राम शिवपुर थाना



नबीनगर जिला औरंगाबाद को उसके घर से गिरफ्तार किया है।

थानाध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया कि गिरफ्तार किया गया वारंटी को न्यायिक हिरासत मे जेल भेज दिया गया है

# गया समाहरणालय के सभा कक्ष में जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में डेंगू की रोकथाम को लेकर संबंधित पदाधिकारी के साथ किया गया बैठक.

### जिला पदाधिकारी ने पितृपक्ष मेला को देखते हुए मेला क्षेत्र एवं सभी आवासन में डेडिकेटेड टीम रखकर फोगिंग करवाने का दिया निर्देश.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया( बिहार )- गया के जिला पदाधिकारी डॉ० त्यागराजन एस एम ने समाहरणालय के सभा कक्ष में डेंगू की रोकथाम करने को लेकर संबंधित पदाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक किया. बैठक में डीएम ने डेंगू के बढ़ते मामले और उसकी रोकथाम के लिये किये जा रहे कार्यों की पूरी निगरानी रखने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया है . उन्होंने कहा कि एंटी लार्वा छिड़काव नियमित रूप से हर जगह करवाना सुनिश्चित करें .डीएम ने निर्देश देते हुये आगे कहा कि अस्पतालों में बेडों की संख्या पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध सुनिश्चित की जाए .और मरीजों को इलाज में किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो.ब्लड बैंक में प्लेटलेट्स की उपलब्धता सुनिश्चित करायें. ताकि मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी न हो. सभी प्रखंडों/ नगर निकायों एवं शहरी क्षेत्रों में डेंगू रोधी दवा का छिड़काव नियमित रूप से करने का भी निर्देश दिया. डेंगू रोधी दवा के छिड़काव में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं हो, इसे सुनिश्चित करवाये.सभी जगह साफ-सफाई की पूरी व्यवस्था रखें.लोगों को जागरूक करने के लिये व्यापक प्रचार- प्रसार करायें.माइकिंग एवं अन्य प्रचार माध्यमों का उपयोग कर लोगों को डेंगू से बचाव के लिये सचेत करें. नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि नगर निगम के तमाम टैक्स कलेक्टर, जमादार, वार्ड पार्षद, अभियंताओं का रोस्टर बनाकर उन्हें दायित्व दे कि उनके क्षेत्र में प्रॉपर फोगिंग हो.

डीएम ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट रहे और अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल अस्पताल सहित सभी प्रखंडों के अस्पतालों में सभी जरुरी चीजों का इंतजाम रखें.अस्पतालों में बेड, चिकित्सक और दवा की कोई कमी नहीं हो. प्रखंडों में भी विशेषकर प्रभारी



चिकित्सा पदाधिकारी इस पर नजर बनाये रखें ताकि कोई मामला सामने आने के बाद तुरंत इलाज की व्यवस्था की जा सके. इसपर स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अगले तीन दिनों के अंदर जियो टैगिंग फोटो उपलब्ध करावे, जिससे स्पष्ट रहे कि उनके क्षेत्र में लगातार अच्छी गुणवत्ता के साथ फागिंग की जा रही है.डीएम ने कहा कि जिले में पितृपक्ष मेला इसी माह में आयोजित है लाखों लाख तीर्थ यात्री दूसरे राज्यों एवं देश से आते हैं. इसलिए फूल अलर्ट में रहकर पूरी तत्परता से डेंगू पर नियंत्रण रखना है.विष्णुपद मेला क्षेत्र के लिए डेडीकेटेड टीम रखकर फागिंग की व्यवस्था की जा रही है.जिला पदाधिकारी ने नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि मेला क्षेत्र के विभिन्न गलियों, विभिन्न वेदी स्थल, तालाब, नदी के समीप फागिंग पर विशेष टीम लगाकर दवा का छिड़काव करावे. इसके साथ ही पितृपक्ष मेला अवधि में सभी आवासन स्थल पर फॉगिंग की पूरी व्यवस्था रखें. कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बोधगया को निर्देश दिया मंदिर के बाहरी परिसर के समीप के साथ-साथ गलियों में भी अच्छी तरीके से फॉगिंग करवाये.इस बैठक में नगर आयुक्त गया नगर निगम, सिविल सर्जन गया, अधीक्षक मगध मेडिकल, सभी नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी, डीपीएम स्वास्थ्य सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे.डेंगू एवं चिकनगुनिया के संबंध में आवश्यक सूचना* :-

डेंगू एवं चिकनगुनिया की बीमारी संक्रमित एडिस मच्छर के काटने से होती है.यह मच्छर दिन में काटता है एवं स्थिर साफ पानी में पनपता है.

.इन बीमारियों के लक्षण* :

तेज बुखार, बदन, सर एवं जोड़ों में दर्द तथा आँखों के पीछे दर्द। त्वचा पर लाल धब्बे एवं चकत्ते का निशान, नाक, मसूढ़ों से या उल्टी के साथ रक्त स्त्राव होना,काला पैखाना होना

इन लक्षणों के साथ तेज बुखार से पीड़ित मरीज को अविलम्ब सदर अस्पताल अथवा मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाएँ।यदि किसी व्यक्ति को पूर्व में डेंगू हो चुका है तो उन्हें अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है, वैसे व्यक्ति दोबारा डेंगू बुखार की शंका होने पर तुरन्त ही सरकारी अस्पताल एवं चिकित्सक से सम्पर्क करें.

डेंगू और चिकनगुनिया से बचाव हेतु निम्न उपाय करें : दिन में भी सोते समय मच्छरदानी का इस्तेमाल करें.

मच्छर भगाने वाली दवा, क्रीम का प्रयोग दिन में भी करें। पूरे शरीर को बैंकने वाले कपड़े पहने, घर एवं सभी कमरों को साफ-सुथरा एवं हवादार बनाए रखें।टूटे-फूटे बर्तनों, कूलर, ए.सी.,फ्रिज के पानी निकासी ट्रे, पानी टंकी एवं घर के अंदर एवं अगल-बगल में अन्य जगहों पर पानी न जमने दें। अपने आस-पास के जगहों को साफ-सुथरा रखें तथा जमा पानी एवं गदंगी पर कीटनाशी दवाओं का छिड़काव करें.गमला, फूलदान इत्यादि का पानी हर दूसरे दिन बदलें.मॉल दुकानदारों,प्रबंधकों से भी अनुरोध है कि खाली पड़े जगहों में रखे डब्बों, कार्टनों आदि में पानी जमा न होने दें.

जमे हुए पानी पर मिट्टी का तेल डालें। याद रखें हर बुखार डेंगू नहीं है। बीमारी के लक्षण होने पर बिना समय नष्ट किये अन्य चिकित्सक से सम्पर्क करें.

डेंगु एवं चिकनगुनिया बुखार की स्थिति में सभी रोगियों को अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता नहीं होती है।

समय पर उपचार कराने से मरीज पूर्णतः स्वस्थ्य हो जाता है। तेज बुखार के उपचार हेतु एस्प्रीन अथवा ब्रुफेन की गोलियाँ कदापि इस्तेमाल नहीं करें। इसके लिए पारासिटामोल सुरक्षित दवा है. एम्बुलेंस हेतु टॉल फ्री नं० 102 डायल करें.

# बिहार के मुखिया मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को देव में आने का निमंत्रण दिया है :- जदयू प्रखंड अध्यक्ष देव

**दैनिक समाज जागरण वीरेंद्र यादव जिला संवाददाता औरंगाबाद (बिहार) 13 सितंबर 2023:-**

औरंगाबाद जिले के देव प्रखंड क्षेत्र के जदयू प्रखंड अध्यक्ष बृजेश कुमार सिंह ने नगर अध्यक्ष औरंगाबाद सैयद मुजफ्फर इकबाल कादरी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से देव में आने को लेकर निमंत्रण दिया है और



साथ में ज्ञापन देते हुए कहा है कि देव के पातालगंगा में मेडिकल कॉलेज की मांग रखी और उन्होंने कहा कि पहले जब आप मुख्यमंत्री 2005 में बने थे तब भगवान भास्कर के नगरी डी में आकर माथा टेका था इसलिए नीतीश कुमार से अनुरोध करता हूं कि आप देव में आए और भगवान भास्कर की पूजा अर्चना करें।

# 50 फीसदी से कम उपस्थिति वालों स्कूलों पर गिरी गाज।

**डी ई ओ ने एच एम सहित सभी शिक्षकों के 07 दिनों का वेतन काटा।**

**सम्बंधित बी ई ओ भी वेतन कटौती के चपेट में।**

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता, ठाकुरगंज (किशनगंज)**

बिहार के प्रारंभिक विद्यालयों में छात्र व शिक्षक अनुपात में शिक्षकों की पदस्थापना, बच्चों के बैठने हेतु पर्याप्त कमरों तथा बेंच-डेस्क व दरी की उपलब्धता और विषयवार शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु कोई ठोस पहल धरातल पर फिलहाल दिख नहीं रहा है।

किन्तु इनसभी से इतर स्कूलों में रोजाना ससमय शिक्षकों की उपस्थिति के संग 50 फीसदी से अधिक बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करना प्रखंड शिक्षा अधिकारी के साथ-साथ प्रधानाध्यापकों व सभी शिक्षकों की जिम्मेदारी है। अन्यथा की स्थिति में वेतन की कटौती करने हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी अधिकृत हैं।

के के पाठक, अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग बिहार के उक्त कड़े फरमान के आलोक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, किशनगंज ने सक्रियता बरतते हुए जिले के लगभग 100 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ-साथ उन विद्यालयों के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के 07 दिनों की वेतन कटौती माह सितंबर के वेतन से करने का आदेश जारी कर दिया है। इसके अलावे सभी सम्बंधित प्रखंड शिक्षा अधिकारियों के भी 07 दिनों की वेतन काटने का आदेश जारी किया गया है। इस कड़ी में ठाकुरगंज प्रखण्ड के भी लगभग दो दर्जन विद्यालय शामिल हैं।

पत्रांक 803 दिनांक 07/09/2023 के मार्फत डी ई ओ किशनगंज ने स्पष्ट किया है कि यदि ऐसे चिन्हित विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति में वांछित सुधार नहीं होगा तो सम्बंधित प्रधानाध्यापक के विरुद्ध कड़ी अनुशासनिक कार्रवाई करने से गुरेज नहीं किया जाएगा।




वहीं 07 दिनों के वेतन कटौती से आहत शिक्षक-शिक्षिकाओं में से कई ने नाम नहीं छापने की शर्त्त पर बताया कि इस लापरवाही के लिए पूर्णतः प्रधानाध्यापक ही जिम्मेदार हैं। उनके तरफ से न तो किसी प्रकार की जागरूकता रैली निकालने और न ही अनुपस्थित रहने वाले बच्चों के अभिभावकों से व्यक्तिगत सम्पर्क साधने में कोई विशेष रुचि दिखायी जाती है। दबी जुबान में वे यह भी कह गये कि उनसभी को ईमानदारी से बच्चों की उपस्थिति दर्ज करने का दंड मिला है जबकि सच्चाई यह है कि यदि निरीक्षण हेतु जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मियों द्वारा 50 फीसदी से अधिक बच्चों की उपस्थिति दर्शाने वाले विद्यालयों में बच्चों की भौतिक उपस्थिति का जायजा लिया जाता तो एक नयी कहानी स्वतः ही उजागर हो जाता। हर हाल में 50 फीसदी से अधिक बच्चों की उपस्थिति दर्शाओ वरना वेतन कटौती का दंड झेलो, का भय दिखाकर कई विद्यालयों के प्रधान मध्याह्न भोजन में लूट की छूट का लाभ उठाने में मस्ती से व्यस्त हैं।

ऐसे में के के पाठक के स्तर से यह कड़क आदेश भी जारी करना अपरिहार्य हो गया है कि विद्यालय निरीक्षण के क्रम में निरीक्षकों द्वारा स्वयं उपस्थित बच्चों की गणना कर ही प्रपत्र में वांछित सूचना भरा जाय।

वहीं यदि मध्याह्न भोजन योजना के प्रखंड साधन सेवी की बात करें तो उनका एकमात्र कार्य प्रत्येक माह के अंत में प्रखण्ड संसाधन केंद्र में बैठकर सभी विद्यालयों के प्रधानों से मासिक व्यय विवरणी ही प्राप्त करना रह गया है जबकि उसे स्कूलों के भ्रमण करने व भ्रमण के क्रम में विभाग द्वारा उपलब्ध टैबलेट से बच्चों की भौतिक उपस्थिति को दर्ज कर भोजन के गुणवत्ता की जांच और रसोई घरों की स्थिति व भोजन पकाने में इस्तेमाल होने वाले सामग्रियों की गुणवत्ता का जांच नियमित रूप से करना है।

# ड़ेंगू के प्रति गर्भवती महिलाएं बरतें ज्यादा सावधानी : सीएस

## – मच्छरदानी के प्रयोग के साथ ही साफ, सफाई स्वच्छता बरतनी है जरूरी

**राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

डेंगू, मच्छर से होने वाली बीमारियों में से एक घातक बीमारी है। डेंगू संक्रमण मादा एडीज नामक मच्छरे के काटने से फैलता है। सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोरे ने बताया कि डेंगू के प्रति शिशुओं, वयस्कों बुजुर्गों खासकर गर्भवती महिलाओं को सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने बताया कि डेंगू में अचानक बुखार शुरू होने के साथ-साथ आमतौर पर सिरदर्द, थकावट, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द, लिम्फ नोड्स में सूजने और दाने जैसे लक्षण दिखाई देते हैं।

**– गर्भावस्था को भी करता है प्रभावित**

--सदर अस्पताल की महिला चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शबनम यास्मिने ने बताया कि गर्भावस्था में वैसे भी शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता पर काफी प्रभाव पड़ता है। जिससे डेंगू होने का खतरा काफी बढ़ जाता है। अगर किसी गर्भवती महिला को डेंगू हो जाता है तो इससे उनके स्वास्थ्य के साथ-साथ गर्भ पर भी काफी बुरा प्रभाव पड़ता। कई बार तो देखा गया है कि डेंगू के कारण कई महिलाओं का गर्भ भी गिर जाता और साथ ही साथ मां की जान पर भी खतरा बढ़ सकता है। इसलिए गर्भावस्था में महिलाओं को अपना अच्छे से ध्यान रखना चाहिए और बचाव करना चाहिए। जिससे वे खुद को और होने वाले बच्चे को डेंगू संक्रमण से बचा सकें।

**– डेंगू होने पर गर्भवती महिलाओं में दिखते हैं ऐसे लक्षण–**

गर्भवती महिला को अगर डेंगू हो जाए तो उसे काफी भारी मात्रा में रक्तस्राव हो सकता है। जिससे कमजोरी और दूसरी जटिलताओं का सामना करना पड़ सकता है।मृत्यु दर भी बढ़ जाता है। डेंगू से मां और बच्चा काफी कमजोर हो जाते हैं। समय से पहले बच्चे का पैदा होना भी एक चिंताजनक शिकायत है। प्लेटलेट्स (रक्त कोशिकाओं) की भारी संख्या में कमी हो जाना एक सबसे बड़ी दिक्कत है।

**– मां से बच्चे को डेंगू होने की आशंका कम––**

भीबीडीसीओ डॉ मंजर आलमे ने बताया कि मां से गर्भस्थ शिशु को डेंगू हो इसकी आशंका कम होती है। उन्होंने बताया कि यदि गर्भवती महिला को शिशु के जन्म के समय डेंगू हो, तो नवजात शिशु को जन्म के बाद शुरूआती दो हफ्तों में डेंगू होने का खतरा रहता हैं। गर्भ में शिशुओं में डेंगू होने का पता लगाना काफी मुश्किल हो सकता है। इसलिए इससे बचाव ही एकमात्र उपाय है।

**डेंगू मरीजों के लिए पीएचसी स्तर पर विशेष वार्ड व जीएमसीएच में 10 बेड़ आरक्षित: सिविल सर्जन**

सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोरे ने बताया कि जिले के सभी प्राथमिक, सामुदायिक, रेफरल अस्पताल में मच्छरदानी के साथ पांच / पांच बेड बनाकर तैयार किया गया है। जबकि सदर अस्पताल में 10 बेड को अलग से सुरक्षित रखा गया है। ताकि जिले में डेंगू के मरीज मिलने पर उसका समुचित उपचार कर जल्द से जल्द ठीक किया जा सके। वहीं जिले के सभी निजी अस्पताल संचालकों को आवश्यक रूप से सख़्त निर्देश दिया गया है कि किसी भी मरीज की जांच में अगर डेंगू की पुष्टि होती है तो अविलंब विभाग को सूचित किया जाना चाहिए। जिला मुख्यालय स्थित अस्पताल में प्लेटलेट्स भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। साथ ही सभी स्वास्थ्य केंद्रों में कुल 1049 डेंगू जांच रेपिड एन्तिजेंट किट उपलब्ध है। सदर अस्पताल में एनएस 1 एलिसा टेस्ट किट भी उपलब्ध करवाया गया है। जिले में डेंगू कण्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी है। जहां 06456-226115 दूरभाष पर बात कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है` जिलाधिकारी श्रीकांते शास्त्री के निर्देश पर शहरी क्षेत्रों में नगर परिषद की मदद से` फॉगिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि डेंगू से बचाव को लेकर जरूरी एहतियाती उपायों पर अमल जरूरी है। ग्रामीण क्षेत्रो में आशा के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

# सेंट जेवियर्स (हिंदी) स्कूल में शतरंज प्रशिक्षण प्रारंभ

**राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

शतरंज खेल के अंतर्राष्ट्रीय नियामक संस्था फिडे द्वारा तैयार की गई अंतर्राष्ट्रीय शतरंज प्रशिक्षण योजना "चेस- इन-स्कूल" के तहत जिला शतरंज संघ द्वारा रुईधासा चर्च कैंपस में अवस्थित सेंट जेवियर्स हिंदी मीडियम स्कूल में बुधवार से शतरंज प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया जिसे अब नियमित रूप से चलाया जाएगा।

संघ के मानद महासचिव शंकर नारायण दत्ता ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि विद्यार्थियों के लिए इस खेल की उपयोगिता को समझते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय तिर्की ने जिला शतरंज संघ को अपने विद्यालय में इस योजना को लागू करने हेतु आमंत्रित किया। इस योजना के तहत विद्यालय के सहयोग से किसी अंतर्राष्ट्रीय मान्यताप्राप्त शतरंज प्रशिक्षक फिडे इंस्ट्रक्टर की देखरेख में विद्यालय के इच्छुक छात्र-छात्राओं को नियमित रूप से इस खेल का निःशुल्क विधिवत शतरंज प्रशिक्षण उपलब्ध करवाया जाता है।



महासचिव श्री दत्ता ने आगे बताया कि संघ द्वारा प्रतिनियुक्त अपने जिले के एकमात्र फिडे इंस्ट्रक्टर कमल कर्मकार ने बुधवार से इस विद्यालय के इच्छुक छात्र-छात्राओं को इस खेल का विधिवत प्रशिक्षण देना प्रारंभ कर दिया है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रशिक्षुओं में प्रीतम एक्का, डेविड टोप्पो, पूजा मरांडी, अमर मरांडी, आनंद किंडो, जोहन हांसदा, साक्षी खालखो ,सोनी बड़ा, सूरज सोरेन, आशिमा डुंगडुंग सहित 100 से अधिक विद्यार्थीगण शामिल थे। इस कार्य को सुचारू रूप से संपन्न करवाने में विद्यालय के शिक्षकवृंद यथा संजय खालखो, स्टेफन मुर्मू, अगोस्टिना इंदवार, विनीता लुगुन, पंकज टुडू, फूल कुमारी सोरेन, मनीषा हांसदा, अमरदीप कुजूर, आलोक एक्का, सुचिता हुरहुरिया, शुक्ला कुमारी, प्रेमा खालखो, लक्ष्मी टुडू, सुकेश कुजूर एवं अन्य का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। प्रशिक्षण कार्य में संघ के संयुक्त सचिव रोहन कुमार,सहायक सचिव रूद्र तिवारी सक्रिय दीखे।

# दुआरे सरकार शिविर में स्वास्थ्य साथी स्मार्ट कार्ड मिलने से महापात्रा परिवार को राहत मिली

**बिभूति भूषण भद्र दैनिक समाज जागरण झाड़ग्राम जिला संवाददाता**

राज्य सरकार के विशेष पहल दुआरे सरकार से लाभान्वित हो रहे हैं लोग। जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण है ईला महापात्रा के परिवार को चिकित्सा संकट का सामना करना पड़ा जब उनके पति शक्तिपद महापात्रा को तत्काल सर्जरी (ओपन रिडक्शन और आंतरिक निर्धारण) की आवश्यकता थी। लागत को कवर करने के साधन के बिना, उन्होंने सरकार की स्वास्थ्य साथी योजना के माध्यम से मदद मांगी। उन्होंने नयाग्राम ब्लॉक के चंदाबिला एससी हाई स्कूल (चंदाबिला ग्राम पंचायत) में दुआरे सरकार शिविर में गुहार लगाया , जहां अधिकारियों ने स्वास्थ्य साथी कार्ड के लिए उनकी पात्रता की पहचान की। शिविर के अधिकारियों ने नामांकन प्रक्रिया में उनकी सहायता की और उन्हें अंतिम नामांकन के लिए जिला पीईसी को निर्देशित किया। लाभार्थी को अंतिम कार्ड 11सितम्बर को जिला पीईसी से जारी किया गया।



स्वास्थ्य साथी स्मार्ट कार्ड जारी होने से महापात्रा परिवार को राहत मिली, जिससे उनके लिए सर्जरी संभव हो पाया । वे दुआरे सरकार के माध्यम से उनके दरवाजे पर ऐसी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार के प्रति अपना आभार व्यक्त किया है।

# 14 सितंबर को समाहरणालय सभागार में संगोष्ठी - सह - निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

**राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

हिंदी दिवस प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को मनाया जाता है। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के निदेशानुसार हिंदी दिवस के अवसर पर 14 सितंबर को समाहरणालय सभागार में संगोष्ठी - सह - निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

हिंदी दिवस समारोह में जिला स्तरीय सभी कार्यालयों के लिपिक/प्रधान लिपिक अपनी इच्छानुसार निबंध लेखन प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इसमें प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त कर्मियो को पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही,संगोष्ठी में हिंदी दिवस के अवसर पर विचार विमर्श किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम डीएम श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में पूर्वाह्न 11: 30 में प्रारंभ होगा।समारोह में हिंदी के विद्वान/जानकर लोगो को भी आमंत्रित किया गया है। विभागीय निर्देश के आलोक में जिला ,अनुमंडल और प्रखंड में हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया जाना है। डीएम ने एतद निर्देश जारी कर दिए हैं।

# झाड़ग्राम कक्षा आठ का बालक लापता

**बिभूति भूषण भद्र दैनिक समाज जागरण झाड़ग्राम जिला संवाददाता**



स्थानीय कुमुद कुमारी इंस्टीट्यूशन विद्यालय के कक्षा आठ का छात्र उत्तम महतो उर्फ. अप्पू मंगलवार से लापता बताया जा रहा है। बोरिया गांव से सुबह झाड़ग्राम शहर के एक निजी कोचिंग संस्था में पढ़ाई करने निकला बालक शाम तक अपना घर नहीं पहुंचने के कारण। परिवार के लोग काफी घबराए हुए हैं। शाम तक कोई खोज खबर नहीं मिलने के पश्चात उत्तम के पिता लक्खी महतो ने बोरियो थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसके पश्चात से पुलिस द्वारा खोजबीन प्रारंभ कर दी गई है।

# डेंगू की रोकथाम के लिए प्रभावी रूप से करें कार्य,स्वास्थ्य विभाग रहे अलर्ट: जिलाधिकारी

**शहरी व ग्रामीण इलाकों में डेंगू से बचाव और सुरक्षित रहने के लिए दिये गए कई आवश्यक निर्देश**

**शहरी क्षेत्र में जलजमाव और सफाई को लेकर दिया गया निर्देश**

**पियुष रंजन सिंह समाज जागरण विशेष संवाददाता पूर्णियां प्रमंडल**

पुर्णियां जिले में डेंगू के रोकथाम को लेकर एहतियात के तौर पर जिला पदाधिकारी कुन्दन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं नगर निगम के प्रबंधक,नगर परिषद और नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी तथा संबंधित पदाधिकारियों के साथ बुधवार को एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।डेंगू पर प्रभावी रूप से काबू पाने के मद्देनजर जिलाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए।शहरी व ग्रामीण इलाकों में डेंगू से बचाव और सुरक्षा को लेकर समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि डेंगू के मामलों पर प्रभावी रूप से रोकथाम को लेकर जिले के सभी अस्पतालों में डेंगू जांच किट एवं इलाज की सभी आवश्यक सुविधा उपलब्ध रहनी चाहिए।सिविल सर्जन,पुर्णियां डॉ अभय प्रकाश चौधरी को इस संबंध में कई जरूरी दिशा-निर्देश दिये गये। जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को यह भी निर्देश दिया



गया कि डेंगू प्रभावित गांवों में शत प्रतिशत फॉगिंग करानी सुनिश्चित करें ताकि,डेंगू के प्रसार पर काबू पाया जा सके। जिले के सभी निजी नर्सिंग होम के संचालकों सहित निजी चिकित्सकों और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के अध्यक्ष से भी अपने स्तर से सभी निजी चिकित्सकों से डेंगू मरीजों की ससमय सूचना प्राप्त करने के लिए भी आवश्यक निर्देश सिविल सर्जन को दिया गया ताकि, समय रहते मरीजों की हर संभव उपचार कर स्वास्थ्य में सुधार किया जा सके।जिलाधिकारी द्वारा नगर निगम के प्रबंधक को निर्देश दिया गया कि शहरी क्षेत्र के चौक चौराहों पर फॉगिंग और ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से डेंगू से बचाव को लेकर गहन प्रचार प्रसार करना सुनिश्चित करें,साथ ही साथ शहरी क्षेत्र में जलजमाव की निकासी और साफ सफाई ससमय कराना सुनिश्चित करें।बैठक के दौरान सिविल सर्जन डॉ अभय प्रकाश चौधरी ने बताया कि जिले में फि लहाल डेंगू के ग्यारह मरीजों की पहचान हुई है। डेंगू से निबटने के लिए जिला मुख्यालय स्थित अस्पताल में मच्छरदानी युक्त 10 बेड जबकि,अन्य सभी स्वास्थ्य केंद्रों में 5-5 बेड का विशेष डेंगू वार्ड सुरक्षित बनाया गया है।सिविल सर्जन द्वारा यह भी कहा गया कि डेंगू के खतरों को देखते हुए जिलाधिकारी के मार्ग दर्शन और दिशा निर्देश में स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड में है।डेंगू से संबंधित मामलों की समीक्षा, जागरूकता अभियान एवं फॉगिंग का अनुश्रवण प्रत्येक दिन किया जा रहा है,जिसको लेकर प्रखंडवार डेंगू (एलाईजा) जांच और मरीजों के संबंध में जानकारी संग्रह कर राज्य मुख्यालय को ससमय उपलब्ध करायी जा रही है।बैठक में सिविल सर्जन,डीपीएम,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी,सिटी मैनेजर नगर परिषद एवं नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी तथा संबंधित पदाधिकारिगण उपस्थित रहे।

# आबकारी विभाग ने किया सघन छापेमारी

**बिभूति भूषण भद्र दैनिक समाज जागरण झाड़ग्राम जिला संवाददाता**

झाड़ग्राम आबकारी विभाग द्वारा बुधवार झाड़ग्राम थाना अंतर्गत अंतपति,



सुषनीगेरिया, गोदारास्ता, इंद्राबोनी, तिलदंगा, मार्कण्डेपुर, खलसेउली, कोलाबोनी, मेउदयपुर, बेनिदी, राउतरपुर, आदि जगहों पर सघन छापेमारी कर दो मामला दर्ज किया है। साथ ही छापेमारी में 26 लीटर देसी शराब, 560 लीटर फर्मेंटेड वाश , दो एल्युमिनियम के हांडी,दो आसवन उपकरण आदि बरामद किया गया।इस आशय की जानकारी आबकारी विभाग के थाना प्रभारी अंशुमन घोष ने दी है

# जिले के मदरसों सहित नया प्राथमिक विद्यालयों में भी एल पी जी सिलिंडर।

## सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए अग्निशमन यंत्र की भी सुविधा।

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता, ठाकुरगंज (किशनगंज)**

सभी सरकारी विद्यालयों और मदरसों के रसोई घरों को जलावन और पारंपरिक चूल्हे मुक्त रखने की योजना समस्त बिहार प्रदेश में लागू है। इसी को ध्यान में रखते हुए किशनगंज जिले के उनसभी सरकारी नया प्राथमिक विद्यालयों और मदरसों को एल पी जी सिलिंडर उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया जिनमें अबतक यह सुविधा उपलब्ध नहीं थी।

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, मध्याह्न भोजन, किशनगंज ने पत्र जारी कर जिले के 175 नया प्राथमिक विद्यालयों सहित मदरसों के प्रधान और हेड मौलवी को एल पी जी सिलिंडर व गैस भट्ठी और सुरक्षा को प्राथमिकता प्रदान करते हुए अग्निशमन यंत्र खरीदने का आदेश दिया है। उक्त आदेश के संग जारी सूची में ठाकुरगंज प्रखण्ड के कुल 37 नया प्राथमिक विद्यालयों सहित मदरसों को शामिल किया गया है।




उक्त सभी सामग्रियों के क्रय हेतु प्रति विद्यालय/मदरसा को दस हजार राशि व्यय करने की अनुमति दी गयी है। सभी सम्बंधित विद्यालयों/ मदरसों के प्रधानों को कार्यालय पत्रांक 582 दिनांक 12/09/2023 द्वारा निदेश दिया गया है कि तीन दिनों के अंदर सामग्रियों का क्रय करते हुए उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रखण्ड साधन सेवी (मध्याह्न भोजन) के मार्फत अनिवार्य रूप से जमा करना है ।

# रेल यात्रियों से छिनतई करने वाले गिरोह का पुलिस ने किया भंडाफोड़

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

कटिहार क्राइम ब्रांच, जीआरपी किशनगंज व टाउन थाना पुलिस को गुप्त सूचना से मिली बड़ी कामयाबी। खगड़ा सर्किट हाउस कालू चौक के पास राजस्तरीय गिरोह के 05 सदस्यों को चोरी के मोबाइल, लैपटॉप व दर्जनों सीम के साथ रंगों हाथ गिरफ्तार कर लिया। विगत कई माह से किशनगंज रेलवे स्टेशन से लेकर कटिहार व इस्लामपुर के बीच मोबाइल छीन कर फरार हो जाने वाले गिरोह काफी सक्रिय होकर घटना को अंजाम दे रहे थे। तीन दिन पहले किशनगंज रेलवे स्टेशन से कोचाधामन बलिया निवासी रितेश कुमार यादव ट्रेन से बाहर जा रहे थे कि ट्रेन खुलते ही अपरधियों के द्वारा मोबाइल छीनने के दौरान युवक को ट्रेन से गिरा दिया था। जिस कारण युवक की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद से ही रेल पुलिस व रेलवे क्राइम ब्रांच की टीम अनुसंधान में लग गई और घटना को अंजाम देने वाले अपराधी रूईधासा निवासी अरबाज खान उर्फ.झोआ को बड़े ही नाटकीय अंदाज में गिरफ्तार कर लिया। झोआ की गिरफ्तारी के बाद चोरी की समान खरीदने वाले राजसतरीय गिरोह के सरगना को गिरफ्तार करने के रेल पुलिस क्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर सैयद एहसान अली, रेल थाना अध्यक्ष नितेश कुमार व टाउन थाना के तेजतर्रार एसआई संजय यादव की टीम ने खगड़ा सर्किट हाउस



कालू चौक के पास सुबह से सदे लिबास में जाल बिछाकर चोरी समान के सरगना पिता पुत्र सहित 5 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। सरगना ओम प्रकाश तिवारी व उसके पुत्र को हिरासत में ले लिया। इसी दौरान 20 मोबाइल, 02 लैपटॉप व दर्जनों सीम भी जब्त किया गया है।

# शादीशुदा व्यक्ति ने प्रेम जाल में फंसाकर युवती के साथ बनाया शारीरिक संबंध, आरोपी गिरफ्तार

**उत्तम सिंह: संवाददाता: दैनिक समाज जागरण:ब्यूरोचीफ दार्जिलिंग**

शादीशुदा होने के बाद बावजूद अपने से आधी उम्र की युवती को प्रेम जाल में फंसाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने और मारपीट करने के आरोप में महिला थाना की पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम नीरज प्रसाद (40) है। वह 5 नंबर वार्ड के गंगानगर इलाके का निवासी है।

सूत्रों के अनुसार, पेशे से गाड़ी चालक नीरज की पांच महीने पहले 9 नंबर वार्ड की एक 20 वर्षीय युवती से मुलाकात हुई थी। मुलाकात का दौर चंद दिनों में प्यार में बदल गया। बताया जा रहा है कि जून महीने में नीरज युवती को लेकर उत्तर प्रदेश के कानपुर चला गया था। जहां कुछ दिन रहने के बाद युवती को लेकर सिलीगुड़ी आ गया और माटीगाड़ा के तुंबाजोत इलाके में एक किराए के मकान में रहने लगा। आरोप है कि इस दौरान युवती को शादी का सपना दिखाकर कई बार नीरज ने शारीरिक संबंध बनाया। जब युवती ने शादी के लिए जोर दी तो उसके साथ नीरज ने मारपीट किया। जिससे युवती गंभरी रूप से घायल हो गई और उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती होना पड़ा। इसी के बाद युवती ने महिला थाने में नीरज के खिलाफ शादी का सपना दिखा कर शारीरिक संबंध बनाने और मारपीट करने के आरोप में मामला दर्ज करवाई। जिसके आधार पर महिला थाने की पुलिस ने नीरज को गिरफ्तार कर आज सिलीगुड़ी अदालत में पेश किया है।

# सराहनीय पहल पहाड़पुर के मुखिया अब रोज कोयरा प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को पड़ायेंगे

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा :बोड़ाम प्रखंड के पहाड़पुर पंचायत के मुखिया अजब सिंह ने कोयरा प्राथमिक विद्यालय का बुधवार को निरीक्षण किया उनके साथ विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बाघाम्बर कुंभकार थे।



निरीक्षण क्रम में पाया कि विद्यालय में कक्षा एक से पांच तक कुल 80 बच्चे है और विद्यालय में सिर्फ एक शिक्षक लंबोधर महतो है। विद्यालय में शिक्षक की कमी के कारण विद्यालय के बच्चे पढ़ाई में बहुत ही कमजोर है, तो पहाड़पुर पंचायत के मुखिया अजब सिंह ने बच्चों को 1 घंटा तक पढ़ाया और निर्णय लिया की कल से रोज विद्यालय आ कर 1 घंटा बच्चों का पढ़ाएंगे, जब तक विद्यालय में नया शिक्षक नहीं आ जाते है तब तक विद्यालय के शिक्षक लंबोधर महतो का सहयोग करेंगे ताकी विद्यालय के बच्चे कमजोर नही रहे। मुखिया अजब सिंह ने झारखण्ड सरकार और जिला उपायुक्त से आग्रह किया की जल्द से जल्द विद्यालय में दो शिक्षक की नियुक्ति की जाए।

# समाज सेवी दशरथ सिंह के सहयोग से भरा जा रहा हाथी खेदा मन्दिर रास्ता का गड्ढा

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : बोड़ाम प्रखंड के भुला मोड़ होते हुए हाथी खेदा मन्दिर जाने वाले रास्ता का गड्ढा भुला ग्राम के समाज सेवी दशरथ सिंह ने आरडीएस भट्ठा से टुकड़ा ईट लाकर भर दे रहे हैं,गड्ढा को भर देने से हाथी खेदा मंदिर जाने वाले हजारों श्रद्धालु को अब तोड़ा राहत मिलेगा जो परेशानी हो रही थी और नहीं होगा। बारिश होने से गड्ढा में पानी और इकठ्ठा नहीं होगा इससे इस रास्ते स्कूल जाने वाले बच्चों को दिक्कत नहीं होगा। इससे



पहले ग्रामीणों ने प्रखंड प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधी से आग्रह किया रास्ते के गड्ढे को भर देने के लिए लेकिन किसी ने ग्रामीणों के आग्रह को नहीं सुना और ग्राम के ही समाजसेवी दशरथ सिंह ने रास्ते का हालत देख कर अपने से ठीक करने का निर्णय लिया। गड्ढा को भरने के समय उनके साथ कलोल कर्मकार, रजनीकान्त सिंह, पिंटू मुखर्जी, सोनू बेनर्जी और गोरांग मुखर्जी थे।

# मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी,बिक्रमगंज रोहतास**

रोहतास जिले के काराकाट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बिक्रमगंज प्रखंड क्षेत्र के ग्राम रेड़िया में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन बड़ी ही धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व नवीन चंद्र शाह भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष तथा काराकाट लोक सभा के संयोजक ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि इस कार्यक्रम से देशभक्ति की भावना का विकास होता है। मिट्टी को नमन करना है वीरों का वंदन करना है यह राष्ट्रव्यापी अभियान राष्ट्र और बहादुरों की उपलब्धियां को जश्न मनाने को लेकर है ।शहीद हुए वीरों का सम्मान देना है यदि हम सब देशवासी ऐसा करते हैं तो हमारी भी गिनती जापानी इजरायली एवं जर्मन नागरिक जैसी होगी। प्रत्येक घर से मिट्टी अमृत कलश में ली गई । ग्रामीण माता बहिनी बड़ी श्रद्धा से मिट्टी और अक्षत अमृत कलश में दे रही थी। संग्रह करने के क्रम में भारत माता की जय वंदे मातरम वीर शहीदो अमर रहे। देश की रक्षा कौन करेगा हम करेंगे हम करेंगे आदि का उद्घोष लग रहे थे ।इस कार्यक्रम में सर्वश्री राकेश शर्मा,काशीनाथ पासवान,कमला देवी,सकुमारी देवी,राजेश गुप्ता, सत्येंद्र पासवान,हरक पासवान,दिनेश पासवान, हरिप्रसाद चौधरी,चट्टू खान सहित बड़ी संख्या में माता बहने व बच्चे उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन वन्दे मातरम गीत से हुआ।



# मुखिया एवं उप मुखिया का जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार रोहतास ब्यूरो**

जिला समाहरणालय स्थित संवाद कक्ष में ग्राम पंचायत के मुखिया एवं उप मुखिया के लिए पंचायती राज विभाग द्वारा चलाए जा रहे जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का बुधवार को समापन हो गया। जिले के शिवसागर एवं सूर्यपुरा प्रखंड के मुखिया एवं उपमुखिया के तीन दिवसीय प्रशिक्षण के समाप्ति के साथ हीं रोहतास जिले में सतत विकास लक्ष्य के थीम 1 गरीबी मुक्त एवं उन्नत आजिविका पंचायत, थीम 2 स्वस्थ पंचायत एवं थीम 7 सामाजिक रूप से सुरक्षित पंचायत पर प्रशिक्षण पूर्ण हो गया। इस संदर्भ में डीपीआरसी के नोडल पदाधिकारी चंदन कुमार ने बताया की प्रशिक्षण के माध्यम से जिले के सभी मुखिया एवं उपमुखिया को सतत विकास लक्ष्य को वर्ष 2030 तक पूर्णतः पंचायत में लागू करने के तरीकों के बारे जानकारी दी गई है। साथ हीं एसडीजी के 144 लक्ष्य एवं 577 संकेतक के बारे में भी बताया गया है। उन्होंने कहा कि पंचायत विकास सुचकांक पर अब लक्ष्य एवं संकेतक के पूर्ण होने को हीं पैमाना माना जायेगा। जिसके लिए सभी पंचायत प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में प्रिया कुमारी, प्रियंका कुमारी, स्वतंत्र कुमार लाल तथा प्रभात कुमार शामिल रहे।



# मजदूर के घर पहुँचे चिराग पासवान एलजेपी (आर) सुप्रीमो

**दैनिक समाज जागरण अमन गुप्ता रोहतास**

लोक जनक्ति पार्टी (रामविलाश) के सुप्रीमो सह जमुई सांसद चिराग पासवान बुधवार की देर शाम डालमिया सीमेंट फैक्ट्री मे साइकालोन हादसे के मरने वाले मजदूर अशोक पासवान के घर पहुँच परिजनों मुलाकात की। इस दौरान परिवार की आर्थिक स्थित देख वो काफी भावुक हो गए। विफर पडे, उन्होंने ने कहा कि घटना बेहद हो दुखद है। दुख की घड़ी में हम पीड़ित परिवार के साथ हैं। मामले की न्यायिक जांच होनी चाहिए। साथ ही मौके से ही रोहतास जिला पदाधिकारी को फोन कर डेहरी अनुमंडल पदाधिकारी के रवैय पर सवाल उठाते हुए कहा की मुआवजे की तय राशि जल्द से जल्द पीड़ित परिवार को दी जाए। इस तरह की घटना दुबारा न हो, इसकी भी जांच की जाए। दोषी आशिकारियो पर करवाई की जाए। परिवार वालों ने रो-रोकर चिराग पासवान को अपनी पीड़ा सुनाई। चिराग पासवान ने मातमपुर्सी करते हुए मृतक की गीता देवी को संतवाना दी व पूरे घटना क्रम की जानकारी ली। मौके पर उपाअध्यक्ष सह जिला प्रभारी विष्णु पासवान,जिला संयोजक कमलेश राय,अजीत राय,हरिहर पासवान,तुतुल सिंह,विजय पासवान,नारायण शाह, रवि सिंह, धर्मेंद्र पासवान,अखिलेश शर्मा,प्रो धीरेंद्र सिंगरिवाल,चुंचुन पासवान,लालू पांडेय,राकेश राय,रीना सिंह,कामता पासवान,छोटे लाल पासवान,अमित गुप्ता, अखिलेश यादव,बबलू गुप्ता,रवि शर्मा( मंटू) कई कार्यकर्ता मौजूद थे।



# आस्था के केंद्र के रूप में स्थापित योगी वीर बाबा का यह मंदिर पशुओं के लिए मददगार बना हुआ है

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता के०के०दूबे, दिनारा रोहतास**

रोहतास जिला अन्तर्गत दिनारा प्रखंड के पीटसर गांव के दक्षिणी छोर पर कंचन नदी के तट पर अवस्थित है यह मंदिर,जो प्राचीन समय से लोगों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। मंदिर में पशुपालक अपनी दुधारु पशुओं से जुड़ी समस्या के लिए आते हैं। कहते हैं कि यह भारत सदियों से आस्था, श्रद्धा व विश्वास का देश रहा है। जहां कोई मंदिर में जाता है तो कोई मजार पर। किसी की आस्था चर्च में है तो किसी की गुरुद्वारा पर। यहां के लोग जाकर मन्नते जहां मांगते हैं और उनकी मांगी गई मन्नते पूरी भी होती है। अब तक इंसानों को मंदिरों व मजारों पर माथा टेके हुए देखा जाता है, और मथा टेकने से लोगों को परेशानियों से निजात मिलती है। बीमार होने पर भी लोग मंदिर और मजारों पर जाकर स्वस्थ होने की दुआएं मांगते हैं, लेकिन वहीं जिले के दिनारा प्रखंड क्षेत्र में स्थित योगी वीर बाबा का एक ऐसा मंदिर है जहां इंसान नहीं बल्कि जानवरों को नजर दोस से मुक्ति मिलती है। पशुपालक अपने-अपने दुधारु जानवरों को योगी बीर बाबा मंदिर लेकर पहुंचते हैं। लोगों का कहना है कि इस मंदिर में पहुंचते ही जानवर स्वस्थ हो जाते हैं।

**कंचन नदी तट पर स्थित है योगी वीर बाबा मंदिर**

जिले के दिनारा प्रखंड के पीटसर गांव के दक्षिणी छोड़ कंचन नदी के तट अवस्थित है मंदिर,जो प्राचीन समय से लोगों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। मंदिर में पशुपालक अपने दुधारु पशुओं से जुड़ी नजर दोस की समस्या के निवारण को लेकर पहुंचते हैं। मंदिर में योगी वीर बाबा की प्रतिमा स्थापित है ।बगल में ही शिव लिंग के साथ-साथ भगवान महावीर की भी प्रतिमा स्थापित है। मंदिर की देख-रेख व पूजा पाठ नब्बे वर्षीय वृद्ध पुजारी जगदेव सिंह उर्फ साधु जी करते हैं। मंदिर के पुजारी साधु जी के अनुसार जब पशु नजर दोष की समस्या से ग्रसित होकर दूध देना बंद कर देते हैं तो पशुपालक अपने पशु व उसके बछड़े को लेकर यहां पहुंचते हैं। पशु इस पवित्र स्थान पर आने मात्र से ही ठीक हो जाते हैं। पशुओं को नजर दोष से मुक्ति मिलती। पशु को नजर दोष से मुक्ति मिलने पर पशुपालक उसी स्थान पर नजर दोस से ग्रसित पशु के दूध व चावल से प्रसाद बनाते हैं। और उस प्रसाद को योगी वीर बाबा को चढ़ाया जाता है। उसके बाद प्रसाद को अन्य लोगों के बीच वितरित किया जाता है।



**हवन कुंड के भस्म को पशु को लगाया जाता है**

नजर दोष से मुक्ति मिलने के बाद पशुपालक मंदिर के हवन कुंड के भस्म को पशु और बछड़े के शरीर पर लगाते हैं। भस्म लगाने के बाद पशुपालक अपने पशुओं को लेकर घर चले जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि योगी वीर बाबा कई सौ वर्षों से गांव की रक्षा करते आ रहे हैं। योगी वीर बाबा कौन है इसकी जानकारी अब तक किसी गांव वालों को नहीं है। ग्रामीण बताते हैं कि योगी वीर बाबा की पूजा उनके पूर्वज करते आ रहे हैं। यह परंपरा पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही है। आज भी गांव वालों का योगी वीर बाबा पर पूरा अटूट विश्वास है। बसंत पंचमी के दिन यहां विशेष पूजा अर्चना की जाती है।

# महिला की मौत पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करा जाच में जुटी पुलिस

**दैनिक समाज जागरण नसीम शाह, नोखा रोहतास**

रोहतास जिले नोखा थाना क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के बगल गली में एक निजी नर्सिंग होम में महिला की मौत हो गई। जहां पर परिजनों द्वारा जमकर हंगामा किया गया। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतू सासाराम भेज दिया। स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए मृतक प्रियंका कुमारी के पति राजू कुमार द्वारा आवेदन दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र वाली गली में एक महिला की जांच रिपोर्ट में टाइफाइड निकाला। जहां पर निजी नर्सिंग होम में महिला को सुई देने के साथ ही तबीयत बिगडने लगी, उसे सासाराम के लिए रेफर किया गया। जहां रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। परिजन नोखा थाना पहुंच क्लीनिक पर जमकर हंगामा किया। थाना अध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम भेज दिया है। मामले की पुलिस जांच कर रही है।

# पुलिस ने लापरवाह वाहन चालको से चेकिंग अभियान में वसूला छत्तीस हजार जुमार्ना

**दैनिक समाज जागरण बिक्रमगंज,रोहतास**

रोहतास जिले के बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के आरा-सासाराम मुख्य पथ पर वुधवार को थाना चौक के समीप वरीय अधिकारियों के दिशा-निर्देश पर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस आशय की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि वरीय अधिकारियों के दिशा-निर्देश पर शराब माफियाओं , अपराधियों की धरपकड़ , हेलमेट , ड्राइविंग लाइसेंस , ऑनर बुक , ट्रिपल लोडिंग सहित अन्य बिंदुओं को देखते हुए वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि हेलमेट , ड्राइविंग लाइसेंस , वाहनों के अन्य कागजात नहीं रहने की उपस्थिति में स्थानीय पुलिस के द्वारा छत्तीस हजार रुपए जुमार्ना वसूला गया। मौके पर स्थानीय थाना के वरीय पुलिस अधिकारी एवं पुलिस बल के जवान उपस्थित थे।

# अधिग्रहित भूमि पर व्यवधान उत्पन्न करने वालों की कराएं वीडियोग्राफी - डीएम

## मुआवजा भुगतान एवं योजनाओं के क्रियान्वयन में होने वाली समस्या को लेकर डीएम ने की समीक्षा

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार रोहतास ब्यूरो**

भूअर्जन से संबंधित मामलों में मुआवजा भुगतान करने एवं अधियाची विभाग के पदाधिकारियों द्वारा भूअर्जन के पश्चात योजनाओं के क्रियान्वयान आदि में उत्पन्न हो रही समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने बुधवार को एक समीक्षात्मक बैठक की। बैठक के दौरान जिला भू-अर्जन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि डीएफसीसी आईएल डीडीयू द्वारा उठाये गये बिन्दु के आलोक में जिन रैयतों के मुआवजा के संबंध में स्वत्व का विवाद है अथवा रैयत द्वारा नोटिस व आम सूचना के प्रकाशन के बाद भी राशि प्राप्त नहीं की जा रही है, उसके अभिलेख एवं राशि को प्रिंसपल सिविल कोर्ट को संदर्भित किया जा रहा है। इस मामले में डीएम ने अधियाची विभाग को अंचल अधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी के सहयोग से अविलंब कार्रवाई करते हुये संरचना को विधिवत हटाने का निर्देश जारी किया है। जिला भूअर्जन पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि सभी अधियाची विभाग से अधिग्रहित भूमि के दाखिल-खारिज कराने हेतु विहित प्रपत्र में अधिग्रहित भूमि की पूर्ण जानकारी एवं अधिग्रहण के विरुद्ध रैयत को किये गये भुगतान आदि के संबंध में प्रतिवेदन अंचलवार प्राप्त करते हुये संबंधित अंचलाधिकारियों को उपलब्ध कराते हुये अधिग्रहित भूमि का दाखिल-खारिज ससमय करवाना सुनिश्चित करें। जबकि सभी संबंधित अंचल अधिकारी जितने भी अधियाची विभाग द्वारा अधिग्रहित भूमि के दाखिल-खारिज हेतु आवेदन पत्र दिया गया है, उन सभी मामलों का अविलंब दाखिल-खारिज करना सुनिश्चित करें। यदि किसी मामलें में किसी रैयत को कोई आपत्ति हो तो संबंधित रैयत एवं संबंधित अधियाची विभाग को नोटिस निर्गत कर उसकी नियमानुसार सुनवाई कर संबंधित मामलों का त्वरित निष्पादन करना सुनिश्चित करेंगे। अधिग्रहित भूमि पर कार्य प्रारम्भ करने एवं अतिक्रमण हटाने के क्रम में यदि किसी व्यक्ति द्वारा कोई समस्या उत्पन्न किया जाता है तो उसकी वीडियोग्राफी अवश्य तैयार कराना सुनिश्चित करें। समीक्षा बैठक के दौरान अधियाची विभाग को निर्देशित किया गया कि अधिग्रहित भूमि के दाखिल-खारिज के संबंध में पत्र के माध्यम से जिला भूअर्जन पदाधिकारी को अंचलवार सूचना दें। जिससे लंबित एवं निष्पादित वादों का स्पष्ट आंकड़ा उपलब्ध हो सके। मौके पर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, उप परियोजना प्रबंधक डीएफसीसी आईएल डीडीयू, परियोजना निदेशक सासाराम, परियोजना निदेशक पटना एवं परियोजना निदेशक वाराणसी के प्रतिनिधि सहित संबंधित अंचल अधिकारी व अधियाची विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# अनियंत्रित स्कार्पियो ने बिजली मीटर रीडिंग कर्मी को रौंदा, रेफर

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी,करगहर रोहतास**

रोहतास जिले के करगहर थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधवार को पथलपुरा काली मंदिर के समीप एक अनियंत्रित स्कार्पियो ने बिजली विभाग के मीटर रीडर कर्मी को रौंद दिया। जिसमे वह बुरी तरह जख्मी हो गया। जहां आनन-फानन में ग्रामीणों ने सदर अस्पताल सासाराम पहुंचाया ।जहां चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति देखते हुए बेहतर इलाज के लिए वाराणसी रेफर कर दिया। बताया जाता है कि खोड़ेयां निवासी उपेंद्र कुमार सिंह का 25 वर्षीय पुत्र विक्की कुमार सिंह बिजली विभाग में मीटर रीडिंग कर्मी था। जो भोखरी से मीटर रीडिंग का कार्य कर उसीना गांव में जा रहा था। इस दौरान विपरीत दिशा से तेज गति से आ रही एक अनियंत्रित स्कार्पियो ने उसके बाइक में जोरदार टक्कर मारी। जिससे वह काफी दूर सड़क पर जा गिरा घटना को अंजाम देकर चालक स्कॉर्पियो लेकर फरार हो गया। सामाजिक कार्यकर्ता तेज नारायण पाठक ने परिजनों को सूचित करते हुए जख्मी को तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाया। परिजन जख्मी हालत में वाराणसी के लिए रवाना हो गए हैं। घायल युवक की स्थिति बेहद चिंताजनक बताई जाती है।




# उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस सेमिनार का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण कमलेश कुमार मिश्र, डेहरी आन सोन रोहतास**

रोहतास जिले के डालमिया नगर में बुधवार को सेमिनार का आयोजन जिला गैर संचारी रोग कोषांग रोहतास के द्वारा किया गया। अध्यक्षता कर रहे मनोचिकित्सक डॉ. आर.के.सिंह ने छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को संबोधित करते हुए बताया कि आत्महत्या कभी किसी भी समस्या का हल नहीं हो सकता। जीवन बहुत अनमोल है, दुनिया भर की दौलत लूटा कर भी हम एक पल का जीवन नहीं खरीद सकते हैं। संघर्षों से ही जीवन में सफलता मिलती है। बताया कि जीवन में हार मानने वाले लोग ही सुसाइड करते हैं इसलिए हमें बच्चों को संघर्ष करके जितना सीखाना होगा। जीवन परिवर्तनशील है कुछ कठिनाइयों के आगे घुटने नहीं टेकना चाहिए। आत्महत्या जैसे कृत्य हमें आम जिंदगी में आए दिन सुनाई देते हैं। कभी किसी का प्यार व उससे बिछड़ जाए या किसी एग्जाम में नंबर कम आए तो उसमें आत्महत्या जैसे कृत्य पनपने लगता है। जीवन के हर मोड़ पर कठिनाइयां है और बहुत आसान लगता है। अपनी सांस रोक लेना और जीवन को विराम देना पर जितना यह उन्हें आसान लगता है उतना ही उनके परिवारजनों के लिए मुश्किल होता है। हर कोई हर चीज शॉर्टकट में पाना चाहता है और वह गलत कदम उठा लेता है। आज हमारे युवाओं के बीच कंपटीशन इतना बढ़ गया है कि 100 में से सिर्फ 10% लोगों को ही सफलता मिल पा रही है बाकि लोगो को बहुत संघर्ष और कठिन जीवन जीना पड़ता है। बताया कि करोड़ो योनियों में भटकने के बाद मनुष्य जीवन मिलता है। ऊर्जा हम सब में है इसे प्रज्वलित करके अपने जीवन को सवार सकते हैं, आपकी जीस और रुचि हो उसी में आगे बढ़े और मंजिल को प्राप्त करें। मौके पर शिक्षक अनिल कुमार मिश्रा, सत्येंद्र बहादुर,नरेंद्र कुमार,विजय कुमार, सुनीता सिंह, काजल कुमारी, वर्षा कुमारी, प्रीति कुमारी, अलका रानी के अलावे छात्र व छात्राएं उपस्थित थे।



# अपर मुख्य सचिव के-के पाठक के आदेश का उड़ाई गई धजिया, सुबह 11 बजें छुट्टी देकर गहरी नींद में पकड़े गए प्रभारी प्रधानाध्यापक

## स्कूली बच्चों के साथ साथ अभिभावकों ने प्रधानाध्यापक पर लगाए कई गंभीर आरोप

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार, काराकाट रोहतास**

बिहार में शिक्षा विभाग लगातार सुर्खियों में है। ताजा मामला काराकाट प्रखंड क्षेत्र के मोथा पंचायत में स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय रघुनाथपुर का है जहां अजीबोगरीब मामला सामने आया है। जहां स्कूल प्रबंधक द्वारा दिनाक 12 सितंबर 2023 दिन मंगलवार सुबह 11 बजे ही छात्र - छात्राओं को छुट्टी देकर क्लास में नींद फरमाते स्कूल के प्रधानाध्यापक रंगे हाथ पकड़े गए है। मिली जानकारी के अनुसार उत्क्रमित मध्य विद्यालय रघुनाथपुर में अचानक कुछ क्षेत्र के मीडिया कर्मी स्कूल परिसर में दाखिल हुए। जहां स्कूल परिसर में सन्नाटा देख क्लास रूम की ओर बढ़े जहां उन्हें क्लास रूम में स्कूल के हेडमास्टर गहरी नींद में सोते पाए गए। सवाल करने पर हेडमास्टर द्वारा अजीबो गरीब जवाब सुनने को मिला। हेडमास्टर का माने तो आपसी रंजिश के बाद सभी पढ़ने आए छात्र - छात्राओं को छुट्टी दे दिया गया। वही जब इस मामले में गांव के स्थानीय लोगों से सवाल किया गया तो गांव के लोगों ने एक सुर में हेडमास्टर के प्रति कई आश्चर्य जनक खुलासा करते हुए कई गंभीर सवाल उठाए जिसमे स्कूली बच्चों को सरकार के तरफ से मिलने वाली कई महत्पूर्ण योजनाएं सामिल है। जिसका लाभ छात्र, छात्राओं को नहीं मिल पाने से स्थानीय लोगों में काफी अक्रोस व्याप्त है।

**विद्यालय में अनियमता की विवरणः**

12 सितंबर दिन मंगलवार को वर्ग 01से 08 कुल नामांकन 265, पंजी में उपस्थिति 132, वास्तविक, उपस्थिति जीरो विद्यालय में रखरखाव, स्वक्षता रंग रोगन हेतु 75 हजार रुपए प्राप्त खर्च का कोई विवर्णी नहीं, विद्यालय शिक्षा समिति से पूछने पर बताए की प्रधानाध्यापक का कथन है कि वो हिसाब अपने विभाग को देंगे जो उपयोगिता प्रमाण पत्र का प्राप्ति कॉपी दिखा देंगे। वही विद्यालय में कुल 11 शिक्षक बहाल है। परंतु आठ शिक्षको की उपस्थिति दर्ज है। वही प्रधानाध्यापक द्वारा क्लास रूम के पंखा चला कर आराम से खरार्टेदार नींद मारा जा रहा हैं। प्रधानाध्यापक से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि जब बच्चें नहीं है तो क्या करते सोए हुए है। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के के पाठक का निर्देश है कि कोई भी अपने कार्य में अगर लापारवाही करता है तो उसे तत्काल कानूनी कार्यवाही किया जाएगा। लेकिन इस विद्यालय के शिक्षकों को तो कोई परवाह ही नहीं है, चाहे वह बिहार सरकार का आदेश हों या शिक्षा विभाग के आदेश हो। वही जब प्रधानाध्यापक से पूछा गया कि अगर आपके विद्यालय में बच्चा नहीं है तो इसकी सूचना आप शिक्षा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को दिए हैं क्या..? तो जवाब मिला जी हां हम इसका सूचना प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को दिए हैं, मगर जब प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी से बात किया गया तो उन्होंने कहा कि हमें कोई ऐसी सूचना प्राप्त नहीं हुई है। स्कूल के प्रधानाध्यापक ने काराकाट प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी पर आरोप लगाते हुए कहा की सब उन्ही का निर्देश अनुसार विद्यालय में हो रहा है। कई महीनों से बिना कोई लिखित आदेश के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा एक शिक्षक प्रेम कुमार रंजन को अपने साथ प्रति दिन ले जाकर निजी काम कराया जा रहा है। विद्यालय में प्रतिदिन हाजरी बना कर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के साथ चले जाने से स्कूल के पठन, पाठन में काफी कठिनाई होती है। परंतु भिभागिए अधिकारियों की मनमानी के आगे सब कुछ फेल है। वही जब विद्यालय के सूची में देखा गया तो 11 शिक्षक हैं जिसमें में एक शिक्षिका 27 अगस्त 2015 से इस विद्यालय में पदस्थापित हैं। जब मामले की जानकारी विद्यालय के शिक्षकों से लिया गया तो शिक्षकों ने बताया कि आज तक इस विद्यालय में कभी भी शिक्षिका नहीं आई है। वही शिक्षकों ने बताया कि शिक्षिका का पेमेंट पहले से होते आया है, अभी तत्कालीन क्या स्थिति है इसका जानकारी काराकाट प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ही बता पाएंगे। फिलहाल मामला देखने से लगता है कि इसमें अधिकारीयों का भी मिलीभगत है। इसमें अधिकारी और कर्मचारी की संलिप्त स्पस्ट झलक रही है। वही जब इस मामले में काराकाट प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कलीम साहब से पूछा गया तो मामले की जांच कर करवाई करने की बात बताई।

# चार फरार आरोपी गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार रोहतास ब्यूरो**

अपराधियों तथा वारंटियों के खिलाफ रोहतास पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान में बुधवार को सासाराम मुफस्सिल थाने की पुलिस ने अलग-अलग जगहों से विभिन्न कांडों में फरार चल रहे चार आरोपीयों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों को सदर अस्पताल सासाराम में मुफस्सिल थाने की पुलिस ने स्वास्थ्य जांच कराकर न्यायिक रियासत में भेजने की तैयारी में जुटी हुई है। इस संदर्भ में सासाराम मुफस्सिल थाने की पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न जगहों से अलग-अलग मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपी लंबे समय से फरार चल रहे थे। जिन्हें गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

# 14 लीटर महुआ शराब बरामद दो तस्कर गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण विकाश शुक्ला,चेनारी रोहतास**

रोहतास जिला अंतर्गत चेनारी थाना क्षेत्र के खुदनू कला गांव के कैलाश राम के पुत्र विजय राम को चार लीटर महुआ शराब के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उधर तेलारी से तुलसी बिंद के पुत्र धर्मेंद्र बिंद को दस लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर अलग-अलग जगह पर छापेमारी की गई,जहां से 14 लीटर अर्द्ध निर्मित महुआ शराब के साथ मौके से दो तस्कर को गिरफ्तार किया गया। जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई के लिए जेल भेज दिया गया।

# नगर पंचायत रोहतास में बीती रात दो घरों में हुई चोरी

**दैनिक समाज जागरण अमन गुप्ता,रोहतास**


रोहतास नगर पंचायत के वार्ड नंबर-8 बेलापुर गांव में बीती रात दो घरों में चोरों ने सेंध मार कर गहना नगदी समेत कई सामग्री उड़ा ले गये। बेलापुर निवासी सुनील राम व नागेंद्र राम ने सुबह में इसकी सूचना रोहतास पुलिस को दी। नागेंद्र राम ने बताया कि घर में रखा गहना तथा 12 हजार नगद चोरों ने बक्से के ताला को तोड़कर निकाल लिया। मौके पर पहुंचे एसआई बुलेट पासवान जाकर तहकीकात की। दोनों ने थाने को आवेदन देकर एफआईआर दर्ज कराई। थाना अध्यक्ष कुमार धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।



# विद्युत विभाग के द्वारा किसानो के नए कनेक्शन हेतु पंच पंचायत में लगाए जाएंगे शिविर

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

कृषि कार्य हेतु विद्युत विभाग के द्वारा पंच पंचायत मे किसानो के नए विधुत कनेक्शन के लिए शिविर का अयोजन किया जायेगा। इसकी जानकारी विद्युत विभाग जेई संतोष कुमार ने दी। जेई संतोष कुमार ने बताया कि इन दोनों धान के फसल को सिंचाई की जरूरत है इसको लेकर बिजली विभाग के द्वारा पंच पंचायत मे नौवां पंचायत, कुछीला पंचायत, नरवर पंचायत, चिताव पंचायत, बलथरी पंचायत में शुक्रवार से लेकर मंगलवार तक वैसे किसान जो अभी तक कृषि कार्य हेतु विद्युत कनेक्शन नहीं लिया है उन लोगों के लिए उनके ही पंचायत में शिविर का आयोजन किया जाएगा। किसान शिविर में पहुंच अपना फोटो तथा आधार कार्ड की फोटो प्रति लगाकर आवेदन कर सकते हैं। शिविर में दिए गए आवेदन का तुरंत जांच कर किसानों को बिजली का कनेक्शन दिया जाएगा।



# विद्युत धारा प्रवाहित कटे तार के स्पर्श में आने से एक युवक झुलसा

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

रोहतास जिले के कोचस प्रखंड क्षेत्र के नारायणपुर गांव मे मंगलवार के दिन सांध्य मे खेत के तरफ घूमने गए एक 25 वर्षीय युवक को करंट लग गईं जिसमे वह बुरी तरह जख्मी हो गया। युवक बलथरी पंचायत के नारायण पुर निवासी रामदेनी पासवान का 25 वर्षीय पुत्र वकील कुमार बताया गया है। घटना के बारे में बताया जाता है कि युवक सांध्य के समय अपने खेत की तरफ घूमने जा रहा था कि खेत के रास्ते मे समरसेबल मे जोड़े गए कटे तार के स्पर्श में आ गए जिसमें करंट लगने के कारण बुरी तरह जख्मी हो गए। साथ मे खेत की तरफ घूमने गए लोगों ने आनन-फानन में उन्हें कोचस के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां ड्यूटी में तैनात डॉक्टर विकास कुमार ने इलाज उपरांत स्थिति खतरे से बाहर बता घर को भेज दिया।

# बाइक चोरी के मामले में आरोपी युवक गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी,करगहर रोहतास**

रोहतास जिले के करगहर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में एक आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। इस आशय की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष सुंदेश्वर कुमार दास ने बताया कि बभनी निवासी रमेश सिंह का पुत्र बोलबम कुमार गांव में हुई बाइक चोरी के एक मामले में आरोपी बनाया गया था। जिसे पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। जिसे न्यायिक हिरासत में भेजने की कारवाई कि जा रही है।




# बीस लीटर महुआ शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार,काराकाट रोहतास**

रोहतास जिला अंतर्गत काराकाट थाना क्षेत्र के पड़रिया गांव स्थित सकला रोड तरफ एक शराब धंधेबाज शराब लेकर भाग रहा था। काराकाट थाने के एसआई राजकुमार सिंह कुछ दूर तक पीछा कर हरियरपुर पूल के पास धरदबोचा जिसके पास प्लेटिना बाइक भी बरामद किया गया। गिरफ्तार धंधेबाज पड़रिया का निवासी नाम संजय कुमार साह पिता शिवजतन साह बताया जाता है। पुलिस ने सुचना पाते ही सकला रोड में निकल गई। पुलिस को देख सड़क पर झोला रख धंधेबाज बाइक से तेज भागना चाहा लेकिन पुलिस ने पीछा कर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान झोला में एक गैलन में करीब 20 लीटर रखा महुआ शराब बरामद के साथ एक प्लेटिना बाइक भी बरामद किया गया। गिरफ्तार धंधेबाज को मेडिकल जांच कराने के बाद जेल भेज दिया गया।

# संतोष यादव बने राजद के नगर अध्यक्ष, संजय राम को भी नगर महासचिव की बागडोर

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार,काराकाट रोहतास**

राजद के जिलाध्यक्ष मकसूद आलम ने गोडारी के संतोष यादव को नगर अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। तथा नगर महा सचिव की संजय राम को बागडोर दी गयी। इस मनोनयन पर मंत्री अनिता चौधरी, जिलाध्यक्ष मकसूद आलम, डेहरी विधायक फतेह बहादुर, दिनारा विधायक विजय कुमार मंडल, पंचायती राज प्रकोष्ठ महेंद्र प्रताप विधार्थी के साथ अनेक राजद नेताओं ने खुशी जाहिर की है। नगर में एक कार्यक्रम आयोजित कर श्री यादव और श्री राम को क्रमशः नगर अध्यक्ष पद एवं नगर महासचिव की जिम्मेवारी दी गई। दोनों जिम्मेवारियों के लिए पूरे नगर से रविश रंजन, विशाल कुमार, दिलीप कुमार, रामाकांत कुमार, दीपक कुमार के अतिरिक्त कई लोगों ने दिया बधाईयां।

# बिहपुर में युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष का मनया गया जन्मदिन

**समाज जागरण श्याम कुमार ठाकुर**

बिहपुर- (बिहार) बुधवार को बिहपुर प्रखंड के स्वराज आश्रम में बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास के जन्मदिन मनाया गया।इस मौके पर वृक्षारोपण एवं केक काटकर मनाया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मो. सबरार आलम ने किया। वही कार्यक्रम का संचालन पूर्व युवा कांग्रेस विधानसभा सचिव मो. फिरोज आलम ने किया। युवा कांग्रेस के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद सबरार आलम ने कहा कि बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस को एक सक्रिय प्रदेश अध्यक्ष मिला है।जो हर वर्ग के युवा को पार्टी में जोड़ने एवं सम्मान देने काम करते हैं। प्रेस से बात करते हुए सबरार आलम ने कहा कि बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास के स्वर्गीय पिताजी कांग्रेस पार्टी के विधायक एवं मंत्री रह चुके हैं।जो बेगूसराय जिला के बछवारा विधानसभा से आते हैं और कांग्रेस पार्टी से इनका वर्षों का नाता है।इस मौके पर रोहितआनंद शुक्ला,राधाकृष्ण सिंह,फिरोज आदि समेत अन्य कई मौजूद थे।

# भाजपा प्रवक्ता शशि मोदी के साथ दुर्व्यवहार की निंदा

**समाज जागरण कार्यालय प्रभारी आनंद कुमार**

भागलपुर (बिहार)भाजपा के वरिष्ठ नेता सह जिला प्रवक्ता शशि मोदी के साथ नगर निगम कार्यालय में स्वास्थ्य प्रभारी आदित्य जायसवाल के द्वारा दुर्व्यवहार की निंदा की गयी है।भाजपा के जिला प्रवक्ता विनोद सिन्हा एवं पंकज सिंह ने सयुंक्त बयान जारी कर कहा की भाजपा नेता नगर निगम स्थाई समिति सदस्य के पति है और भागलपुर के कददावार नेता है वो अपने क्षेत्र की समस्याओं जो वार्ड 50 और 51 के नाला सफाई को लेकर निगम कार्यालय गए थे और उन्होंने मजदूर की मांग की थी लेकिन जिस प्रकार से स्वास्थ्य शाखा के द्वारा कार्यालय में व्यवहार किया गया वो कही से भी औचित्य नहीं है। भाजपा की कड़े शब्दों में निंदा करती है और मांग करती है की आदित्य जायसवाल दुर्व्यवहार के लिए भाजपा नेता से जल्द माफी मांगे।

सरकार के द्वारा साफ शब्दों में अधिकारी और कर्मचारियों को कहा जाता है की कार्यालय आये व्यक्ति को उचित सम्मान देकर सहानभूति पूर्वक उनकी समस्या को सुने लेकिन निगम में तो उल्टा कार्य हो रहा है।

भाजपा प्रवक्ता के साथ किया गया दुर्व्यवहार सहनशीलता से बाहर है।

## सिद्धू कान्हू चौक पर हमारे वीर शहीदों की प्रतिमा जल्द लगाएं, टाटा स्टील फाउंडेशन अन्यथा आंदोलन :जेबीकेएसएस।

रविकांत गोप,दैनिक समाज जागरण,प्रखंड संवाददाता राजनगर(सरायकेला) राजनगर(झारखंड) राजनगर में बुधवार को प्रेम मार्डी के नेतृत्व में झारखंडी भाषा खातियानी संघर्ष समिति ने टाटा स्टील फाउंडेशन के खिलाफ पदयात्रा कर आक्रोश व्यक्त किया। जिसका उद्देश्य राजनगर सिद्धू कान्हू चौक पर पिछले छह वर्षों से स्थापित सिद्धू कान्हू की प्रतिमा को टाटा स्टील फाउंडेशन ने सौंदर्यीकरण के नाम से सिद्धू कान्हू की प्रतिमा को स्मारक स्थल से हटा



दिया गया है।और पिछले दो माह से सौंदरीकरण का कार्य भी ठप पड़ा है। इसी के विरोध में झारखंडी भाषा खातियानी में संघर्ष समिति के सदस्यों ने टाटा स्टील के खिलाफ आक्रोश रैली निकाली।जिसमे टाटा स्टील हाय-हाय के नारे लगाते जेबीकेएसएस के सदस्यों ने राजनगर रामदु चौक से पदयात्रा कर राजनगर प्रखंड मुख्यालय पहुंचे। जहाँ उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी को इस मामले में जल्द से जल्द संज्ञान लेने एवं टाटा स्टील फाउंडेशन को 10 दिन के सौंदर्यकरण कार्य शुरू करने की चेतावनी दी गई। इस दौरान जेबीकेएसएस नेता प्रेम मार्डी ने कहा : जिस सिद्धू कान्हू की प्रतिमा पर सभी राजनीतिक दल समाजसेवी एवं कई संगठन माल्यार्पण करते थे। आज वहां हमारे पूज्य वीर शहीद सिद्धू कान्हू की प्रतिमा दो महीने अपने स्थान पर नहीं है ।सौंदर्य करण के नाम पर प्रतिमा को वहां से हटा दिया गया है। सौंदरीकरण का कार्य भी ठप्प पड़ा है। लेकिन दुर्भाग्य है अभी तक किसी राजनीतिक दल या सामाजिक संगठन ने इस पर कोई आवाज नही उठाई,और ना जाने क्यों सभी चुप्पी साधे है।लेकिन जेबीकेएसएस ऐसा नही होने देगी।हमारे वीर शहीदों का अपमान हम बर्दाश्त नही कर सकते है। जेबीकेएसएस इसका पुरजोर विरोध करती है। और यदि 10 दिन के अंदर सिद्धू कान्हू की प्रतिमा को अपने स्थान पर नहीं लगाया जाता है या फिर सौंदर्य करण का कार्य शुरू नहीं होता है तो 10 दिन बाद जेबीकेएसएस पुरजोर आंदोलन करते हुए रोड चक्का भी जाम कर सकती है।

## राजनगर में तीन अक्टूबर की संकल्प यात्रा के सफल आयोजन हतु भाजपा की तैयारी बैठक संपन्न

रविकांत गोप,दैनिक समाज जागरण,प्रखंड संवाददाता राजनगर(सरायकेला) राजनगर(झारखंड)13सितंबर2023: भारतीय जनता पार्टी प्रखंड पश्चिमी मंडल की ओर से बुधवार को राजनगर स्थित कुर्मी भवन में प्रखंड अध्यक्ष नारायण महतो के अध्यक्षता बैठक सम्पन्न हुई. बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष गणेश महाली, विशिष्ट अतिथि के रुप में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय



कार्यसमिति सदस्य रमेश हांसदा, पुर्व विधायक अनन्त राम टुडू, भाजपा एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजय सरदार उपस्थित थे. बैठक में आगामी 3 अक्टूबर 2023 को राजनगर में संकल्प यात्रा " मेरा माटी मेरा देश " कार्यक्रम को विषय को सफल बनाने पर विचार विमर्श किया गया. बैठक को संबोधित करते हुए गणेश महाली ने कहा कि राजनगर में संकल्प यात्रा मेरा माटी मेरा देश में ऐतिहासिक सफल होगा. इसके लिए अभी से तैयारी शुरू कर दिया गया है. इस अवसर पर हरे कृष्णा प्रधान , मेघराय मार्डी , दिलीप राउत , राम रतन महतो , कमलेश्वर महतो, अनंत साहू , शंभू कुमार राउत , उदित महतो , नरेंद्र कुमार महतो , सुबोध महतो, डोबरो देवगम , प्रमोद महतो ,कृष्णा सरदार ,शंभू तांती ,राम रतन महतो, पिंकू राम टुडू, दिलीप महतो ,महावीर सरदार , रामचंद्र महतो ,विवेक महतो ,अजीत कुमार राउत, विजय बासके, लाल महतो , तपन साहू ,सुलोचना ,गणेश महाली, संजय सरदार, रमेश हांसदा, हरे कृष्णा प्रधान ,अनंतराम टुडू , अनंत साहू , दिलीप महतो, संतोष महतो ,रवि महतो , नुनु राम महतो ,सागर हांसदा , दिलीप महतो ,सुदाम सरदार ,मुकेश महतो,अजित गोप आदि उपस्थित थे।

# शहर में अपराध पर लगाम लगाने को लेकर पुलिस ने चलाई रोको टोको अभियान, सीटी डीएसपी दिखे अलर्ट मोड में, कहा- कई जगहों को किया गया है रेड जोन अलर्ट

**समाज जागरण**
**जिला संवादाता विवेक कुमार**

भागलपुर( बिहार) आसपास के शहर में झपटमार एक बड़ी समस्या बनती जा रही है हर दिन किसी न किसी इलाके में ऐसी घटना होती ही रहती है हर वारदात का पुलिस को आरोपी झपटमार का सीसीटीवी फुटेज मिलता है लेकिन पिछले तीन माह में कई घटनाएं हो चुकी है लेकिन इस पर पुलिस अभी भी लगाम नहीं लगा सकी है इसी बाबत भागलपुर के सभी क्षेत्रों में सिटी ड-ीएसपी अजय कुमार चौधरी खुद कमान संभाले दिखे और हर चौक चौराहों पर रोकटो को अभियान चलाते दिखे हर वाहन को रोककर



उससे पूछताछ करना कागज की जांच करना और शक होने पर उसे पेनल्टी भी लगाने का काम करते देखे गए वही बीती रात मुजाहिदपुर बबरगंज एवं इशाकचक थाने के थाना प्रभारी एवं सीआईटी तीन की टीम के साथ मुजाहिदपुर इसाकचक और बबरगंज क्षेत्र के हॉटस्पॉट पर रोको टोको अभियान के तहत रेट जोन में चिन्हित किए जगह पर लोगों को रोक कर सीटी डीएसपी अजय कुमार चौधरी एवं अन्य पदाधिकारी एवं भारी मात्रा में पुलिस बल द्वारा मोटरसाइकिल की डिक्की चार पहिया वाहन की डिक्की की सघन जांच करती दिखी वही जिनके पास वहां के कागजात नहीं थे या चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट नहीं लगाए थे या फिर मोटरसाइकिल चालक हेलमेट नहीं पहने थे उसका चालान भी काटा गया वहीं सीटी ड-ीएसपी अजय कुमार चौधरी ने बताया कि भागलपुर में इस तरह के वारदात को लगाम लगाने के लिए यह कदम उठाया गया है उम्मीद है लगातार सॉन्ग चेकिंग अभियान करते रहने से जरूर इस लगाम लग सकता है और उम्मीद है इस तरह के वारदात भी कम होंगे ।

# तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के कर्मियों की 25% वेतन कटौती को लेकर कर्मियों ने दिया अनिश्चितकालीन धरना

**समाज जागरण जिला ब्यूरो**
**चीफ प्रभात कुमार मिश्रा**

भागलपुर (बिहार)तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ समन्वय समिति भागलपुर द्वारा आज अपने वेतन में 25% वेतन कटौती को लेकर कुलपति के तालिबानी फरमान पर ना खुश होकर सभी कर्मी अनिश्चितकालीन धरना पर चले गए हैं प्रदर्शनकारी कर्मियों का साफ तौर पर कहना है कि वेतन भुगतान में किसी तरह की बात अगर होगी तो वह कोषांग का काम है विश्वविद्यालय का नहीं वहीं



प्रदर्शनकारियों ने कहा कि 24 घंटे के अंदर तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर जवाहरलाल ने 25% वेतन कटौती कर भेजने की बात कही जिसको लेकर हम सभी काफी नाखुश हैं हम लोग अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं वहीं प्रदर्शनकारी काफी नाखुश दिखे प्रदर्शनकारीकर्मी ने कहा यह तालिबानी फरमान हम लोग नहीं चलने देंगे हम लोगों का वेतन कई महीनो से फंसा हुआ रहता है जब भी वेतन मिलने की बात आती है उसमें 25% कटौती की बात कही जाती है यह कहीं से सही नहीं है हम लोग अपने परिवार को ढंग से खाना नहीं मिला पा रहे हैं बच्चों का ट्यूशन नहीं दे पा रहे हैं ,अगर हमारी मांगे पूरी नहीं की गई तो यह हड़ताल और निश्चित कालीन है जब तक मांगे पूरी नहीं होगी तब तक यह हड़ताल चलता रहेगा यह जानकारी टीएनबी कॉलेज के इकाई अध्यक्ष सतीश मंडल ने दी।

# जगदीशपुर थाना क्षेत्र में स्कूल की सैकड़ो छात्राओं ने अपनी मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर घंटों किया सड़क जाम

**समाज जागरण कार्यालय**
**संवादाता दिलीप कुमार साह**

भागलपुर( बिहार)एक तरफ जहां बिहार सरकार के शिक्षा विभाग में मिनटों में शिक्षकों के लिए नए-नए तालिबानी फरमान जारी होते हैं, कभी सेल्फी देकर उपस्थित बनाने के लिए तो कभी छुट्टियां रद्द करने के लिए वहीं दूसरी ओर विद्यालय में मूलभूत सुविधाओं का काफी अभाव है, बिहार की चरमराई शिक्षा व्यवस्था किसी से छुपी नहीं है यहां की खस्ताहाल स्कूल की इमारतें शिक्षकों के खाली पद क्लास में बच्चों की अनुपस्थितियां बच्चों को किताबों की कमी बिहार में आम बात है अक्सर इन सबको लेकर खबर पढ़ने और सुनने को मिल ही जाती है, लेकिन अब तो मूलभूत सुविधाओं की कमी रहने के चलते छात्राओं का भी गुस्सा लाजमी है आज भागलपुर के जगदीशपुर स्थित लोकनायक उच्च माध्यमिक विद्यालय की सैकड़ो बच्चियों ने अपने मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर भागलपुर जगदीशपुर के मुख्य मार्ग को जाम कर दिया, छात्राओं का साफ तौर पर कहना था कि हम लोग जिस विद्यालय में 6 घंटे बिताते हैं वहां ना तो पानी की समुचित व्यवस्था है ना ही बिजली की व्यवस्था है ना ही बैठने के लिए बेंच की समुचित व्यवस्था है ना ही शौचालय साफ सुथरा रहता है आखिर हम लोग 6 घंटे कैसे बिताए ? इसका जवाब कौन देगा ? विद्यालय में बिजली नहीं रहने के चलते हम लोगों की तबीयत खराब हो जाती है पानी की व्यवस्था नहीं रहने से हम लोग परेशान हो जाते हैं ,शौचालय साफ नहीं रहने के चलते हम लोग इधर-उधर भटकते रहते हैं आखिर यह कब तक चलेगा, एक सुर में सभी प्रदर्शनकारी छात्राओं ने कहा कि हमारी मूलभूत सुविधा जल्द से जल्द दुरुस्त की जाए वरना यह आंदोलन और तेज होगा, छात्राओं ने घंटोंभागलपुर जगदीशपुर मुख्य मार्ग को जामकर अपना प्रदर्शन किया।

# पूर्व राज्यपाल व सत्ताधारी कांग्रेस के बड़े नेता से 'भिड़ने' वाली IPS अफसर को नीतीश सरकार ने बुलाया पटना...अब राजधानी की करेगी सुरक्षा

**दैनिक समाज जागरण अविनाश कुमार जिला संवाददाता औरंगाबाद बिहार**

पूर्व राज्यपाल, पूर्व सांसद, पूर्व पुलिस कमिश्नर और सत्ताधारी कांग्रेस के बड़े नेता से भिड़ने वाली महिला आईपीएस अधिकारी को नीतीश सरकार ने पटना बुला लिया है.

उन्हें पटना सदर अनुमंडल का एसडीपीओ बना दिया गया है. गृह विभाग ने 13 सितंबर को जो दो आईपीएस अधिकारी का ट्रांसफर किया है, उनमें एक औरंगाबाद सदर एसडीपीओ स्वीटी सहरावत भी हैं. हफ्ते भर पहले ही महिला आईपीएस अधिकारी स्वीटी सहरावत और पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार के बीच तू-तू-मैं-मैं हुई थी. इसका वीडियो भी काफी वायरल हुआ था.

**पूर्व राज्यपाल और महिला आईपीएस अफसर के बीच हुआ था विवाद**

नीतीश सरकार ने आज दो आईपीएस अफसरों का ट्रांसफर किया है. दोनों महिला अफसर ही हैं. इनमें पटना सदर की एसडीपीओ काम्या मिस्रा को सीआईडी का एएसपी बनाया गया है. जबकि औरंगाबाद की एसडीपीओ स्वीटी सहरावत को पटना सदर का नया एसडीपीओ बनाया गया है. ये वही स्वीटी सहरावत हैं जिनका सोमवार (4 सितंबर) को पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार के बीच तू-तू-मैं-मैं जैसी स्थिति बन गई. पूर्व राज्यपाल औरंगाबाद एसडीपीओ से कानून-व्यवस्था को लेकर बात करना चाहते थे, लेकिन वह मिलने का समय नहीं दे रहीं थीं. ऑफिस में भी फोन नहीं उठने के बाद पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार सीधे सदर एसडीपीओ के घर ही पहुंच गए. विभिन्न मोहल्ले में घटित चोरी की घटना का खुलास न होने और पुलिसिया व्यवहार एवं उनकी कार्यशैली से अजीज आ चुके लोगों ने पूर्व राज्यपाल के आवास पर जाकर अपनी बातें रखी थी. लगातार बढ़ रही चोरी की घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए लोगों ने लगाम लगाने के लिए पुलिस पदाधिकारी से बात करने का आग्रह किया. स्थानीय लोगों की समस्या सुनकर पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार ने अपने पीए योगेंद्र बाबू को सदर एएसपी स्वीटी सहरावत को फोन मिलाने को कहा. आरोप है कि फोन मिलाने पर दो बार रिंग होने के बाद एएसपी ने फोन नहीं उठाया.

इसके बाद फिर पूर्व राज्यपाल ने खुद अपने मोबाइल से एसडीपीओ को कॉल लगाया, लेकिन उनके रिंग होने के बाद एएसपी ने उसे भी काट दिया. अंत में पूर्व राज्यपाल पैदल ही एएसपी के आवास पहुंच गये. जहां उन्हें यह कहा गया कि मैडम आवास पर किसी से नहीं मिलती, इसलिए कार्यालय जाये तो बेहतर होगा. एसडीपीओ के गार्ड का जवाब सुनकर पूर्व राज्यपाल को वहीं आवास के बाहर खड़ा रहना पड़ा, जिसे औरंगाबाद के डीडीसी अभ्येंद्र मोहन सिंह ने देख लिया और वहां पहुंचे और अपने आवास पर चलकर बैठने का आग्रह किया, लेकिन पूर्व राज्यपाल इतने गुस्से में थे कि वह काफी देर तक एएसपी के आवास के बाहर ही खड़े रहे. अंत में एएसपी बाहर निकली और पूर्व राज्यपाल से बातचीत की.

**आवास में हम किसी से नहीं मिलते हैं**

तब एएसपी ने कहा कि वे आवास पर किसी से नहीं मिलती हैं. तब पूर्व राज्यपाल ने उन्हें फटकार लगाते हुए कहा क्यों नहीं मिलेंगी आप? आपको सबसे मिलना है. पूर्व राज्यपाल ने उन्हें पुलिस मैन्युअल की याद दिलायी. पूर्व राज्यपाल ने शहर में बढ़ रही चोरी की घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए पुलिसिया कार्यशैली पर सवाल खड़ा किया. पूर्व राज्यपाल ने कहा कि, कहीं भी पुलिस की गश्ती रात में नहीं दिखती है. आपलोग क्या पेट्रोलिंग करती हैं. एएसपी द्वारा दिये गये किसी जवाब पर पूर्व राज्यपाल संतुष्ट नहीं हुए और उनके किये गये वाताओं पर दुख प्रकट किया. साथ ही साथ उन्हें पुलिसिया रूल और रेगुलेशन की भी जानकारी दी. पूर्व राज्यपाल के साथ एएसपी द्वारा किये गये इस बर्ताव की शहर में चर्चा होती रही. बातचीत का वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है.हालांकि औरंगाबाद की एसडीपीओ ने फोन काटने व प्रोटोकॉल उल्लंघन की बात को गलत बताया था.

# प्रखंड सभागार में पोषण माह का हुआ आयोजन

दैनिक समाज जागरण ,शेखर सुमन , ईचागढ़ सराइकेला (झारखण्ड ) ईचागढ़ - सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड मुख्यालय के सभागार में बुधवार को बाल विकास एवं मानसी परियोजना के सहयोग से एसडीएम रंजीत लोहरा की उपस्थिति में पोषण माह कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें एसडीएम के द्वारा पोषण जागरूकता रथ को प्रखंड परिसर से



रवाना किया गया । पोषण माह में पोषण के प्रति सेविकाओं, स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों को जागरूक किया गया। उपस्थित लोगों को पोषण हेतु शपथ दिलाई गई।धात्री माता एवं किशोरी बालिकाओं का हीमोग्लोबिन जांच किया गया ।छोटे बच्चों का वजन किया गया एवं 11 बच्चों का अन्नप्राशन किया गया । हेल्दी बेबी शो, रंगोली प्रदर्शन, हस्ताक्षर प्रतियोगिता एवं ताजा खाद्य सामग्री का प्रदर्शनी किया गया। वहीं बच्चों के बीच प्राइज का वितरण किया गया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी रंजीत लोहरा,प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह -बाल विकास परियोजना पदाधिकारी किकू महतो, सीओ भोलाशंकर महतो, प्रमुख गुरूपद मार्डी, महिला पर्यवेक्षिका हिमाद्री , जया पांडे, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी,मानसी एनजीओ के कर्मी ,आंगनबाड़ी सेविका एवं ग्रामीण आदि उपस्थित थे।

# ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव ने किया विशुनपुर पंचायत के कई मनरेगा योजना की जाँच।

**समाज जागरण सत्येन्द्र चौरसिया प्रखंड संवाददाता नौडीहा बाजार**

पलामू (झारखंड)13सितम्बर 2023:- नौड़ीहा बाजार प्रखंड मुख्यालय से करीब 5 किमी दूरी पर अवस्थित पंचायत विशुनपुर मे संयुक्त सचिव शैली प्रभा कुजूर के द्वारा मनरेगा योजनाअंतर्गत कूप ,आवास,टीसीबी,पंचायत भवन,डोभा सहित अन्य योजना की जांच किया। जिसमें नौड़ीहा बाजार प्रखंड के आलवा विशुनपुर पंचायत के मनरेगा योजना के अंतर्गत संचालित योजना कूप ,आवास ,पंचयात सचिवालय भवन सहित सभी योजना के संयुक्त सचिव श्री कुजूर ने कार्यो की बारे मे काफी संतोषजनक बताया । आगे बताते चले कि दुर्भाग्य की बात है कि विशुनपुर पंचायत के पंचायत भवन का विकास मद की राशि लगभग 4लाख की से सुंदरीकरण का गया लेकिन सिर्फ दिखावा के लिए आगे के दृश्य सुंदर बना हुआ लेकिन पीछे का दृश्य आज भी जर्जर दिख रहा है। इसे यह प्रतीत होता है जन प्रतिनिधि और संवेदक के मिलीभगत से पुरी राशि डकार ली गई। इसी पंचायत मे एक ऐसी कूप निर्माण हुआ जो हाथी के दांत साबित हो रहा है कि नदी के किनारे सिर्फ दीवार जोड़कर और भरावट कर लाभुक दीप चंद्र चौधरी,रोजगार सेवक पंकज कुमार ,पंचायत सेवक और मुखिया व कनीय अभियंता के मिलीभगत से 447000 लीपापोती कर पुरी राशि निकाल ली गई ।वही विशुनपुर पंचायत मे पी एम आवास लगभग लक्ष्य 800 दिया गया जिसमे आवास लाभुक भी है और संयुक्त सचिव श्री कुजूर ने आवास के भी तारीफ किया लेकिन दुर्भाग्य है कि पीएम आवास के गाइडलाइन के अनदेखी कर योग्य व्यकित का आवास दिया गया ,जिसमे अलिशान भवन बनाया गया है । वही पर प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत मे मनरेगा योजना ,आवास सहित अन्य योजना की जाँच करने के बाद बड़े पैमाने पर बड़ी खुलासा हो सकता है, सभी बिंदु जाँच का विषय है।

# नगर निगम के टैंकर से पानी लेने में दो पक्ष में हुई झड़प जिसमें एक बुजुर्ग और एक महिला हुई बुरी तरह घायल

**समाज जागरण जिला संवादाता विवेक कुमार**

भागलपुर ( बिहार) बबरगंज थाना क्षेत्र के मोहम्मदाबाद वार्ड नंबर 50 में नगर निगम टैंकर से पानी लेने में दो पक्ष आपस में भिड़ गए जिसमें एक पक्ष के एक बुजुर्ग और एक महिला घायल है। घटना के बाबत बताया जा रहा है कि पिछले 4 महीने से वार्ड 50 और 51 में पानी की समस्या है जिसको लेकर नगर निगम के द्वारा



टैंकर से हर दिन पानी भेजा जाता है इसी दौरान एक पक्ष जब पानी लेने टैंकर के पास गए तो दूसरे पक्ष के लोगों ने पानी लेने से मना कर दिया और मारपीट पर उतारू हो गए। वहीं घायल ने बताया कि इन लोगों का कहना है कि यह टैंकर से सिर्फ वार्ड 51 के लोग ही पानी लेंगे आप लोग वार्ड 50 में हैं 50 के पार्षद को बोलिए वही इस पूरे मामले पर घायल पक्ष के द्वारा वार्ड 50 के पार्षद पंकज गुप्ता को फोन के माध्यम से सूचना देने की कोशिश किया गया तो वार्ड पार्षद ने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा।

# लापता हुई नाबालिक लड़की को पुलिस ने ढाका मोर चौक से किया बरामद सदर अस्पताल में कराया गया मेडिकल जांच

**समाज जागरण सुमित कुमार**

बांका( बिहार) बांका से लापता हुई नाबालिक लड़की को सदर थाना पुलिस ने ढाका मोर चौक से किया बरामद, सदर अस्पताल में मेडिकल जांच कराई गई, र.कसुमन ठाकुर ने बताया 26 अगस्त को बैजनाथपुर गांव से नाबालिक लड़की लापता हो गई थी, मामले को लेकर नाबालिक लड़की के पिता ने थाने में लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज कराया था, सूचना मिली कि लड़की ढाका मोर चौक पर है इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच कर लड़की को किया बरामद वही लड़की की मेडिकल जांच करा कर कोर्ट में पेश किया गया!

# पालीगंज स्थित पीएचसी में किया गया बंध्याकरण शिविर का आयोजन

**समाज जागरण समवाददार:- वेद प्रकाश पालीगंज अनुमण्डल**

पालीगंज/ स्थानीय बाजार स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को बंध्याकरण शिविर का आयोजन किया गया।

जानकारी के अनुसार परिवार नियोजन को लेकर सरकार की ओर से बंध्याकरण कार्यक्रम चलाई जा रही है। जिस्के तहत बुधवार को पालीगंज बाजार स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मिशन परिवार विकास अभियान कार्यक्रम के तहत बंध्याकरण शिविर का




आयोजन किया गया। जिसके दौरान अलग अलग से आये 23 महिलाओं को बंध्याकरण किया गया। वही जानकारी देते हुए प्रबंधक प्रजीत कुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम 11 सितंबर 2023 से 27 सितंबर 2023 तक चलाई जाएगी। मौके पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बिपिन कुमार ने परिवार नियोजन सम्बन्धी उचित परामर्श लोगो को दिया है।

मौके पर पालीगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी बिपिन कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक प्रजीत कुमार, स्वास्थ्य कर्मी शशि कपूर व राहुल कुमार सहित अन्य महिला व पुरुष स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

## ब्राउन शुगर के साथ दो गिरफ्तार, भेजा गया जेल

शशि भूषण महतो, दैनिक समाज जागरण, अनुमंडल संवाददाता(चांडिल) चांडिल:सराईकेला खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत कपाली ओपी पुलिस ने सघन जांच अभियान के दौरान 5.5 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है. आवश्यक पूछताछ के बाद पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को बुधवार को जेल भेज दिया. इसकी जानकारी देते हुए चांडिल के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक



द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्ति अभियान की कड़ी में मंगलवार को अनुमंडल क्षेत्र में विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया था. निर्देश के आलोक में कपाली ओपी प्रभारी संदीप कुमार के नेतृत्व में सघन जांच अभियान चलाया गया. इसी क्रम में कमारगोडा चौक के पास स्कूटी सवार दो लड़को के पास से 5.5 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर बरामद किया गया.

**पहले भी जेल जा चुका है रमजान अंसारी**

अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों में कपाली ताजनगर के रहने वाले मो. इरफान अंसारी और मो. रमजान अंसारी शामिल हैं. इनमें रमजान अंसारी चोरी के एक मामले में पहले भी जेल जा चुका है. दोनों अभियुक्त कहां से ब्राउन शुगर लाते थे और किन स्थानों में बेचते थे पुलिस इसका अनुसंधान कर रही है. पुलिस दोनों को गिरफ्तार करते हुए स्कूटी संख्या जेएच 05सीएल 1331 को भी जब्त किया है. उन्होंने बताया कि नशा मुक्ति अभियान के तहत पूरे अनुमंडल क्षेत्र में इस प्रकार का विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा.

# सड़क किनारे खड़ी ट्रक के पीछे बोलेनो कार ने मारी जोरदार टक्कर, दो गंभीर

**शशि भूषण महतो,दैनिक समाज जागरण, अनुमंडल संवाददाता(चांडिल)**

चांडिल : सराईकेला खरसावां जिला के चौका थाना क्षेत्र के टाटा रांची हाईवे एन एच 33 दुबराजपुर के समीप बुधवार शाम को सड़क किनारे खड़ी ट्रक के पीछे एक बोलेनो कार ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमें कार सवार दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार जमशेदपुर से रांची की ओर जा रही थी तभी दुबराजपुर के समीप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े



ट्रक के पीछे जोरदार टक्कर मार दिया। इस भीषण सड़क दुर्घटना में कार सवार बुंडू निवासी किशन मिश्रा व अन्य एक गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही चौका पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से कार से बाहर निकाल कर बेहतर इलाज के लिए अस्पताल ले गए।

# मनु के चार धर्मो को चरितार्थ करने के लिए भगवान अंशो के सहित प्रकट हुए-गंगा पुत्र त्रिदंडी स्वामी

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

महर्षि विश्वामित्र की तपस्थली बक्सर के राजपुर ब्लाक के पिपराढ में श्री श्री 1008 गंगा पुत्र श्री लक्ष्मी नारायण त्रिदंडी स्वामी ने उपस्थित श्रोताओं से कहा की सृष्टि के प्रारंभ में ब्रम्हा ने अपने शरीर के दो भाग किए तब मनु शतरूपा हुए।मनु और सतरूपा ने तप किया और भगवान से कहा आप हमारे यहां बेटा बन के आओ।हमे पीड़ा है हमने मनु स्मृति लिखा है,लेकिन मनुष्य तो कर नही सकते ,तो आप बेटा बन के आओ और पालन करके दिखाओ।जिसमे राम जी का आचरण अनुरूप है।राम जी ने उस धर्म को चार रूपो में प्रकट किया।इसीलिए रामो विग्रह्वान धर्मः।1,सामान्य धर्म,2,विशेष धर्म,सामान्य धर्म तो नीव है,लक्ष्मण जी का धर्म विशेष धर्म है,राम जी ने कहा हे लक्ष्मण मै तो पिता के सत्य में बंधा हुआ हू,मैं तो 14वर्ष के लिए वन में जाऊंगा, भरत शत्रुघ्न यहां है नही, इस लिए वे धर्म में बंधे है नही,जब आयेंगे तो उनपर भार होगा, इस बीच माता पिता की देख रेख कौन करेगा।अब तुम्हारा धर्म है पिता का ध्यान रखो, मैं बस यही जनता हूं, माता रामो मत पिता राम चंद्रः। स्वामी रामो मत्सखा रामचंद्रः। राम जी ने कहा ऐसा करोगे तो संसार में तुम्हारी अपकीर्ति होगी, नरक जाना पड़ेगा, हमे तो बस आप और आपकी सेवा चाहिए। भरत जी का धर्म विशेषतर धर्म है, भरत जी ने तो वल्कल वस्त्र धारण कर लिया, जटा बना ली।पर शत्रुध्न जी का धर्म विशेषतम धर्म है। शत्रुघ्न जी तो राज वस्त्र धारण करते है,नृत्य गान देखते है, हसनें वालो को बुला कर हंसी नाटक करवाते है।क्यों 14साल बाद राम जी आयेंगे और तुम सब रोवोगे तो स्वर्ग से विदूषक आवेंगे तुम्हारा अधिकार छीन जायेगा। इसलिए इतना अभ्यास करो की तुम्हारी कला को देख राम जी खिलखिला कर हंस पड़े। राम जी के वियोग में गाए चारा नही खाती ,जल नही पीती ,शत्रुघ्न जी उनके गले से लिपट जाते हैं , अरे आप चारा नही खाएंगी और कही शरीर छूट गया और राम जी आयेंगे और आपको नही देखेंगे तो उनको कितना कष्ट होगा। राम जी को रुलाना चाहती है, तब गाए चारा खाना प्रारंभ करती है,ऐसे ही सबको सांत्वना देते है ,घोड़ों को हाथी को और शाम को दिन भर की सूचना भरत को सुनाते है,और रात भर राम और भरत के विरह ताप में हा राम हा भरत करते रात भर रोते है और फिर सुबह मुस्कुराते हुए सबको सांत्वना देते है। ये है दिव्य शत्रूघ्न जी का चरित्र।



# जब हम कहीं से निराश होते हैं, दुखी होते हैं ,तो ईश्वर और संत की शरण में चले जाते हैं-प्रोफेसर सानंद सिंह

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

बाबा कीनाराम जी की जयंती जन्मदिन समारोह के शुभ अवसर पर, गाजीपुर जनपद की तपोभूमि रामपुर माझा में एक समारोह का आयोजन स्थानीय भगवान कीनाराम जी के भक्तों के द्वारा आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेजेस गाजीपुर के प्रबंध निदेशक डॉक्टर सानंद सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि काशी हिंदू विश्वविद्यालय के आचार्य प्रोफेसर सदानंद शाही रहे कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर नंदलाल सिंह रसायन विज्ञान विभाग काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी रहे आज के इस कार्यक्रम का संचालन गाजीपुर जनपद के वरिष्ठ अधिवक्ता रामाश्रय सिंह ने किया । कार्यक्रम में राधा शंकर सिंह और अनेक स्थानीय जनप्रतिनिधि, भगवान के भक्ति और जनता जनार्दन माता बहनों की उपस्थिति विद्यार्थियों के साथ सराहनीय रही । ऐसे कार्यक्रमों में अघोर पंथ के गाजीपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता रणजीत सिंह सेवक से आयोजक के रूप में बने रहते हैं ।।आज अतिथियों के आगमन से लेकर के उनकी देखरेख में, सकुशल संपन्न हुआ ।। स्थानीय स्तर पर, अनेक विद्यालयों के बच्चे ने अपना रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया । आज के इस अघोर परंपरा के बौद्धिक आयोजन में ,,सर्वप्रथम अध्यक्ष उद्बोधन ,प्रोफेसर सानंद सिंह ने दिया । उन्होंने बताया की हमारे दुखों से मुक्ति का मार्ग संतों के सत्संग और आचरण से हमें प्राप्त होता रहा है । भारत के प्राचीनतम इतिहास की ओर हम नजर डालते हैं, तो अनेक संतों का आविर्भाव भारत की भूमि पर हुआ है ,जिन्होंने जनता को अपने संदेशों के माध्यम से उनकी पीड़ा को समाप्त किया है । मध्यकालीन संतों में गुरु गोरखनाथ से गुरु नानक देव जी कबीर दास जी ,सूरदास जी, मीराबाई रसखान तुकाराम, तुलसीदास, बाबा कीनाराम जी ने अनवरत जनता को मुक्ति का मार्ग दिया है । तत्कालीन मध्यकालीन समय में, मुगलों के शासन में जनता के दुख को कोई सुनने वाला नहीं था । क्योंकि सम्राट के अंतर्गत ही व्यवस्थापिका कार्यपालिका और न्यायपालिका की शक्ति थी राजा ही सब कुछ था ।ऐसे समय में जनता जब दुखी हो जाती थी ,तो सिर्फ उसके सामने संतों के चरण ही रहते थे बाबा कीनाराम जी ने अपने प्रभाव और चमत्कारों से जनता का विश्वास जीता और अपनी शरण में आए हुए सभी का उनकी समस्याओं का समाधान का रास्ता दिया ।भगवान कीनाराम जी एक ऐसे संत हुए हैं जो रामानुज संप्रदाय के बाबा शिवराम बाबा से दीक्षित होने के बाद कालूराम बाबा के अघोर परंपरा तक के जीवन से दीक्षित होते हैं ।। ऐसे संत जो भगवान विष्णु और भगवान शिव के दोनों रूपों को एकत्रित करते हैं । ऐसा अवसर विश्व के लिए यह पहला रहा होगा, आज के वर्तमान युग में तत्कालीन से समय समय से चली आ रही है परंपरा आज भी है कि जब हम कहीं से निराश होते हैं, दुखी होते हैं ,तो ईश्वर और संत की शरण में चले जाते हैं ।। मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर सदानंद शाही ने अघोर शब्द की परिभाषा से अपने उद्बोधन की शुरूआत की और उन्होंने यह बताया की बाबा कीनाराम ने जन गण मन की अशांति को ,अपने साधना पथ से मुक्ति प्रदान किया । अपने चमत्कारिक प्रभावों से जनता के दुखों को समाप्त किया । बाबा कीनाराम कहते हैं कि संतोष ही सुख सुख है ।भगवान और भक्ति में कोई फर्क नहीं है । भगवान ने भक्त को बनाया है और भक्तों ने भगवान को ।देश का किसान जो जमीन में अनाज पैदा करता है और उसे अनाज से सभी का जीवन चलता है । उसमें भी ईश्वरीय शक्ति है ।बाबा कीनाराम की वाणी आज के इस वर्तमान कालखंड में भी प्रासंगिक है ।जब मन की निराशा आगे बढ़ती है ,तो बाबा के दिखाए गए ,रास्ते और संदेश हमें शक्ति प्रदान करते हैं ।कार्यक्रम के विशिष्ट काशी हिंदू विश्वविद्यालय के आचार्य प्रोफेसर नंदलाल सिंह ने अपने उद्बोधन में अघोर परंपरा में संतो के द्वारा किए गए आचरण और संदेशों की जनता के बीच में चर्चा किया और यह बताया यह संत अपने प्रभावों के माध्यम से दुखी जनता की जीवन पर्यंत सेवा करके ईश्वरीय रूप में धरती पर कार्य किए हैं । अतिथियों का सम्मान कार्यक्रम के संयोजक रणजीत सिंह और स्थानीय अभिभावक के माध्यम से ,सभी को स्मृति चिन्ह और अंग वस्त्रम से किया गया और सभी ने प्रसाद ग्रहण करके बाबा का ईश्वरी आशीर्वाद प्राप्त किया ।



# राष्ट्रपति ने किया आयुष्मान भव अभियान का शुभारंभ, जिले की आनलाइन सहभागिता

*-बेहतर कार्य प्रारंभ*
*-सांसद ने जिलाधिकारी संग वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कार्यक्रम में किया प्रतिभाग*
*-समाज के आखिरी छोर पर खड़े व्यक्ति तक इसका लाभ पहुंचाना है जरूरी : सांसद*

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा 'आयुष्मान भव' अभियान के शुभारंभ का संजीव प्रसारण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने भाग लिया। जिले के डीपीएम आरबी यादव ने उपस्थित समुदाय को इस योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी । आयुष्मान भव अभियान के सजीव प्रसारण की समाप्ति के बाद सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने स्वास्थ्य विभाग कर्मचारियों एवं अधिकारियों संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के स्वस्थ भारत, समृद्ध भारत और सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास एवं सबका विकास के दृष्टिगत यह भारत के गरीब तबके के व्यक्तियों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण अभियान है। कहा कि प्रधानमंत्री ने देश के हर नागरिक को भरोसा दिया है कि कोई भी व्यक्ति पैसे के अभाव में इलाज से वंचित नहीं रहेगा।इस अभियान के माध्यम से समाज के आखिरी छोर पर खड़े व्यक्ति भी अपना इलाज करा सकेगा। सांसद ने कार्यक्रम में उपस्थित एसीएमओ से इस अभियान के सफल कार्यान्वयन के लिए और अधिक से अधिक इस योजना का लाभ लोगों तक पहुंचाने के लिए जिलाधिकारी से सलाह लेकर रोड मैप बनाने का निर्देश दिया। कहा कि आप लोग पूरी निष्ठा और लगन से कार्य करके हमारे जनपद को मॉडल जनपद के रूप में विकसित करें। आप लोग मोटे अनाज के प्रयोग के बारे में भी लोगों को जागरूक करें। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को लागू करवाना और लोगों को इन योजनाओं से ज्यादा से ज्यादा लाभन्वित कराना प्रशासन की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए जरूरी है कि आप जिस पद पर हैं, उसकी गरिमा समझते हुए पूरी लगन एवं निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। यही सच्ची देश सेवा है। यही अपने पद के साथ सच्चा न्याय भी है। उन्होंने सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त की तारीफ की और जनपद के अधिकारियों से अनुरोध किया कि इस अभियान को सफल बनाकर अपने जनपद को मॉडल जनपद के रूप में पेश करने का निर्देश दिया। इस कार्यक्रम में एसीएमओ/प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष जयप्रकाश साहू, बलिया नगर पालिका अध्यक्ष संत कुमार उर्फ मिठाई लाल और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।



**सांसद ने वितरित किया आयुष्मान कार्ड**

कार्यक्रम के समापन के बाद सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने पात्र लाभार्थियों को जैसे गुप्तेश्वर, अच्छे लाल, धनजी वर्मा, संतोष कुमार राय, इन्द्रासनी देवी और ममता देवी को आयुष्मान कार्ड देकर उनको शुभकामनाएं दी।

# ई-रिक्शा की कमान नाबालिगों के हाथ में दुर्घटनाओं की बढ़ी संख्या, प्रशासन मौन

**शकील खान, समाज जागरण**

सुरेमनपुर (बलिया) : क्षेत्र में फरार्टा भरने वाले अधिकांश ई-रिक्शा की कमान नाबालिगों के हाथो में दिखाई दे रही है। बिना लाइसेंस के यह चालक इस हल्के वाहन को तेज रफ्तार में दौड़ा रहे हैं। इससे लोगों की जान पर खतरा बना हुआ है। नाबालिगों के हाथों में स्टेयरिंग होने से शहर में ई-रिक्शा पलटने की कई घटनाएं पूर्व में हो चुकी हैं। लोगों की जान खतरे में डालकर फरार्टा भरने वाले ऐसे वाहन चालकों पर नजर पड़ने के बाद भी पुलिस उन्हें यातायात नियम बताना मुनासिब नहीं समझ रही है। बैट्री से चलने वाला ई-रिक्शा बेरोजगार युवकों के लिए रोजगार का माध्यम बन गया है। यही कारण है कि शहर में दर्जनों युवक ई-रिक्शा चलाते हुए दिखाई दे रहे हैं और लापरवाही पूर्वक उसे दौड़ा रहे हैं। यह चालक बिना इंडीकेटर जलाए ही अचानक वाहनों को जिस तरफ चाहे उस तरफ मोड़ दे रहे हैं, वहीं सवारियों के आवाज लगाने पर अचानक सड़क पर ही वाहन का ब्रेक भी लगा दे रहे हैं, जिससे आगे और पीछे से आने वाले वाहनों से टकराने का भय बना रहता है। इस वाहन में तीस किमी रफ्तार का मीटर लगा हुआ है, लेकिन चालक इसे हवा में उड़ा रहे हैं। इस वाहन की हालत यह है कि यह काफी हल्का है। तेज रफ्तार से चलने के दौरान अगर छोटे गड्ढे में भी इसका पहिया चला गया तो वाहन पलटने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। बावजूद चालक तेज रफ्तार से इसे दौड़ा रहे हैं। कई नाबालिग चालक छोटे-छोटे बच्चों को स्कूल ले जाने और छुट्टी होने पर घर पहुंचाने का कार्य भी कर रहे हैं। इससे बच्चों पर भी खतरा मंडरा रहा है। इसके पूर्व शहर में ई-रिक्शा पलटने की कई घटनाएं हो चुकी है।



**क्षमता से अधिक ढो रहे यात्री**

ई-रिक्शा वाले क्षमता से अधिक सवारी ढो रहे हैं। ड्राइवर सीट के पास कभी कभी दोनों तरफ यात्री बैठाए नजर आ रहे हैं। ऑटो की तर्ज पर कुछ यात्री तो ई-रिक्शा पर खड़ा होकर यात्रा करते देखे जाते हैं। कुछ ई-रिक्शा वाले तो यात्रियों की जगह माल भी ढोने लगे हैं। मसलन सब्जियों के गट्ठर, इलेक्ट्रॉनिक व अन्य सामग्री लोड कर गंतव्य स्थानों पर पहुंचा रहे हैं। सवारी या माल अधिक होने पर खतरे की आशंका बढ़ जाती है। लेकिन, कमाई के फेर में जान जोखिम में डाल रहे हैं।

**दोपहिया वाहन की जांच कभी कभी, पर ई रिक्शा की नहीं**

क्षेत्र में दोपहिया वाहनों की जांच कभी कभी की जा रही है। बिना फेस मास्क व हेलमेट या ट्रिपल लोड दो पहिया वाहन को देखते ही रोककर ट्रैफिक नियम को समझाने का एक सफल प्रयास किसी भी संबंधित अधिकारी द्वारा नहीं किया जा रहा है। इससे बहुत हद तक ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ती हुए भी नजर आ रहा है।

**कमाई के फेर में दुर्घटनाओं को आमंत्रण**

मोटर वाहन अधिनियम 1988 के तहत कोई भी 18 वर्ष से कम उम्र का व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर वाहन नहीं चला सकता। लेकिन, यहां तो कमाई के फेर में 18 वर्ष से कम उम्र के नाबालिग भी ई-रिक्शा चला रहे हैं। ऐसे चालकों की छानबीन नहीं किए जाने से परिवहन नियमों की धज्जियां उड़ रही है। ई-रिक्शा में पीछे चार लोगों के बैठने की जगह है। बावजूद इसके अधिक पैसा कमाने के चक्कर में चालक पीछे पांच से छह और अपनी सीट पर एक से दो लोगों को बैठाकर फरार्टा भर रहे हैं। अधिकांश ऐसा देखा जा रहा है कि आगे की सीट पर भी एक से दो सवारी के बैठने के दौरान चालक तिरछा होकर वाहन चला रहे हैं, जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

# मांगों के समर्थन में अधिवक्ताओं का हड़ताल जारी एसडीएम को सौंपा पत्रक

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के मुहम्मदाबाद तहसील में हापुड़ घटना के विरोध में बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के आवाहन पर सेंट्रल बार एसोसिएशन की बुधवार को बार परिसर में बैठक हुई बैठक में सर्वसम्मत से वृहस्पतिवार तक हड़ताल पर रहने का निर्णय लिया गया । सचिव धनंजय कुमार राय ने बताया कि मांग पूरी होने तक हड़ताल जारी रह सकती है।हापुड़ घटना को लेकर अधिवक्ताओं में काफी आक्रोश है अभी हमलोग वृहस्पतिवार तक हड़ताल पर रहेंगे और बार काउंसिल के निर्णय का इंतजार करेगे फिर आगे का निर्णय लिया जाएगा। अधिवक्ताओं ने उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के मांगों के समर्थन में सदस्यों ने हापुड़ जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के स्थानांतरण, अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू किये जाने ,हापुड़ की घटना में घायल अधिवक्ताओं को मुआवजा प्रदान किए जाने तथा दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किए जाने सहित पांच सूत्रीय मांगों को लेकर अधिवक्ताओं ने माननीय मुख्यमंत्री महोदय को संबोधित उपजिलाधिकारी मोहम्मदाबाद को पत्रक सौंपा ।इस अवसर पर प्रमुख रूप से सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल कुमार राय संयोजक आलोक कुमार राय पूर्व अध्यक्ष दयाशंकर दूबे रितेश कुमार राय जितेंद्र यादव पूर्व सचिव संजय कुमार राय कृष्णकुमार राय आनंद प्रधान आशुतोष राय मुन्ना यादव चंद्रप्रकाश राय अशोक तिवारी सहित काफी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।



# हिंदी दिवस की पूर्व संध्या संगीतमय काव्य गोष्ठी

*भारत की पहचान है हिंदी, शान-ए-हिंदुस्तान है हिंदी*
*-हिन्दी दिवस की पूर्व संध्या पर काव्य गोष्ठी*
*-जागरूक संस्थान के तीखमपुर कार्यालय पर हुआ आयोजन*

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : जागरुक संस्थान बलिया के तत्वावधान में हिंदी दिवस की पूर्व संध्या पर तीखमपुर स्थित कार्यालय पर संगीतमय काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात पंकज कुमार द्वारा मां सरस्वती की वंदना से कार्यक्रम की शुरूआत की गई। छोटेलाल प्रजापति द्वारा 'जो नजर चुराते हैं क्या नजर मिलाएंगे' से वाहवाही लूटी। डॉ नवचंद्र तिवारी ने हिंदी के महत्व को रेखांकित करते हुए सुनाया 'हर भाषा की जान है हिंदी/ जन -जन का अंदाज है हिंदी, जी ट्वेंटी में इसका जलवा/ जग में करती राज है हिंदी' सुनकर सभा करतल ध्वनियों से गूंज उठी। गोष्ठी की ऊंचाई देते हुए डॉ कादंबिनी सिंह ने 'नजर में तेरी हम जहां देखते हैं' ने उपस्थित जनों को झूमने पर विवश कर दिया। डॉ फतेहचंद बेचैन ने भी अपनी रचना 'हिंदी हिंद की भाषा है इसका हमें विकास चाहिए, अगर तिमिर बाधा बने... सुनाकर तालियां बटोरी। डा अरविंद उपाध्याय ने भजन प्रस्तुत का कार्यक्रम को रसमई बना दिया। कृष्ण यादव ने 'जिसके पास कुछ नहीं है उस पर दुनिया हंसती है। जिसके पास सब कुछ है उसे पर दुनिया जलती है। से करारा व्यंग्य किया। सुमित प्रसाद ने 'दासी नहीं अबला नहीं तू बिजली की धार है। कांपती है काल तुझसे ऐसी तेरी ललकार है' से सभा में जोश भर दिया। अंजलि, विनती, पायल व अयान ने भी अपनी रचनाओं से लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर बृजेश राय, आशुतोष सिंह, मृत्युंजय सिंह आदि थे। संचालन व आभार जागरूक संस्थान बलिया के सचिव अभय लाल कुशवाहा ने किया।



# सुरक्षित जगह शिफ्ट किए गए परिवारों को जल्द राहत सामग्री मुहैया कराए : डीएम

*-जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण*
*-विकासखंड मनियर के भोजपुरवा गांव के पास सरयू नदी से हो रहे कटान का लिया जायजा*

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ/ कृष्ण कुमार पांडेय, समाज जागरण**

बांसडीह (बलिया) : जिलाधिकारी रविंद्र कुमार बुधवार को मनियर विकासखंड के भोजपुरवा गांव के पास सरयू नदी से हो रहे कटान एवं वहां चल रहे कटानरोधी कार्यों का जायजा लेने पहुंचे। वहां पहुंचकर उन्होंने कटान की स्थिति का भौतिक सत्यापन कर बाढखंड के अधिशासी अभियंता और उप जिलाधिकारी को लोगों की सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बाढखंड के अधिशासी अभियंता ने बताया कि कटान वाले स्थान पर बंबू क्रेट विधि द्वारा बोरियों में ईंट भरकर कटान रोकने का प्रयास किया जा रहा है और लगातार कटानरोधी कार्य चल रहा है।बाढ़ विभाग की टीम 24 घंटे की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने अधिशासी अभियंता को निर्देश दिया कि ठोस कार्य योजना बनाकर कार्य करें ताकि गांव की बस्ती कटान की जद में आने से बच जाएं और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। जिलाधिकारी ने लोगों से बातचीत की। लोगों ने बताया कि कटान से प्रभावित सात परिवार के लोग दूसरी जगह पर अस्थाई रूप से रह रहे हैं। कटान से प्रभावित लोगों ने जिलाधिकारी से खाद्य राहत सामग्री और सुरक्षित जगह जमीन एवं पक्के मकान की मांग की। इस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि शाम तक सभी कटान प्रभावित लोगों को शासन स्तर से प्राप्त खाद्य राहत सामाग्री उपलब्ध करवाएं और खसरा खतौनी देखकर प्रभावित लोगों को जमीन मुहैया कराकर प्रधानमंत्री/ मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत सभी को पक्के मकान दिए जाएं। जिलाधिकारी ने लोगों को भरोसा दिलाया कि शासन स्तर से जो भी मदद होगी,वो हम करेंगे। बाकी प्रकृति से कोई नहीं जीत सकता। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी राजेश गुप्ता एवं बाढखंड के अधिशासी अभियंता संजय मिश्रा मौजूद थे।



# 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक भाजयुमो मनाएगी सेवा पखवाड़ा

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : भाजपा जिला कार्यालय पर भारतीय जनता युवा मोर्चा की बैठक बुधवार को हुई जिसमें भाजयुमो द्वारा सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक मनाने की योजना बनी। भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा 18 सितंबर को जिला अस्पताल में ब्लड डोनेशन का कार्यक्रम है। जिसमें प्रदेश



नेतृत्व द्वारा बलिया को 73 यूनिट ब्लड डोनेशन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम मे प्रवासी के रूप में आए भाजयुमो के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मनमोहन सिंह पप्पू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व ने तय किया है कि इस बार सभी जनपदों में 500 संकल्प पत्र बांटे जाएंगे। जिसमें इच्छुक रक्तदाताओं का विवरण होगा संकट के समय यदि किसी को रक्त की आवश्यकता होगी तो ब्लड डोनरों से संपर्क किया जा सकता है। भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने कहा कि युवा मोर्चा बलिया अपना कोई भी काम जुनून के साथ करता है, जिसमें बलिया का बागीपन दिखता है। इन कार्यकताओं के हौसलों को देखते हुए मैं निश्चित रूप से यह कह सकता हूं कि यह रक्तदान का शिविर पूरे प्रदेश में नंबर एक रहने वाला है। भाजयुमो जिला अध्यक्ष अश्विनी सिंह लिटिल ने कहा कि लोकप्रिय प्रधानमंत्री मोदी का नारा सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास और सबका विश्वास की जिस नीति पर चल रही है निश्चित तौर से भारत विश्व गुरु जल्द ही बन जाएगा । साथ ही अश्विनी सिंह ने आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष सुधीर मौर्य, आशुतोष तिवारी, आदित्य तिवारी, मंडल अध्यक्ष श्रवण चौहान ,प्रकाश पांडेय ,राहुल सिंह, जय यादव, साहिल सिंह ,नितेश सिंह, सुधीर कनौजिया आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो जिला महामंत्री व ग्राम प्रधान अर्जुन सिंह चौहान ने किया।

# चार महिलाओं सहित नौ पर दर्ज हुआ मुकदमा

**कृष्ण कुमार पांडेय, समाज जागरण**

बांसडीह (बलिया) : कोतवाली क्षेत्र के गांव हालपुर में जमीनी विवाद में कब्जेदारी और मारपीट के मामले में पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर पर चार महिलाओं समेत नौ लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। वादी चंद्रपाल सिंह निवासी नरायनपुर ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनकी हालपुर मौजे में स्थित आराजी में उनके विपक्षी द्वारा अवैध कब्जे का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में उनके द्वारा विगत 26 अगस्त को एसडीएम के आदेश पर तहसीलदार राजस्व निरीक्षक व लेखपाल द्वारा जमीन की पैमाइश कर चिन्हांकन द्वारा खूंटा गड़वाया गया और संबंधित व्यक्तियों को हिदायत दी गयी कि उक्त चिन्हांकन इसे कोई छेड़छाड़ नही करेगा। इसके बाद जब प्रार्थी दूसरे दिन मौके पर पंहुचा तो विपक्षी द्वारा खूंटा उखाड़कर चिन्हांकन को पूरी तरह नष्ट कर दिया गया है। इसके बारे में उनसे पूछने पर उन लोगों द्वारा एक राय होकर लाठी डंडे के साथ गाली गलौज करते हुए मारने को दौड़ा लिया। साथ ही वहां दोबारा आने पर जान से मारने की धमकी दी गयी। मामले में वादी चंद्रपाल सिंह की तहरीर पर पुलिस ने दूसरे पक्ष की चार महिलाओं समेत नौ लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस संबंध में इंस्पेक्टर बांसडीह योगेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि प्रकरण में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# मंजू मेमोरियल आईटीआई के कैंपस सलेक्शन में आफर लेटर पा गदगद हुए छात्र

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : मंजू मेमोरियल आईटीआई (पिपरा खुर्द) चितबडागांव के प्रांगण में बुधवार को 12वी पास, आईटीआई, डिप्लोमा, ग्रेजुएशन छात्रों के लिए



निः शुल्क कैम्पस सलेक्शन का आयोजन किया गया। जिसमें 150 छात्रों ने प्रतिभाग किया। कैम्पस सलेक्शन को आई अदानी ग्रीन एनर्जी कुल 65 छात्रों का सलेक्शन कर आफर लेटर दिया। इस अवसर पर कम्पनी की तरफ से आए अनुज चौरसिया, अंकित चौरसिया, प्रेम सिंह, दीपक सिंह प्राचार्य सूर्य प्रकाश तिवारी, आशुतोष श्रीवास्तव, काशीनाथ वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# चोरी की दो मोटर साईकिल संग पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कहा सदर कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई। पुलिस ने चोरी की दो बाइक के साथ दो को गिरफ्तार किया। पुलिस ने जमुआ बांध पर महर्षि भृगु शिक्षण संस्थान के पास से दो किशोरों को चोरी की दो बाइक के साथ पकड़ा। अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों को पुलिस ने न्यायालय के सिपुर्द किया।




# सिकन्दरपुर पुलिस ने तीन वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**रजनीश श्रीवास्तव, समाज जागरण**

बलिया : अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में स्थानीय पुलिस ने तीन वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष दिनेश पाठक ने मय टीम चेकिंग के दौरान वारंटी अभियुक्त बीरबल वर्मा, निर्मल वर्मा और .सुरेन्द्र वर्मा उर्फ गुड्डू पुत्रगण भोला वर्मा समस्त निवासी खरीद थाना सिकन्दरपुर को को उनके घर से गिरफ्तार किया। आवश्यक कार्रवाई के बाल अभियुक्तों को न्यायालय के सिपुर्द किया गया।



# मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने अपने शरीर के अंगों का किया दान

13 सितम्बर 2023 लखनऊ। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास




एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने "आयुष्मान भवः कार्यक्रम" के शुभारंभ के अवसर पर भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की प्रेरणा से अपने शरीर के सभी आवश्यक अंगों के दान देने की शपथ ली। उन्होंने बुधवार को मुजफ्फरनगर के जिला चिकित्सालय में अपने शरीर के अंगों को दान करने की सहमति देते हुए प्रमाण पत्र हासिल किया।

# बंद घर का ताला तोड़कर,चोरों ने लाखों रुपए के आभूषण किए चोरी।

**समाज जागरण ब्यूरो लखनऊ**

लखनऊ। पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के वृंदावन योजना सेक्टर 2सी में चोरों ने बंद घर का ताला तोड़कर लाखों रुपए के आभूषण चोरी कर ले गए। घर वापस लौटने पर घटना की जानकारी होने पर पीड़ित ने पीजीआई कोतवाली पुलिस को तहरीर दी, पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डॉ0 शिवलाल गुप्ता निवासी सेक्टर-2 सी / 98 वृन्दावन योजना-2 रायबरेली रोड थाना पीजीआई लखनऊ में रहते हैं। उन्होंने बताया कि बीते अगस्त की रात अपने पुत्र सौरभ गुप्ता के साथ जनपद मेरठ गया था। 12 सितंबर को सुबह अपने आवास पर वापस आया तो देखा कि, घर के अंदर का दरवाजा खुला हुआ था। और सारा सामान अस्त व्यस्त पड़ा था। घर में रखे सोने चांदी के कीमती जेवरात व अन्य घरेलू सामान अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। इंस्पेक्टर पीजीआई राणा राजेश कुमार सिंह ने बताया कि अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# ललौली पुलिस ने छः अभियुक्तों को दो ट्रेक्टर के साथ किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर .जिले के थाना थरियाव थाना कस्बा निवासी शिवशरण सिंह यादव के घर से तीन पहले रात में शातिर चोरों ने ट्रेक्टर ट्राली सहित लेकर फरार हो गए थे ।पीड़ित व्यक्ति ने इसकी सूचना पुलिस को लिखित प्रार्थना पत्र देकर ट्रेक्टर चोरी घटना से अवगत कराया गया।

वही पुलिस के लिए ट्रेक्टर चोरी जैसी घटना ने पुलिस को चुनौती बन गई



। इसके अलावा हसवा कस्बे के विजयभान सिंह सेंगर के घर एक टैक्टर गत दिनों पहले चोरों ने रात चुरा ले गए थे ।दोनों चोरियों के खुलासे के लिए पुलिस ने इस घटना को संज्ञान में लेते हुए छानबीन शुरू कर दिया। पुलिस के अथवा प्रयासों के बाद आखिर कार पुलिस के खास मुखबिर की सूचना पर थाना थरियाव पुलिस और ललौली पुलिस की संयुक्त टीम ने ललौली क्षेत्र के वाहिदपुर गांव समीप ईट भट्ठे में छापा मारी करते हुए 6 अभियुक्तों को पकड़कर पूछताछ किया गया। सभी अभियुक्त इस घटना में लिप्त पाए गए । जिसमे करण पासवान जो की ललौली कृष्णा नगर का रहने वाला इसके ऊपर कई थानों में अपराधिक मामले दर्ज पाए गए है। वही हसवा कस्बे से विजयभान सिंह सेंगर और थरियांव कस्बे से शिवशरण सिंह यादव आज ट्रैक्टर ट्राली पाकर मालिकों का खुशी का ठिकाना न रहा। और पुलिस के अधिकारियों और पुलिस के जवानों को अधिक से अधिक आयु तक जीवन रहने के लिए ईश्वर से मन्नत करते हुए देखा गया है। पुलिस अधीक्षक उदय प्रताप सिंह ने कहा कि मुखबिर के सूचना पर ललौली और थरियांव पुलिस ने पकड़े गए सभी अभियुक्त के खिलाफ कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया गया है।

# मारपीट् से घायल वृद्ध की इलाज के दौरान हुई मौत

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जिले के ललौली थाना क्षेत्र के कोर्राकनक गाँव निवासी मारपीट से घायल की एक बृद्ध की इलाज के दौरान मौत हो गई। जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार थानां क्षेत्र के कोर्राकनक गांव निवासी स्व. राम सेवक का 88 वर्षीय धर्मपाल इलाज की दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना स्थानीय पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही मृतक की पुत्री सूर्यकांता पत्नी शिशुपाल सिंह सेंगर, निवासी-म.नं. 73 छत्रसाल नगर, भोपाल मध्य प्रदेश ने पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती प्राथना पत्र देते हुए यह आरोप लगया है की मेरा भाई सुरजीत सिंह लंदन यू.के. में अपने परिवार के साथ निवास करता है। वह लंदन से मुंबई स्थित अपनी ससुराल डी-303. गौतम काम्पलेक्स, सेक्टर-11, बेलापुर मुंबई (महाराष्ट्र) में आया हुआ था। 25 जुलाई को शाम के लगभग 7.30 बजे फतेहपुर मेरे पिता के घर अपनी पत्नी नीता सिंह एवं अपने साले आनंद सिंह पुत्र नरेन्द्र प्रताप सिंह एवं भतीजा कुंवर सिंह पुत्र सत्वेन्द्र सिंह के साथ आया था। मेरे पिता घर के बाहर मोहल्ले के लोगो के साथ बैठकर बात कर रहे थे। मेरे पिता को पकड़कर घर के अंदर जबरदस्ती ले जाकर दरवाजा बंद कर लिया और इन लोगों द्वारा मेरे पिता के साथ मारपीट की गई। मारपीट से मेरे पिता बेहोश हो गये थे। मोहल्ले के कुछ लोगों ने दरवाजा खुलवा कर जब घर के अंदर जाकर देखा तो मेरे पिता बेहोशी के हालत में थे उनके सिर से खून बह रहा था। लोगों के आपत्ति किये जाने पर मेरे भाई सुरजीत सिंह मेरे पिता को श्री रामसनेही मेमोरियल हॉस्पिटल जीटी रोड में ईलाज के लिये भर्ती किया। जहाँ बीती देर शाम इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

# विदेशी आक्रांताओं को अपना आका मानने वालों के लिए भारत में कोई जगह नहीं: सीएम योगी

**– सीएम योगी ने छत्रपति शिवाजी महाराज राज्यभिषेक की 350वीं वर्षगांठ पर इंदौर में आयोजित कार्यक्रम को किया संबोधित**

**– सीएम योगी ने कहा– विकृत मानसिकता के लोगों को नहीं पसंद आ रही है प्रभु श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण की परंपरा**

**– बोले सीएम– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत दुनिया की एक महाशक्ति के रूप में उभरा है**



इंदौर/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विदेशी आक्रांताओं को अपना आका मानने वालों के लिए भारत में कोई जगह नहीं है। ऐसे विकृत मानसिकता के लोगों को प्रभु श्रीराम, भगवान श्रीकृष्ण, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी और गुरु गोविंद सिंह की परंपरा का सम्मान अच्छा नहीं लगता है। उन्होंने बिना नाम लिए विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत दुनिया की एक महाशक्ति के रूप में उभर रहा है। वहीं कुछ लोग ऐसे हैं जो भारत और भारतीयता पर प्रश्न खड़ा करके भारत की विरासत को अपमानित करने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं।

सीएम योगी ने बुधवार को छत्रपति शिवाजी महाराज राज्यभिषेक की 350वीं वर्षगांठ पर एमआई चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा का आवरण किया। उसके बाद जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने आज से 350 वर्ष पहले मुगलों के सबसे क्रूर और बर्बर शासक को चुनौती देकर हिंदवी साम्राज्य की स्थापना की थी। यही वजह है कि आज हम सब उसी श्रद्धा और सम्मान के साथ छत्रपति शिवाजी महाराज का पुण्य स्मरण कर गौरव की अनुभूति कर रहे हैं।

सीएम योगी ने कहा कि 17वीं सदी में शिवाजी महाराज ने लोक कल्याणकारी शासन सत्ता देकर राष्ट्रवाद को एक नई ऊंचाई तक पहुंचाने का कार्य किया था। उन्होंने कहा कि उनके इस शौर्य और पराक्रम को देखकर के उत्तर प्रदेश के महाकवि भूषण ने एक बात कही थी- "दावा द्रुम दंड पर, चीता मृगझुंड पर,'भूषन' वितुंड पर, जैसे मृगराज हैं"।

सीएम योगी ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज की गौरवशाली परंपरा पर सम्मान व्यक्त करने के लिए भारत की नौसेना ने उनकी निशानी को अंगीकार करते हुए उसे अपना प्रतीक चिन्ह बनाया है। यह प्रधानमंत्री मोदी के कारण संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की हमारी सरकार छत्रपति शिवाजी महाराज को सम्मान देते हुए आगरा में म्यूजियम बना रही है, जो शिवाजी महाराज के शौर्य पराक्रम के साथ ही साथ भारत के इतिहास के प्रति गौरव की अनुभूति कराएगा।

## 17 सितंबर को अद्भुत संयोग, एक-दूसरे की राशि में होंगे सूर्य और बुध, 6 राशि वालों के शुरू होंगे अच्छे दिन!

अयोध्या. वैदिक ज्योतिष शास्त्र में ग्रहों का राशि परिवर्तन करना महत्वपूर्ण माना जाता है. जब कोई ग्रह किसी राशि में परिवर्तन अथवा चाल बदलता है तो इसका प्रभाव सभी 12 राशियों पर देखने को मिलता है. लेकिन, इस बार आत्मा के कारक सूर्य और बुद्धि के कारक बुध ग्रह एक अद्भुत संयोग बना रहा हैं. ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक 16 सितंबर को बुद्ध सिंह राशि में मार्गी होने जा रहे हैं तो वहीं 17 सितंबर को सूर्य कन्या राशि में प्रवेश करेंगे. ज्योतिष शास्त्र में सूर्य को ग्रहों का राजा माना जाता है, जबकि बुध को ग्रहों का राजकुमार. ऐसे में राजा और राजकुमार का दोनों एक दूसरे की राशि में गोचर करेंगे, जिससे कुछ राशि के जातकों की किस्मत चमक सकती है.

# किशनपुर पुलिस टीम व पत्रकार टीम को व्यापारियों ने किया सम्मानित

**दैनिक समाज जागरण**
**अतुल बाजपेई**

किशनपुर ।फतेहपुर कस्बे में पिछले रविवार की देर रात अज्ञात चोरों द्वारा तीन दुकानों के ताले तोड़ करीब लाखों रुपए की चोरी की घटना अंजाम दिया गया था । जिसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 24 घंटे में चोरों को माल सहित गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर दिया था । जिससे खुश व्यापारियों ने घटना का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को सम्मानित किया है ।



बुधवार को किशनपुर थाना परिसर में व्यापार मंडल अध्यक्ष अनिल शुक्ला के नेतृत्व में व्यापारियों ने खुलासा करने वाली टीम को सम्मानित किया । कस्बे के रहने वाले अखिलेश अग्रवाल ने सबसे पहले थाना अध्यक्ष जेपी शाही को अंगवस्त्र व प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया । इसके तत्पश्चात पहाड़पुर चौकी प्रभारी शशिकांत सरोज व विजयीपुर चौंकी प्रभारी अखिलेश कुमार को भी अंगवस्त्र व प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया । इस प्रकार खुलासा करने वाली टीम के सभी पुलिसकर्मी को सम्मानित किया गया । कस्बे के रहने वाले अग्रवाल ऑटो पार्ट्स के मालिक अखिलेश अग्रवाल ने कहा कि पिछले दिनों हुई चोरी का पुलिस में 24 घंटे नहीं बल्कि मैच 8 घंटे में ही खुलासा कर दिया है जो सराहनीय है । पुलिस के इस कार्य से व्यापारी भय मुक्त हुए हैं और व्यापारियों में खुशी की लहर है ।वही इस दौरान मौके पर मौजूद व्यापार मंडल अध्यक्ष अनिल शुक्ला ने कहा कि पुलिस का कार्य सराहनीय रहा है । जिससे सभी व्यापारी भय मुक्त हैं और आगे भी पुलिस से ऐसी ही सहयोग की अपेक्षा रहेगी । इस दौरान व्यापारियों द्वारा छोटी बड़ी खबर को शासन प्रशासन तक पहुंचने वाले पत्रकार बंधुओ को भी प्रतीक चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया ।

इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष अनिल शुक्ला, अखिलेश अग्रवाल, अविरल अग्रवाल, राजा, पवन,अलोक अग्रवाल, कल्लू अग्रवाल समेत करीब आधा सैकड़ा व्यापारी व पत्रकार बंद मौजूद रहे ।

# हसवा ब्लॉक प्रमुख विकास पासवान ने आयुष्मान मेले का किया उद्धघाटन.

## मेले में पहुंचे 215 मरीजों की जांच करते हुए दवाएँ दी गई।

फतेहपुर..जिले के हसवा कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान भवः कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि हसवा ब्लॉक प्रमुख विकास पासवान ने फीता काट कर मेला का उद्धघाटन किया गया। इस मौके प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्साधिकारी डा. अनुपम कुमार सिंह ने ब्लॉक प्रमुख विकास पासवान को बुक देकर उनका स्वागत करते हुए सम्मानित किया गया। इस मेले शुभारंभ के अवसर पर हसवा ब्लॉक प्रमुख विकास पासवान ने कहा कि सरकार ने गांव गांव और शहर शहर में आयुषमान भवःतहत प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मेले अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 23 तक चलेगा । जिससे गाँव के महिलाओं और बच्चों को बृद्ध व्यक्ति लोगों को गाँव के नजदीक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के मेले में पहूंच कर हर तरह के मरीजों को




निशुल्क दवाएँ मिल जायेगी।

चिकित्सा अधिकारी डा. अनुपम सिंह ने बताया कि मेले में कुल मरीज 215 देखे गए। ब्लॉक के अंतर्गत 17 हेलथ एंड वेलनेस सेंटर सातों कुसुंभी, छिछनी उसरैना, बहरामपुर मुराव, सेमरा, खेसहन, एकारी, कोरासादत, टीकर, बदनपुर, औराई, वैसापुर,पर ग्राम प्रधान व जिला पंचायत द्वारा किया गया । जिसमे सेवाए, एनसीडी स्क्रीनिंग, बीपी, शुगर, डेंगू, मलेरिया, टी बी गर्भवती महिलाओं की जांच किया गया। और आयुषमन गोल्डेन कार्ड वितरण और लाभार्थियो को इस स्वास्थ कार्ड के फायदे बताएं गए.इस मौके पर डा.विनय कुमार, डा.शाबान, कैलाशनाथ, जावेद आलम (बीसीपीएम) हेमचंद्र चौधरी,, प्रेम कुमार चौधरी, प्रियंका , कुशल कुमार,कमलेश कुमार उपस्थिति रहे

# न्याय की उम्मीद लेकर पीड़ित व्यक्ति पहुंचा पुलिस अधीक्षक की चौखट पर

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर जनपद के थाना गाजीपुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मोहनपुर के मजरा कालूपुर गांव के फतेह बहादुर चौहान पुत्र भोला चौहान ने पुलिस अधीक्षक को एक तहरीर देते हुए बताया कि पीड़ित के पिता भोला चौहान पुत्र स्वर्गीय महगू के नाम लगभग ढाई बीघा भूमि धरी व मकान गांव में स्थित है पीड़ित के पिता वृद्ध व क्षयरोग से ग्रसित होने के कारण शारीरिक व मानसिक रूप से अत्यंत कमजोर है जहां उनकी सुनने और समझने की शक्तिक्षीण हो गई है। पीड़ित ने बताया कि उसके पिता का इलाज वह स्वयं करवा रहा है तथा मेहनत मजदूरी कर अपने पिता का इलाज कराने हेतु वह ड्30000 इकट्ठा किया था।जहां पीड़ित के चाचा रोशन लाल पुत्र महगू अत्यंत लोभी व चालाक किस्म का व्यक्ति है पीड़ित ने बताया कि वह उसके पिता को जबरन फतेहपुर



लिवाकर अपने नाम भूमि व मकान करवाना चाहता है जहां पीड़ित के पिता की शारीरिक व मानसिक रूप से कमजोरी का नाजायज लाभ उठाकर लालच बस उक्त लोग जाली और फर्जी ढंग से पीड़ित के पिता द्वारा अपने नाम बैनामा कराना चाहते है। पीड़ित के अनुसार जब उसने उक्त लोगों को मना किया तो वे लोग भद्दी भद्दी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़ित ने बताया कि दिनांक 11 सितंबर को समय करीब 10:00 बजे के आसपास रोशन चौहान व राममिलन चौहान तथा राम प्यारी पत्नी अज्ञात के पिता को बहला फुसलाकर नौगांव छावनी लेकर गए तथा पीड़ित के पिता से ड्30000 छीनकर वापस घर में छोड़ दिया जब पीड़ित समय करीब 7:00 बजे शाम उनसे पूछा तो पीड़ित को भद्दी भद्दी गालियां देकर लात घुसों से मारने लगे तथा पीड़ित को कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए अपने घर चले गए जहां पीड़ित ने बताया कि उनके पिता से जाली फर्जी ढंग से भूमि और मकान का बैनामा कराने से रोकने का आदेश जारी किया जाए तथा उक्त लोगों पर कठोरतम कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

वहीं संबंधित मामले को लेकर जब शाह चौकी इंचार्ज से दूरभाष के जरिए संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में आया है जांच की जा रही है।।

# पत्नी के मायके से ना आने के चलते तनाव में युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, हालत गम्भीर

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जिले के हथगांव थाना क्षेत्र के बंदीपुर गांव में एक युवक का अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर मतभेद चल रहा है। जिससे उसकी पत्नी उसको छोड़कर अपने मायके चली गई है। और वह ससुराल नही आ रही थी। पति ने मानसिक तनाव में आज घर के अंदर जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया। जिसकी जानकारी उसके परिजनों को हुई तो तुरंत उसको इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ केंद्र लेकर पहुंचे। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बंदीपुर गांव निवासी मो० उमर का 30 वर्षीय पुत्र मो० शादाब का अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर मतभेद चल रहा है। जिससे उसकी पत्नी रूठ कर अपने मायके चली गई है। और वह ससुराल नही आ रही थी जिसके चलते पति शादाब ने मानसिक तनाव में आज घर के अंदर जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया। जिसकी जानकारी उसके परिजनों को हुई तो तुरंत परिजन शादाब को इलाज के लिए हाथगांम सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने हालत गंभीर देखते हुए सरकारी एंबुलेंस से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं जिला अस्पताल पहुंचने पर ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर शादाब को भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

# पति-पत्नी के बीच हुए विवाद में पत्नी ने खाया जहरीला पदार्थ

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता
आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर। जिले की सदर कोतवाली क्षेत्र के धन्नापुर गांव में पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिसे क्षुब्ध होकर पत्नी ने घर के अंदर जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया। जिसकी जानकारी उसके परिजनों को हुई तो तुरंत उसको सरकारी एंबुलेंस से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के उधन्नापुर गांव निवासी शैलेंद्र और और उसकी 21 वर्षीय पत्नी सीमा देवी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया जिससे क्षुब्ध होकर पत्नी सीमा देवी ने घर के अंदर जहरीला पदार्थ खाकर अपने जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया। जिसकी जानकारी उसके परिजनों को हुई तो तुरंत परिजनों ने घटना की सूचना सरकारी एंबुलेंस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर महिला को भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

# मारपीट से घायल वृद्ध की इलाज के दौरान हुई मौत

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जिले के ललौली थाना क्षेत्र के कोर्राकनक गाँव निवासी मारपीट से घायल की एक बृद्ध की इलाज के दौरान मौत हो गई। जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार थानां क्षेत्र के कोर्राकनक गांव निवासी स्व. राम सेवक का 88 वर्षीय धर्मपाल इलाज की दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना स्थानीय पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही मृतक की पुत्री सूर्यकांता पत्नी शिशुपाल सिंह सेंगर, निवासी-म.नं. 73 छत्रसाल नगर, भोपाल मध्य प्रदेश ने पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती प्राथना पत्र देते हुए यह आरोप लगया है की मेरा भाई सुरजीत सिंह लंदन यू.के. में अपने परिवार के साथ निवास करता है। वह लंदन से मुंबई स्थित अपनी ससुराल डी-303. गौतम काम्पलेक्स, सेक्टर-11, बेलापुर मुंबई (महाराष्ट्र) में आया हुआ था। 25 जुलाई को शाम के लगभग 7.30 बजे फतेहपुर मेरे पिता के घर अपनी पत्नी नीता सिंह एवं अपने साले आनंद सिंह पुत्र नरेन्द्र प्रताप सिंह एवं भतीजा कुंवर सिंह पुत्र सत्वेन्द्र सिंह के साथ आया था। मेरे पिता घर के बाहर मोहल्ले के लोगो के साथ बैठकर बात कर रहे थे। मेरे पिता को पकड़कर घर के अंदर जबरदस्ती ले जाकर दरवाजा बंद कर लिया और इन लोगों द्वारा मेरे पिता के साथ मारपीट की गई।

# उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में आज जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला अध्यक्ष



राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में आज जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया जिसने शिक्षक दिवस की अवसर पर संजीव कुमार शर्मा जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद बदायूं को दोष पूर्ण भावना से निलंबित करने वाली जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बदायूं के विरुद्ध जनपद में तानाशाही एवं अनियमितता करते हुए भ्रष्टाचार मे लिप्त हैं स्वाति भारती की अनियमितता एवं तानाशाही का संगठन द्वारा विरोध किया जा रहा है जिसे होकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी निरंतर संगठन के पदाधिकारियों को अपमानित कर रही हैं जिसका राजीव शर्मा जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ जो कि कमपोजिट विद्यालय आरिफ पुर नवादा विकास क्षेत्र जगत में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत हैं 5 सितंबर 2023 को शिक्षक दिवस की अवसर पर झूठे एवं मनगढ़ अंतर लगा कर निलंबित किया गया बेसिक शिक्षा अधिकारी को शासनादेश एवं नियमों का ज्ञान नहीं है जैसे महत्वपूर्ण पद पर रहकर नियमों के अंतर्गत न करके मनमानी ढंग से कर रही हैं एक ही कार्य दिवस में संजीव कुमार शर्मा की विरुद्ध दो दो शिक्षक दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मुख्यमंत्री द्वारा एवं दिल्ली में महामहिम राष्ट्रपति द्वारा शिक्षकों को सम्मानित किया गया है इसके विपरीत स्वाति भारती द्वारा शिक्षक दिवस पर संजीव कुमार शर्मा को निलंबित करके संपूर्ण शिक्षक समाज को अपमानित किया गया है जिसे प्रदेश के सभी शिक्षक आक्रोशित हैं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही नहीं की जाती तो शिक्षक संघ के नेतृत्व में प्रदेश के शिक्षक 20 सितंबर 2023 से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय बदायूं में धरना देंगे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह महामंत्री विजय त्रिपाठी बलराम सिंह लाल देवेंद्र सिंह शिव प्रकाश गोतम अनुराग मिश्रा शैलेंद्र भगोरिया उमेश कुमार अखिलेश त्रिपाठी दिग्विजय सिंह सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# मामला न्यायालय में गोल्हौरा पुलिस बना रही सुलह का दबाव

## कप्तान साहब एक नजर गोल्हौरा पुलिस पर

**दैनिक समाज जागरण सुनील श्रीवास्तव**

सिद्धार्थनगर। जिले में आए दिन पुलिस का अजीबो गरीब कारनामा प्रकाश में आता रहता है ऐसा लगता है कि जिले की पुलिस पर तेज तर्रार पुलिस कप्तान व पुलिस उच्चधिकारियों का कोई अंकुश ही नहीं है। ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है। एक पीड़ित महिला का आरोप है कि मामला न्यायालय में बिचाराधीन होने के बावजूद भी पुलिस सुलह समझौते का दबाव बना रही है। अब देखिए क्या है मामला, गोल्हौरा थाना क्षेत्र के बनौली गांव की रहने वाली केसरी पत्नी शिवपूजन नाम की पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाया है कि उसके लड़के अनिल और बहू अनीता के बीच दहेज उत्पीड़न व अन्य मुकदमें माननीय न्यायालय में विचाराधीन हैं। इसके बावजूद भी गोल्हौरा थाने में तैनात बहुचर्चित सिपाही अखिलेश कुमार यादव पीड़िता के मोबाइल पर बार-बार फोन करके सुलह समझौते का दबाव बना रहा है। और धमकी दे रहा है कि यदि मामले को सुलह नहीं करोगी तो तुम्हारे पूरे परिवार के ऊपर गंभीर धाराओं में मुकदमा लिखकर जेल भेज दूंगा। एसओ साहब ने इस मामले को सुलह करवाने की जिम्मेदारी हमको दिए हैं। मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के बावजूद भी गोल्हौरा पुलिस जिस तरह से पीड़िता को गंभीर मुकदमें में जेल भेजने की धमकी दे रही है। यह बेहद शर्मनाक है। बताते चलें कि अभी हाल ही में त्रिलोकपुर थाने के दो वदीर्धारियों पर रिश्वत मांगने के आरोप में गाज गिरी है। अभी त्रिलोकपुर थाने का मामला ठंडा नहीं हुआ कि गोल्हौरा पुलिस बदनामी की लकीरों में कैद हो गई है। जब कि कानून के जानकार बताते हैं कि मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के बावजूद पुलिस सुलह समझौता नहीं कर सकती है। और यदि ऐसा करती है तो विधि के विरुद्ध माना जाएगा। सूत्रों के अनुसार ऐसा लगता है कि गोल्हौरा पुलिस न्यायालय में विचाराधीन मामले में न्यायालय से पहले अपना फैसला खुद सुनाना चाहती है। इस संबंध में एसओ गोल्हौरा बलजीत राव के सीयूजी नंबर 9454404233 पर संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन फोन नहीं लगा।

# चीफ जस्टिस श्री रमेश सिन्हा ने किया धमतरी जिला न्यायालय का औचक निरीक्षण

समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख /बिलासपुर। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश श्री रमेश सिन्हा ने बुधवार शाम को बरसते पानी मे धमतरी के जिला न्यायालय का औचक निरीक्षण किया। उनके द्वारा न्यायालय परिसर के समस्त कक्षों, पार्किंग, गार्डन, अधिवक्ताओं व पक्षकारों हेतु उठने-बैठने की व्यवस्था इत्यादि का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री.के.एल चरयाणी उपस्थित थे। न्यायालय की अधोसंरचना पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण में गार्डन, न्यायालय की अधोसरंचना, साक्षी कक्ष, किलकारी और दुग्धपान कक्ष का उचित रख-रखाव पाने पर तारीफ की और उचित रख रखाव हेतु निरन्तर प्रयास करने कहा। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं से भी चर्चा की व उनकी समस्याएं सुनी। मुख्य न्यायाधीश श्री सिन्हा ने बताया कि अतिरिक्त अधिवक्ता कक्ष की निर्माण की मांग से सम्बंधित प्रस्ताव उच्च न्यायालय से स्वीकृत होकर आवश्यक कार्यवाही हेतु राज्य शासन को भेजा जा चुका है। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने अधिवक्ताओं से कहा कि पक्षकारों को शीघ्र न्याय प्राप्त हो इस सम्बंध में सभी लोगो का पूरा प्रयास रहना चाहिए। जिले के जिला एवं सत्र न्यायाधीश के एल चरयाणी से लंबित प्रकरणों की जानकारी ली। पुराने प्रकरणों को भी प्राथमिकता के साथ निराकृत करने हेतु निर्देशित किया। मुख्य न्यायाधीश ने निर्देशित किया कि पुराने लम्बित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण का प्रयास किया जाए। औचक निरीक्षण में उनके साथ रजिस्ट्रार जनरल अरविन्द कुमार वर्मा तथा एडिशनल रजिस्ट्रार कम पीपीएस एम.टी. एल एन सुब्रहमन्यम, जिला प्रशासन की ओर से एडीएम जी आर मरकाम, एसएसपी मधुलिका सिंह भी उपस्थित रहे।



# शासकीय उचित मूल्य की दुकान जैतपुरी को निलम्बित करवाने सैकड़ों लोग पहुंचे बिलासपुर कलेक्ट्रेट

समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख मस्तूरी। जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत जैतपुरी के सैकड़ों निवासी राशन सम्बंधित समस्याओं को लेकर बिलासपुर कलेक्टर के जनदर्शन में बताया कि हितग्राहियों को ग्राम पंचायत जैतपुरी के शासकीय उचित मूल्य की दुकान संचालक- चंदा के अंजोर महिला स्वसहायता समूह जिसका आई.डी. नंबर 402002128 है, इनके द्वारा समस्त ग्रामवासियों का चांवल, शक्कर, नमक, पिछले 03 माह से किसी को खाद्यान्न का वितरण नहीं किया गया है। माह फरवरी 2023 में प्रत्येक हितग्राहियों के राशन कार्ड से 10-10 किलो खाद्यान्न काटा गया है, मई 2023 को चांवल, शक्कर, नमक का वितरण ही नहीं किया गया है, माह अगस्त 2023 में 250 हितग्राहियों से 15 दिन पूर्व अंगूठा लगवा लिया जाता है, और चांवल, शक्कर, नमक नहीं दिया जाता है। और ग्रामीणों द्वारा पूछने से उनके द्वारा जाओ मेरे उपर केस कर दो और जो करना है कर लो मैं किसी से नहीं डरता ऐसा संचालक के द्वारा सभी ग्रामवासियों को कहा जाता है। पूर्व में और भी कलेक्टर के समक्ष "इसी बात की शिकायत किया गया था, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुआ और संचालक धडल्ले से खाद्यान्न को बाहर बिक्री करता रहा है। ऐसा आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने बिलासपुर कलेक्टर से निवेदन किया है कि चंदा के अंजोर महिला स्वसहायता समूह जिसका आई.डी. नंबर 402002128 है को तत्काल निलम्बित करते हुए शासकीय संचालन किया जाये ताकि ग्रामवासियों को समय पर खाद्यान्न प्राप्त हो सके।



# अल्प प्रवास पर पहुंचे प्रभात झा,प्रेस वार्ता में कांग्रेस पर लगाये आरोप

## गुरुवार को जन आशीर्वाद यात्रा में भाजपा के कई बड़े नेता होंगे शरीक

**समाज जागरण**

उमरिया /सनातन पर हमला स्वम्‌ पर हमला है,ये भारतवासियों को समझना होगा,खास तौर से कांग्रेस गठबंधन को समझना होगा जिन्होंने अपना नाम आई.एन.ड़ी.ए रखा है ।जन आशीर्वाद यात्रा के एक दिन पूर्व मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता के दौरान पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवम चुनावी घोषणा पत्र के सहसंयोजक प्रभात झा ने उक्त बातें कही ।उन्होंने कांग्रेस पर दंश कसते हुए कहा कि हे ईश्वर हमे सदैव जन आशीर्वाद यात्रा निकालने की प्रेरणा और कांग्रेस को सदैव जन आक्रोश यात्रा निकालने की प्रेरणा देते रहना ।प्रेस वार्ता में शिवराज सरकार की योजनाओं का बखान करते हुए उन्होंने कहा कि शिवराज सरकार ने पूरे प्रदेश में सड़कों का जाल बिछा दिया है,आज गंतव्य तक पहुंचना बहुत सहज हो गया है ।उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सम्बल योजना,लाडली लक्ष्मी योजना बंद की,इसके अलावा कन्यादान योजना में मिलने वाली 51 हजार का वादा करके नही दिया, इसके साथ 2 लाख तक कर्जा माफ करने की बात भी कही थी,वो भी नही किया,इसके अलावा बेरोजगारों के लिए 4 हजार देने की बात भी कही थी,किसी बेरोजगार को नही मिला,कुल मिलाकर लिखित रूप से झूठ बोलने वालों से उमरिया की जनता को मैं सावधान करने आया हु ।अंत मे उन्होंने जन आशीर्वाद यात्रा में मीडिया के माध्यम से सभी को यात्रा में शामिल होने की अपील की ।प्रेस वार्ता में बांधवगढ विधायक शिवनारायण सिंह ने बताया कि जन आशीर्वाद यात्रा का स्वागत एवम अभिनन्दन पद्मश्री जोधईया बाई करेंगी ।उन्होंने वार्ता के दौरान मीडिया के माध्यम से जिले वासियों को यात्रा में शामिल होने अपील की है ।इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष दिलीप पांडेय ने जन आशीर्वाद यात्रा कार्यक्रम की पूरी जानकारी देते हुए कहा कि शिवराज सरकार की जन हितैषी योजनाओ का लाभ प्रदेश सरकार के मंशानुरूप प्रभावी रूप से आमजन को मिल रहा है ।हम सभी मिलकर जन आशीर्वाद यात्रा को सफल बनाएंगे ।प्रेस वार्ता के दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा,युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमित सिंह,वरिष्ठ भाजपा नेता धनुषधारी सिंह,ज्ञानेंद्र सिंह,दीपक छतवानी,नीरज चंदानी,राजेन्द्र कोल,संजय तिवारी मौजूद रहे।



# उदारवादी अधिकारी को हरियाली से है परहेज, उजाड़ दिये फूल पौधे

**पृष्ठ संख्या 1 की शेष भाग**

आईए अब आपको हम भगवान के मंदिर में भगवान की पूजा के लिए लगाए गए फूल पौधा को अतिक्रमण बताकर दलबल के साथ उखाड़ने वाले अधिकारी आई ओ डब्लू नंदकिशोर की कार्रवाई बताते हैं, शहडोल स्टेशन रोड में रोड के किनारे बने विपलेश्वर महादेव मंदिर के फेंसिंग से सटकर फूल पौधों का रोपण वहां के भक्तों के द्वारा भगवान की पूजा अर्चना को लेकर किया गया था जिसे आई ओ व नंदकिशोर साहब को फूल पौधे अतिक्रमण नजर आ रहे थे जिस पर साहब ने तत्काल करवाई सुनिश्चित कर फूल पौधों को उखाड़ फेंका जरा समझिए साहब की मानसिकता एक तरफ बड़े व्यापारियों को संरक्षित कर रहे हैं तो दूसरी तरफ पौधारोपण फूल पौधों को लगाने की जहां सरकार मुहिम छेड़ रही है वही भगवान की पूजा के लिए लगाए गए कुछ पौधों को साहब ने अतिक्रमण मान लिया। जहां अतिक्रमण और शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाया जा रहा है वहां साहब की कलम और नजर आखिर क्यों नहीं जा रही इसकी जांच रेलवे के उच्च स्तरीय अधिकारियों और विजिलेंस को करना चाहिए ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। वह इस मामले पर शहडोल के सहायक मंडल अभियंता पंकज कुमार ने कैमरे के सामने कुछ भी बोलने से मना कर दिया।




वहीं इस मामले पर एक नया मोड़ आया है जहां मंदिर के पुजारी ब्रह्मचारी आनंद कुमार दुबे मंदिर की 24 घंटे देखभाल के मददेनजर बगल से ही रेलवे के छोटे से कमरे में पिछले 25 सालों से अपने निवास और निस्तार के लिए रह रहे हैं आपको बता दे रेलवे कॉलोनी की छोटी काली बाड़ी कालीबाड़ी वेंकटेश मंदिर जैसे धार्मिक स्थलों में पुजारी के सापरिवार रहने की व्यवस्था बनी हुई है लेकिन आई ओ डब्लू नंदकिशोर ने मंदिर के फूल पौधों को उखाड़ फेंका तो दूसरी तरफ ठेकेदार मोहम्मद कुरैशी के मुंशी और लोग व्यक्तिगत दुर्भावना से पुजारी के रहने के उस कमरे को डिस्मेंटल करने का बिना नोटिस और जानकारी दिए बगैर जेसीबी लेकर धमकी चमकी के साथ तोड़ने पहुंच गए इस मामले पर पुजारी आनंद कुमार दुबे ने सिटी कोतवाली शहडोल में एक लिखित शिकायत दर्ज करते हुए ठेकेदार मोहम्मद कुरैशी पर जातिगत का भावना से प्रेरित होकर कार्रवाई करने का गंभीर आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज करने का आवेदन दिया गया है। रेल प्रशासन की जोन और डिविजन के आलाधिकारी की मनसा हमेशा से मानवीय संवेदना और जीरो टॉलरेंस की रही है लेकिन शहडोल स्टेशन और रेलवे कॉलोनी में अपनी सेवाएं दे रहे आई ओ डब्लू नंदकिशोर साहब अपने आला अधिकारियों की मनसा पर पानी फेरते दिख रहे हैं।

# भाजपा के गढ़ में सेंध लगाने कांग्रेसको जिताऊ प्रत्याशी की तलाश

शहडोल ।मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव मिशन 2023 के लिए आदिवासी बाहुल्य जिला शहडोल में दोनों पार्टियों का अभियान शुरू हो चुका है। शहडोल जिले में कुल तीन विधानसभा की सीटें है। तीनों ही सीटें अजजा के लिए आरक्षित हैं। इनमें से ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र सीधी जिला के निर्वाचन क्षेत्र में शामिल है। समय के साथ-साथ ब्यौहारी विधान सभा का मिजाज भी बदलता रहता है। कई दशक पूर्व इसी विधान सभा क्षेत्र के निर्वाचित विधायक पंडित रामकिशोर शुक्ल कांग्रेस के शासन काल में वित्त मंत्री भी बनाए गए थे। वे सियासत के मंझे हुये खिलाड़ी थे क्षेत्र में आज भी लोग उनका लोहा मानते हैं। बहरहाल समय का चक्र आगे बढ़ता गया 1990 के दौर में स्व. लवकेश सिंह जिन्हें क्षेत्र की जनता दादा भाई के नाम से आज भी संबोधित करती है उन्होंने इस क्षेत्र से जीत हासिल कर भाजपा का परचम लहरा दिया। वर्ष 1993 में पाडत रामकिशोर शुक्ला ने इस क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी से जीत हासिल करके फिर विधायक बने। वहीं वर्ष 1998 व 2003 में भाजपा के दिग्गज दादा भाई का रुतबा कायम रहा पूर्व मंत्री स्व. लवकेश सिंह के बाद यह सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हो गई तब वर्ष 2008 में भाजपा ने बली सिंह मरावी को अपना उम्मीदवार बनाया और वे चुनाव जीत गये। । शुरूआत के 15 माह कमलनाथ सरकार के कार्यकाल के • दौरान वर्तमान विधायक की कांग्रेस से नजदीकिया किसी से छिपी नहीं है। भाजपा जैसे ही सत्ता में आई विधायक ने अपना रंग बदल दिया। क्षेत्रीय विकास में इनकी क्या भूमिका बीते विस चुनाव 2018 में कुल मतदाताओं की संख्या 2 लाख 51 हजार 893 थी।

**तीसरे स्थान पर रही कांग्रेस**

भाजपा के निवर्तमान विधायक शरद कोल को 78,007 मत प्राप्त हुए। जबकि दूसरे नम्बर पर गोडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रत्याशी तेज प्रताप सिंह उड़के को 45, 557 मत प्राप्त हुये। वहीं कांग्रेस के उम्मीदवार रामपाल सिंहको 38,557 मतों से ही संतोष करना पड़ा। उधर बहुजन समाज पार्टी को महज 5004 मत से हासिल हुये। इस प्रकार पिछले आंकड़ों को देखा जाये तो इस विधान सभा क्षेत्र में बहुजन समाज पार्टी का बाफ निरन्तर गिरता गया और अचानक गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का ग्राफ बढ़ गया। गौरतलब है कि ब्यौहारी विधान सभा का लोकसभा क्षेत्र सीधी है ।वर्ष 2013 में कांग्रेस के रामपाल सिंह ने विजय हासिल की, लेकिन वे अपनी कोई खास पहचान जनता के बीच नहीं बनापाए। जिसके परिणाम स्वरूप 2018 के मतदाताओं ने अपना विधायक चुन फरियाद और उनकी समस्याएं संजीदगी चुनाव में भाजपा के शरद कोल को लिया। परंतु शरद कोल आम जनता केबीच कोई छापनहीं छोड़ पाए। इस विधानसभा सीट से जिला पंचायत सदस्य गुजरात सिंह के नाम की चर्चा भारतीय जनता पार्टी से हो रही है वहीं कांग्रेस पार्टी से दशरथ सिंह कुशराम का नाम चर्चा में है।

# बेहद खास है छत्तीसगढ़ का पारम्परिक त्योहार 'पोरा', जानें कब और कैसे मनाते हैं

जांजगीर चांपा. छत्तीसगढ़ का पारम्परिक त्योहार ह्लपोराह्व 14 सितंबर को बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया जाएगा. जिसकी तैयारियां पूरे प्रदेश में बड़े ही धूमधाम से की जा रही हैं. सीएम हाउस से लेकर गांवों तक इसकी धूम देखने मिल रही है. सदियों से चली आ रही इस परम्परा का महत्व आधुनिक काल के युवा आज भी नहीं समझ पाए हैं. इसके लिए बाजार में पूजा के लिए मिट्टी से बने नंदी, बैल समेत जांता चक्की व चूल्हा का सेट भी बिक रहा है.

# जनआशीर्वाद यात्रा का उमरिया जिला आगमन 14 सितंबर को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील : कुसुम

उमरिया/ भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती कुसुम सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि भाजपा प्रदेश संगठन के द्वारा निकाली जा रही जन आशीर्वाद यात्रा दिनांक 14 सितंबर 2023 को उमरिया जिले की बांधवगढ़ एवं मानपुर विधानसभा क्षेत्र पहुचने वाली है। उन्होंने बताया कि 14 सितंबर को जनआशीर्वाद यात्रा उमरिया जिले में सर्वप्रथम अमिलिहा प्रवेश करेगी इसके उपरांत मानपुर एवं विधानसभा बांधवगढ़ के ग्रामों में पहुचेगी। जहां जनआशीर्वाद यात्रा के तहत विशाल जनसभा को पार्टी के वरिष्ठ नेता संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा की भाजपा को शुरू से ही जनता जर्नादन का आशीर्वाद मिलता रहा है। जनता के आशीर्वाद के कारण ही प्रदेश में 20 वर्षों से से भाजपा की सरकार है और केन्द्र में १० वर्षों से भाजपा की सरकार है। उन्होंने कहा कि जनता का आशीर्वाद भाजपा को प्राप्त होता रहे, जिसके तहत जन आशीर्वाद यात्रा आगामी 14 सितंबर को उमरिया जिले में प्रवेश करेगी। सरल सौम्य मृदुभाषी भाजपा नेत्री कुसुम सिंह ने भाजपा की जनआशीर्वाद यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में पहुच कर जनआशीर्वाद यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने का विनम्र आव्हान की है।

# जन आशीर्वाद यात्रा में शामिल होने भाजपा कार्यकताओं सहित अपने समर्थकों सहित दो सैकड़ा गाड़ी के काफिले के साथ पहुंचे भाजपा नेता अजय शुक्ला

भाजपा के पक्ष में जनता का माँगा आशीर्वाद, यात्रा में शामिल होने चावल हल्दी देकर किया आमंत्रण

**समाज जागरण**

अनूपपुरः- शहडोल संभाग की विधानसभा क्षेत्र कोतमा जहा भाजपा से दावेदारों की लंबी चौड़ी कतार लग चुकी है लगभग एक दर्जन दावेदार टिकट के लिए दावेदारी प्रस्तुत कर रहे हैं आगामी मध्य प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में प्रदेश के मुखिया के अलावा केंद्रीय नेतृत्व ने जिम्मेदारी लेते हुए कुछ सीटों में उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है उसी कड़ी में कुछ मे बाकी है भारतीय जनता पार्टी की सरकार प्रदेश में कई योजनाओं के माध्यम से पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का कार्य किया गया है साथ ही लाडली बहन योजना का भी लाभ बहनों को दिया गया जिसमें केंद्रीय शीर्ष नेतृत्व सहित प्रदेश के नेताओं द्वारा बीते दिनों पहले जन आशीर्वाद यात्रा के माध्यम से सभी विधानसभा मे पहुंच कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं शीर्ष नेतृत्व के नेता जगह-जगह जन आशीर्वाद यात्रा का स्वागत कलश सर पर रखकर लाडली बहना सहित आम जनता फूलमाला से स्वागत कर रही हैं!



## उप यात्रा का किया गया आयोजन

कोतमा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के वरिष्ठ नेता अजय शुक्ला के नेतृत्व में कोतमा विधानसभा क्षेत्र के सभी गांव से भ्रमण करते हुए उप यात्रा आयोजित की गई ।उप यात्रा में कोतमा विधानसभा क्षेत्र के सभी नगरों एवं अलग-अलग गांव के सभी 202 मतदान केंद्रों से 2000 से भी ज्यादा संख्या में भाजपा कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों का एकत्रीकरण बिजुरी सब्जी मंडी ग्राउंड में दिनांक 12 सितंबर 2023 को दोपहर 2:00 बजे हुआ ।यात्रा में लगभग 300 से भी ज्यादा चारपहिया वाहन सम्मिलित हुए।

## नगर भ्रामण कर कार्यक्रम स्थल पहुंची यात्रा

इसके उपरांत यात्रा बिजुरी नगर के सभी मुख्य मार्गों से होते हुए बिजुरी नगर के हृदय स्थल हनुमान मंदिर चौक पर पहुंची ।जहां हनुमान मंदिर पर यात्रा में शामिल सभी 2000 लोगों ने सामूहिक चालीसा का पाठ किया ।हनुमान जी का आशीर्वाद लेकर यात्रा आगे बढ़ी जहां नगर वासियों एवं व्यापारियों ने पटाखे फोड़कर तथा पुष्प वर्षा कर यात्रा का अभूतपूर्व स्वागत किया ।रात्रि 9:00 बजे उपयात्रा बिजुरी नगर से कोतमा नगर के लिए प्रस्थान की,जहां कोतमा गांधी चौक में मुख्य सभा स्थल पर पहुंचकर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता झारखंड के वरिष्ठ नेता एवं सांसद निशिकांत दुबे जी का उद्बोधन सभी लोगों ने सुना एवं रात्रि विश्राम बिजुरी एवं कोतमा नगर में सामूहिक रूप से कार्यकताओं ने किया ।रात्रि में सांस्कृतिक संध्या का कार्यक्रम भी आयोजित हुआ।

## योजनाओं सहित जन आशीर्वाद यात्रा का किया गया स्वागत

दूसरे दिन दिनांक 13 सितंबर 2023 को सुबह सभी कार्यकर्ता कोतमा नगर के सभी वार्डों में विशाल वाहन रैली निकालकर यशस्वी प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री तथा भाजपा सरकार के द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी देते हुए जन आशीर्वाद मांगा गया ।तदुपरांत उपयात्रा ठाकुर बाबा धाम कोतमा में पहुंचकर यात्रा में सम्मिलित होकर पकरिया तिराहे पर गगन भेदी नारों के साथ तथा पुष्पवर्षा कर मुख्य यात्रा का स्वागत किया ।सोही बेलहा, भाद तिराहे से होकर आमाडांड, फुलवारी टोला, सेमरा, झिरिया टोला, बेलिया छोट आदि गांव में उपयात्रा पहुंचकर यात्रा का संदेश दिया। तथा अंत में पुनः दार सागर,बरबसपुर, होते हुए कोतमा विधानसभा के अंतिम छोर ग्राम पोंड़ी-चोड़ी तक सभी कार्यकताओं ने अजय शुक्ला जी के नेतृत्व में गगन भेदी नारों के साथ यात्रा को भव्य स्वरूप देने का काम किया गया ।सोन नदी पार कर यात्रा अनूपपुर विधानसभा क्षेत्र में प्रवेश कर गई।

## भाजपा मय हुआ माहौल

उपयात्रा के माध्यम से सभी गांव तथा नगरीय केंद्रों में भाजपामय माहौल व्याप्त हुआ ।यात्रा में मुख्य रूप से भाजपा पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व जिला महामंत्री बृजमोहन सिंह अनुसूचित जाति मोर्चे के जिला अध्यक्ष लक्ष्मी दास चौधरी,मण्डल उपाध्यक्ष मनीष मिश्रा सरपंच पकरिया, संतोष सिंह सरपंच भाद, सरपंच पोंड़ी चोंड़ी, एड राजेंद्र पाल सरपंच बेनीबहरा, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र त्रिपाठी पूर्व मंडल अध्यक्ष मुनेश्वर पांडे पिछड़ा मूर्ति के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह और मंडल अध्यक्ष सुरेश गौतम काश रजक सुनील गौतम आकाश रजक अमित शुक्ला तहजीब पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष नीलम सचिन जैन नगर पालिका बिजुरी कैलाश कोल मोहम्मद हुसैन, आदि अनेक कार्यकताओं का योगदान बढ़-चढ़कर रहा।

# हर माह वेतन के पड़े लाल है तो ऐसे में बीवी बच्चों को कैसे पाल साहब

*विनायक कंपनी के मनमर्जी का शिकार हो रहे मजदूर श्रम आयुक्त के नियमों को भी दिख रहा ठेका*

**समाज जागरण**

अनूपपुर/ अनूपपुर जिले का अमरकंटक ताप विद्युत गृह जो किसी न किसी मामले को लेकर सुर्खियों में बना रहता है विगत अगस्त माह में हुए मजदूर की दुर्घटना में हुई की मौत की गुथी अभी सुलझी नहीं थी कि अब ताप विद्युत ग्रह का एक और मामला सामने आया है जिस पर ताप विद्युत गृह के अंदर संचालित कार्यों में जो निदान निकल जाती हैं उसमें 33 प्रकार के नियम तो बनाए गए हैं लेकिन उन कॉलम को भरने के बाद ठेकेदार कॉलम में लिखी हेडिंग को भी भूल जाते हैं जैसे कि बताया जाता है कि श्रम आयुक्त इंदौर के द्वारा पत्र के माध्यम से आउटसोर्स में लगे कर्मचारियों को 7 से 10 तारीख के बीच में वेतन का भुगतान किया जाना सुनिश्चित किया गया था लेकिन ठेकेदार के अड़ियल रवैया के कारण आज श्रमिकों की यह स्थिति है कि किसी के पास घर में खाने के लिए राशन नहीं है तो किसी के पास बच्चों की फीस जमा करने के लिए पैसे नहीं है लेकिन विनायक कंस्ट्रक्शन के ठेकेदार के द्वारा हर मां मनमर्जी तरीके से वेतन का भुगतान किया जाता है कहीं 20 तो कहीं 22 तो कहीं 30 तारीख को वेतन का भुगतान करते हैं और मजदूरों के द्वारा जब कभी ठेकेदार से बात की जाती है तो उनके द्वारा बिल पास न होने का हवाला दिया जाता है परेशान मजदूर एक ओर जहां दुकानों में उधार लेकर अपने गृहस्ती चला रहे हैं तो वहीं कर्ज में भी डूबता जा रहे हैं उनकी सुनने वाला कोई नहीं जब इसकी सूचना संबंधित अधिकारियों से दी जाती है तो उनके द्वारा ठेकेदार को फटकार लगाते हुए केवल वेतन करने की बात कही जाती है लेकिन वेतन होता नहीं

**गाड़ी में नहीं तेल जमा नहीं कर पा रहे बच्चों की फीस सही समय पर नहीं मिलता वेतन**

ताप विद्युत गृह पे निविदा पर लगाए गए कर्मचारियों को समय से वेतन भुगतान न किए जाने के कारण उनकी हालत यह हो चुकी है कि अपने बच्चों की फीस जमा नहीं कर पा रहे हैं साथ ही ड्यूटी आने में भी उन्हें असमर्थता हो रही है जब में ड्ड1 ना होना एक लाचारी का सबक बन चुका है काम तो पूरा करते हैं लेकिन वेतन समय से ना मिलना उनके जीवन में एक पहले बना हुआ है जो आए दिन कहीं किराना दुकान वाला कहानी स्कूल के टीचर तो कहीं बैंक के व्यक्तियों के द्वारा चौखट में आकर वसूली की जाती है लेकिन मजदूर खाली हाथ कर भी तो क्या समय पर वेतन जो नहीं मिल पा रहा है।

# भाजपा सरकार आदिवासी एवं अन्य वनवासी वर्ग के अधिकारों का हनन कर रही है - डॉ एस पी एस तिवारी

**समाज जागरण**

अनूपपुर / वन अधिकार यात्रा को लेकर अनूपपुर पहुंचे मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वन एवं पर्यावरण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ एस पी एस तिवारी ने 13 सितंबर को जिला कांग्रेस कमेटी अनूपपुर के बैनर तले पत्रकार वार्ता वार्ता का आयोजन किया जिसने यात्रा के संयोजक एडवोकेट आसिफ इकबाल खान, कांग्रेस जिला अध्यक्ष रमेश सिंह, उपाध्यक्ष वासुदेव चटर्जी, मयंक त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे , प्रेस वार्ता के दौरान डॉ एस पी एस तिवारी ने बताया कि मध्यप्रदेश में प्रदेश के कुल मैगोलिक क्षेत्रफल का 30% वन क्षेत्र है। प्रदेश में 21% जनसंख्या आदिवासी समुदाय की हैं एवं 09 % जनसंख्या अन्य वनवासी भाई-बहनों की है। इस तरह 30% जनसंख्या आदिवासी एवं अन्य वनवासी भाई-बहनों की है, जिनकी आजीविका कहीं न कही वन एवं वनोपज पर निर्भर है। वर्तमान भा.ज.पा. सरकार आदिवासी / वनवासी भाई बहनों के हित में कोई काम न करते हुए इनके अधिकारों का हनन कर रही है।




मध्यप्रदेश में लगभग 20 लाख तेंदुपत्ता संग्राहक है एवं प्रतिवर्ष लगभग औसतन 20 लाख मानक बोरा तेन्दुपत्ता संग होता है एवं औसतन लगभग 1.200 करोड़ रुपये का तेन्दुपत्ता का व्यापार दशमन विभाग करता है तेन्दुपत्ता संग्राहकों की संग्रहण मजदूरी दर 3,000/- प्रति मानक बोरा है, जबकि छत्तीसगढ़ में 4,000/- प्रतिमाह बोरा है। कांग्रेस पार्टी मजदूरी दर बढ़ाने हेतु वर्तमान सरकार को लेख कर चुकी है परन्तु वर्तमान सरकार के द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया गया है। मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले में कूनो राष्ट्रीय उद्यान शेरों के लिए 100 करोड़ रुपये खर्च करके तैयार किया गया थी। गिरी से शेर यहां लाकर बसाए जाने थे। सर्वोच्च न्यायालय ने भी वर्ष 2013 में कूलों में गिरी से शेर लाकर बसाने के निर्देश दिए थे। परन्तु गुजरात की भाजपा सरकार ने राज हठ के चलते शेर कूनो के लिए नहीं दिए। आनन-फानन में पिछले वर्ष 17 सितम्बर 2022 को माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर नामीबिया एवं दक्षिण अफ्रीका से 20 चीता जो कैप्टिव ब्रीडिंग के थे लाकर कूनों में छोड़े गए। चूंकि भारत में पिछले 07 दशक से चीते नहीं हैं एवं विशेषज्ञ भी नही है साथ ही कूनों का आवोहवा भी चीता के लिए अनुकूल नहीं है फलस्वरूप भी मर चुके हैं एवं एक चीता नीरवा 10 दिन से गायब है। राजस्थान में मुकुद्धा में गीतों के लिए जंगल तैयार किया गया है परन्तु चूंकि वहां कांग्रेस शासन है, इसलिए केन्द्र सरकार जानबूझकर हठ में चीते वहां न भेजकर कूनो में भेजे। भोपाल से सटे रातापानी अभ्यारण्य में 70 से अधिक बाघ पाये गये हैं रातापानी अभ्यारण्य प्रोजेक्ट टाईगर के लिए अनुकूल है, परंतु भाजपा शासन में कई बार स्टेट वाइल्ड लाईफ बोर्ड में इस पर विचार हुआ, परंतु माननीय मुख्यमंत्री जी षिवराजसिंह चौहान जो कि बोर्ड के अध्यक्ष है, इसे सिरे से नकार दिया। इस तरह स्थानीय लोगों को टाईगर टूरिज्म से मिलने वाला रोजगार नहीं मिल पा रहा है।

# अजय पाल बने पाल समाज के संभागीय अध्यक्ष

शहडोल। अखिल भारतीय पाल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त शैतान सिंह पाल की अनुशंसा व राष्ट्रीय सचिव रवि शंकर पाल की सहमति पर पाल महासभा के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह पाल ने शहडोल निवासी अजय कुमार पाल को संभागीय अध्यक्ष का दायित्व सौंपा है। ज्ञात हो की अखिल भारतीय पाल महासंघ समाज की सबसे पुरानी सक्रीय संस्था है, और यह निरंतर समाज और राष्ट्र के उत्थान के लिए कार्य करती है। समाज के विभिन्न कार्यों के लिए संस्था समय-समय पर लोगों को विविध प्रकार के दायित्व देती है ।इसी क्रम में पाल महासभा ने शहडोल के ग्राम विचारपुर निवासी अजय पाल पिता गोपी किशन पाल को संभागीय अध्यक्ष बनाया है। अजय पाल समाज हित में निरंतर कई वर्षों से कार्य करते चले आ रहे हैं पाल समाज के अलावा भी इनके द्वारा सामाजिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर अपने दायित्वों का बाखूबी निर्वहन किया जाता है। इनके इस लगन और मेहनत को देखते हुए समाज ने भी दायित्व सौंपा है। संभागीय अध्यक्ष बनने पर पाल समाज के शहडोल जिला अध्यक्ष दिनेश राज पाल, उमरिया जिला अध्यक्ष छोटेलाल पाल, पूर्व जिला अध्यक्ष कृपाल पाल, कमलेन्द्र पाल, राम विशाल पाल, रामचंद्र पाल, शेष मानिपाल, हीरालाल पाल, गोपी किशन पाल,सहित समाज के पदाधिकारी व कार्यकताओं में हर्ष का माहौल है।



# बदनाम करने की साजिश रच कर अनावश्यक दबाव बना रहा भूमि स्वामी! राजा तिवारी

## झूंठी शिकायत पर भ्रामक खबर प्रकाशन कर छवि धूमिल करने का चल रहा कुत्सित प्रयास

जितेंद्र शर्मा शहडोल। अनूपपुर जिले के प्रतिष्ठित व्यवसायी राजा तिवारी ने अपने ऊपर लग रहे जमीन के सौदेबाजी में पैसा ना देने का खंडन करते हुए कहा कि उक्त जमीन मालिक बलदेव पाल लिखित अनुबंध पत्र के अनुसार पूरी जमीन का रजिस्ट्री नहीं कर रहा है जिसके कारण उसका 30 लाख रुपए रोका गया है और उसे पूरी जमीन की रजिस्ट्री करने और रुके हुए 30 लाख को ले जाने के लिए कई बार अपने अधिवक्ता द्वारा नोटिस भेजी जा चुकी है लेकिन वह जमीन रजिस्ट्री करने की जगह कुछ अराजक तत्वों के बहकावे में आकर मुझे बदनाम करने की साजिश रच रहा है जिसके कारण मेरी सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल हो रही है जबकि उसे जमीन की रजिस्ट्री करने और बाकी पैसा ले जाने के लिए अपने सम्मानित अधिवक्ता के द्वारा कई बार लिखित नोटिस दी जा चुकी है लेकिन भूमि स्वामी द्वारा अनावश्यक ज्यादा पैसा लेने के लिए दबाव बना रहा है।